


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मैं परिवहन निगम हूं... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 35, अंक 146, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 22 जून 2025




भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने को मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा...14

**आज का मौसम**

36.7° अधिकतम तापमान | 27.1° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 17
सूर्यास्त 07 :05

# तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापत्तनम में योगाभ्यास कर दिया देश-दुनिया को संदेश

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरुआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग एक पॉज बटन है जिसकी मानवता को आवश्यकता है, जिससे कि वे खुलकर सांस ले सकें, जीवन में संतुलन बना सकें तथा पुनः संपूर्ण बन सकें।

मोदी ने कहा कि मेरा दुनिया से अनुरोध है कि आइए, इस योग दिवस को मानवता के लिए योग के दूसरे संस्करण की शुरुआत का प्रतीक बनाएं जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग का सीधा-साधा अर्थ होता है जुड़ना और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरे विश्व को जोड़ा है। कहा कि योग सभी का है और सभी के लिए है। यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है कि धरती पर प्रत्येक इकाई का स्वास्थ्य परस्पर जुड़ा हुआ है। योग हमें इस परस्पर जुड़ाव के प्रति जागरूक करता है। मोदी ने कहा कि योग दुनिया को जोड़ता है और सिखाता है कि लोग अलग-थलग व्यक्ति नहीं हैं बल्कि प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि योग एक महान व्यक्तिगत अनुशासन है। साथ ही, यह एक ऐसी प्रणाली है जो हमें मैं से हम की ओर ले जाती है।



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### योगाभ्यास कर बना डाले 23 वैश्विक रिकॉर्ड

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां 3 .03 लाख लोग एकत्र हुए, जिससे एक ही स्थान पर सर्वाधिक लोगों द्वारा योगाभ्यास का विश्व रिकार्ड बना। कुल 23 वैश्विक रिकॉर्ड बनाए गए, जिनमें 21 वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और दो गिनीज रिकॉर्ड शामिल हैं। करीब 22,122 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार करके दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

### करो योग रहो निरोग का चहुंओर शोर

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार के पूरा प्रदेश योगमय नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करके योग के महत्व गिनाए। करो योग-रहो निरोग के शोर के बीच शहर से लेकर गांव तक योगाभ्यास को लेकर उत्साह दिखा।



योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मंच पर प्राणायाम करते हुए फोटो शेयर किया है। उधर, रालोद मुखिया व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ में योग करने के बाद कहा कि अच्छा योग करने वाले कार्यकर्ता को ही टिकट देंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सेंट्रल पार्क, समर विहार कालोनी, कैंट-2 लखनऊ में पार्टीजनों व स्थानीय लोगों के साथ योग किया। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य गाजियाबाद और ब्रजेश पाठक लखनऊ के योग कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। अम्बेडकर पार्क गोमतीनगर, लखनऊ में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह डॉ. आम्बेडकर को समर्पित योग शिविर में सम्मिलित हुए। इसी के साथ सभी जिलों में सरकार के मंत्रियों ने अफसरों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ योगाभ्यास करके पसीना बहाया। इस दौरान जगह-जगह योग शिविरों में भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री का विशाखापत्तनम से योग का लाइव प्रसारण और संबोधन भी सुना गया है।

## एक नजर

### एनडीए उम्मीदवार को अयोग्य ठहराए जाने पर एम्स दे अपनी राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके एक अभ्यर्थी को रक्त विकार के कारण चिकित्सीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिए जाने पर उसकी अर्हता के बारे में विशेषज्ञ राय प्रदान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड नियुक्त करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### बिहार और झारखंड में सात जगहों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 100 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में शनिवार को बिहार और झारखंड में सात स्थानों पर छापेमारी की। यह घोटाला फर्जी निर्यात बिल के जरिए जीएसटी का दावा करके अंजाम दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घोटाले में पटना के अतिरिक्त जीएसटी आयुक्त समेत पांच सीमा शुल्क अधिकारी मुख्य आरोपी हैं। सीबीआई ने पटना में दो स्थानों, पूर्णिया में दो तथा जमशेदपुर, नालंदा और मुंगेर में एक-एक स्थान पर छापेमारी की, जिसमें 100-100 ग्राम वजन की सोने की सात छड़ें बरामद हुईं। घोटाले का खुलासा तब हुआ जब 2022-23 के दौरान जयनगर, भीमनगर और भिट्ठामोर में भूमि सीमा शुल्क स्टेशन पर नेपाल को टाइल्स और ऑटोमोबाइल पार्ट्स के निर्यात में असामान्य वृद्धि देखी गई।

# एयर इंडिया के 3 अफसरों पर गिरी गाज

**अहमदाबाद हादसा**

● डीजीसीए ने सभी कार्य दायित्व से हटाने के दिए निर्देश

**मुंबई, एजेंसी**

विमानन सुरक्षा नियामक (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से गंभीर चूक के कारण उसके एक डिवीजनल उपाध्यक्ष सहित तीन अधिकारियों को चालक दल कार्य दायित्व से संबंधित सभी भूमिकाओं से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि डीजीसीए ने 20 जून को अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा।

डीजीसीए के आदेश के अनुसार, तीन अधिकारियों में एयरलाइन के एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल हैं।



एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसने नियामक के निर्देश को स्वीकार कर लिया है और आदेश को लागू कर दिया है। एयरलाइन ने शनिवार को कहा कि कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की सीधी निगरानी करेंगे। एयर इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक प्रथाओं का पूरी तरह से पालन हो। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा कि एयर इंडिया ने लाइसेंस और आराम संबंधी आवश्यकताओं में चूक के बावजूद विमान चालक दल की कार्यसूची और संचालन के संबंध में स्वैच्छिक रूप से गंभीर उल्लंघनों का खुलासा किया गया है। आदेश में कहा गया कि इन परिचालन चूकों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में चालक दल के कार्य दायित्व में उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और परिचालन प्रतिबंध सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निजीकरण के विरोध में बिजली महापंचायत आज

**लखनऊ।** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में 22 जून रविवार को राजधानी लखनऊ में बिजली महापंचायत होगी, जिसमें देश के प्रमुख ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मंच के शीर्ष पदाधिकारी शामिल होंगे। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि महापंचायत में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे हो रहे कथित मेगा भ्रष्टाचार पर चर्चा होगी।

# फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन

● चुनाव आयोग ने कहा-मतदाताओं की सुरक्षा भी होगी प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांगों के बीच, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से संबंधित चिंताओं का उल्लंघन होगा।

अधिकारियों ने दावा किया कि जो मांग एक तर्कसंगत अनुरोध के रूप में पेश की जा रही है, वह वास्तव में मतदाताओं की गोपनीयता और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के विपरीत है। अधिकारियों का कहना कि फुटेज साझा करने से किसी भी समूह या व्यक्ति द्वारा मतदाताओं की आसानी से पहचान की जा सकेगी, जिससे मतदान करने वाले मतदाता और मतदान नहीं करने वाले मतदाता दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी के जद में आ सकते हैं।

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम संख्या में वोट मिलते हैं, तो वह दल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान कर सकेगा कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं और उसके बाद मतदाताओं को परेशान किया या डराया जा सकता है।

निर्वाचन आयोग ने दुर्भावनापूर्ण विमर्श बनाने के लिए उसके इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ों के इस्तेमाल की आशंका के चलते, 30 मई को एक पत्र में राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि फैसले को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती है तो वे 45 दिनों के बाद ऐसे फुटेज को नष्ट कर दें।

### राहुल गांधी बोले-फिक्स है मैच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है जो लोकतंत्र के लिए जहर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देगा। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। कहा कि जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है।

### ललितपुर में हाईस्कूल टॉपर ने बड़ी बहन को काट डाला

**ललितपुर, एजेंसी।** ललितपुर में 10वीं कक्षा की जिला टॉप-10 लिस्ट में रही छात्रा ने बड़ी बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। दोनों बहनों में मूंगफली तोड़ने को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद दोनों ने कुल्हाड़ी से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को गंभीर चोट आई, बड़ी बहन की गर्दन कट गई। जानकारी होने पर परिजन दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बड़ी बहन को मृत घोषित कर दिया। जबकि छोटी बहन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला शनिवार शाम का मड़ावरा थाना क्षेत्र के पिसनारी गांव का है। गांव पिसनारी के भागवत राजा ग्राम कुर्रट स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षामित्र हैं। विद्यालय गांव से 5 किलोमीटर दूर है। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे उनकी बेटियां शिखा और मोनिका घर में खेत की बुआई के लिए मूंगफली का बीज छांट रही थीं। इसी दौरान दोनों में विवाद हो गया। गुस्से में दोनों ने एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई वार होने के बाद दोनों लहूलुहान होकर बेहोश हो गईं।

### आईपीएस अधिकारी के खिलाफ पॉक्सो केस

**दीफू।** असम की एक विशेष अदालत ने छह साल पुराने कथित छेड़खानी मामले में उप्र कैडर के 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव उपाध्याय के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।

कार्बी आंगलोंग स्थित यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश आर लाल ने आदेश में कहा कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ यौन हमले की दो घटनाओं को अंजाम दिया गया। इस घटना के समय आरोपी उस जिले के पुलिस अधीक्षक थे। अदालत ने कहा कि यौन हमले की पहली घटना दीफू में एसपी के बंगले में हुई, जबकि दूसरी घटना होटल के कमरे में हुई, जहां पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी।

# मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा

● ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सोनिया ने साधा निशाना, कहा-संवाद के लिए राजनयिक मंचों पर होने चाहिए प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के सैद्धांतिक रुख और मूल्यों को त्याग दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आवाज बुलंद करनी चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक मंच का उपयोग करना चाहिए।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अंग्रेजी दैनिक के लिए लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा कि ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हाल के दशकों में भारत और इजराइल के बीच भी रणनीतिक संबंध विकसित हुए हैं।

### तीन जेई निलंबित, सहायक अभियंता को दी गई नोटिस

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ-परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से जम्हौरा नाले पर बन रहे लघु सेतु की स्लैब ढह जाने के मामले में लोक निर्माण विभाग चित्रकूट के तीन अवर अभियंताओं को निलंबित किया गया है। प्रभारी सहायक अभियंता श्यामलाल को नोटिस दी गई है। ठेकेदार को भी ब्लैक लिस्ट किए जाने की तैयारी है।

निलंबित किए गए अवर अभियंताओं में सिंधु राज, महेश यादव और प्रबल प्रताप सिंह हैं। गौरतलब है कि जम्हौरा नाले की एक स्पान पर मंगलवार को लिंटर डाला गया था और सुबह होते-होते यह ढह गया था।

# इंडिगो की फ्लाइट की हुई बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग

● गुवाहाटी से चेन्नई को जा रहे विमान में कम हो गया था ईंधन
● पायलट ने फ्यूल मेडे की कॉल देकर मांगी लैंडिंग की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडिगो एयरलाइंस के गुवाहाटी से चेन्नई जा रहे एक विमान को शनिवार सुबह ईंधन की कमी के कारण विशेष परिस्थिति में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा।

एयरलाइंस के सूत्रों ने बताया कि विमान में ईंधन भरने के बाद नए चालक दल के साथ दो घंटे बाद विमान चेन्नई रवाना हुआ। सूत्रों ने बताया कि विमान को करीब 07 बजकर 40 मिनट पर चेन्नई पहुंचना था लेकिन हवाई अड्डे पर उड़ानों की भीड़ होने के कारण उसे उतरने की अनुमति नहीं मिली। इस दौरान विमान का ईंधन कम हो गया। पायलट ने विमान को बेंगलुरु हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया और वहां उसने 'फ्यूल मेडे' (ईंधन संकट) की कॉल देकर तुरंत उतरने की इजाजत मांगी जिसके बाद एयरबस विमान को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सवा आठ बजे सुरक्षित उतार लिया गया। विमान में ईंधन भरने में करीब दो घंटे लगे जिसके बाद विमान नए चालक दल के साथ चेन्नई के लिए प्रस्थान कर गया।

# भूमि विकास बैंक अब छह प्रतिशत ब्याज पर देगा 6 लाख तक का लोन

● सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर बोले-जल्द जारी होगा शासनादेश

**राकेश शर्मा, बरेली**

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंकों को घाटे से निकालकर सौ करोड़ रुपये के फायदे में लाने वाले सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा है कि भूमि विकास बैंक की ब्याज दर जल्द कम होगी। किसानों को छह लाख रुपये का ऋण छह प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति जता दी है। जल्द शासनादेश भी जारी हो जाएगा।

प्रदेश में इस बैंक की 323 शाखाएं हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कहा कि इससे सिंचाई, बागवानी, कृषि उपकरण खरीदने और पशुपालन जैसी गतिविधियों के लिए ऋण लेने वाले हजारों किसानों को फायदा होगा।



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सर्किट हाउस में अमृत विचार से विशेष बातचीत में बरेली के प्रभारी मंत्री एवं सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि भूमि विकास बैंक अभी किसानों को 11 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर ऋण दे रहा था। इसकी वजह से किसान ऋण समय पर चुका नहीं पा रहे थे। कई अन्य बैंकों की ब्याज दर का अवलोकन करने के बाद सबसे कम ब्याज पर भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण देगा। साधन सहकारी समितियों का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। सहकारी समितियां अब 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट दे सकती हैं। इससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। बंद चल रहीं 4500 समितियों को भी चालू कराया है। प्रदेश में लागू की गई 10-10 लाख कैश क्रेडिट लिमिट की स्कीम को नाबार्ड ने सराहा है और देशभर में लागू कराने की तैयारी में है।

# लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन होगी बारिश

## कई जिलों में तेज हवाएं चलने और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग का कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य में छिटपुट बारिश और बादलों की आवाजाही से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है, मगर उमस भरी गर्मी से हर कोई बेहाल दिखा। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिनों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है। चेतावनी दी है कि कई जिलों में भारी वर्षा के साथ तेज आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

मानसून प्रदेश के 56 जिलों में पहुंच चुका है, 24 घंटे में 19 और जिलों तक पहुंच जाएगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पूर्वी इलाके में लगातार बारिश हो रही है। पूर्वांचल के कई जिलों में 24 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दो दिनों से हो रही बारिश और बादलों की आवाजाही के बीच अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लखनऊ समेत 65 जिलों में अगले पांच दिन यानि 26 जून तक भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवा भी चलेगी। साथ ही कई जिलों में बिजली और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।



### चलेंगी 40-50 किमी की गति से तेज हवाएं

22 से 26 जून के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है। झांसी में दिन का पारा रिकार्ड 28 .7 सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। लखनऊ का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस और रात का 25 डिग्री रिकार्ड किया गया। भीषण गर्मी झेलने के बाद अब लोगों को काफी राहत मिल रही है। यह सिलसिला अगले पांच-छह दिनों तक जारी रहेगा।

### बारिश से प्रदेश में घट गई बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून आने से बिजली की मांग में कमी आ गई है। पिछले दिनों जहां बिजली की अधिकतम मांग 31 हजार मेगावाट पार कर गई थी, वहीं अब यह घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 27,021 मेगावाट दर्ज हुई। देर शाम के वक्त औसतन मांग 27,758 मेगावाट हो रही थी। सूत्रों ने बताया कि मांग घटने के कारण एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कम हो गया है। भीषण गर्मी से बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट पार कर जाने की संभावना थी, पर बारिश के कारण मांग यह आंकड़ा छू नहीं सकी।

## एक नजर

### परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर आगामी सितंबर माह में जीएनएम, एएनएम व पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षणों की होने वाली मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गयी है, शुल्क जमा न होने की स्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह निर्देश उप्र .स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने शनिवार को जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि नर्सिंग कॉलेज व प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्रों की मुख्य वार्षिक परीक्षाएं आगामी सितंबर माह में आयोजित होंगी। साथ ही सचिव ने बताया कि शुल्क यदि एनईएफटी व आरटीजीएस चालान के माध्यम से जमा करना हो तो 15 जुलाई शाम पांच बजे तक चालान माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा।

### अगले वर्ष की काउंसिलिंग से 12 छात्र प्रतिबंधित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट पीजी काउंसिलिंग 2024–25 में स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों की धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी, साथ ही आगामी नीट पीजी 2025–26 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड की काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले नौ अभ्यर्थियों की सूची जारी करते हुए दिए हैं। साथ ही दंत संकाय में दाखिला न लेने वाले तीन अभ्यर्थियों की भी सूची प्रकाशित कर अगले शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

### एमबीबीएस डॉक्टरों को सीएमओ के पास देनी होगी ज्वाइनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) में अनिवार्य सेवा बांड के तहत नियुक्ति पाने वाले नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां ज्वाइनिंग देनी होगी। अन्य सभी को चिकित्सा संस्थान व संबंधित मेडिकल कॉलेज में समस्त प्रपत्रों के साथ ज्वाइनिंग देनी होगी। उक्त निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि अनिवार्य सेवा बांड के तहत सभी को काउंसिलिंग के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए तैनात किया गया है। यह तैनाती उन्हें चिकित्सा विश्वविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी में दी गयी है। महानिदेशक ने बताया कि नियुक्ति पाए समस्त चिकित्सकों को संबंधित संस्थान के कार्यालय में अपने समस्त मूल प्रपत्रों के साथ उपस्थित होकर ज्वाइनिंग देनी होगी।

# योग के जरिए गंभीर रोगों से मुक्ति संभव : राज्यपाल

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : राजभवन में राज्यपाल समेत एक हजार लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के तहत राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल समेत एक हजार लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में विशाखापतनम में हुए योग समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि योग के माध्यम से गंभीर रोगों से मुक्ति संभव है।


11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

सुबह 6 बजे से राजभवन के बड़े लॉन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्वयं योग साधकों के साथ प्रतिभाग किया और योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है। कार्यक्रम में आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, महानिदेशक आयुष मानवेन्द्र सिंह आदि शामिल हुए।

### योग अब वैश्विक चेतना का हिस्सा : दयाशंकर

**अमृत विचार :** आयुष एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भारत की सनातन विद्या, परंपरा और विरासत को सम्पूर्ण विश्व ने सहर्ष स्वीकार किया है। योग अब केवल भारत की पहचान नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुका है। योग को शरीर और आत्मा के मध्य सेतु बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की प्रक्रिया है।


आगरा में सामूहिक योगाभ्यास करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

### योग स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग : जयवीर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, आगरा के एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को प्रात: आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री जयवीर सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को स्वस्थ जीवन शैली का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने सभी से नियमित योग करने का सुझाव दिया। 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगरा में कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री ने कहा, योग केवल व्यायाम भर नहीं, बल्कि यह तन, मन और आत्मा की एकता का साधन है। योग की उपयोगिता आज पूरी दुनिया में स्वीकार की जा रही है। उन्होंने कहा कि योग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम गौतमबुद्ध नगर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति न बने पढ़ाई में बाधा : मुख्यमंत्री

## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों को दिए निर्देश


गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की समीक्षा बैठक में कहा कि संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का वाहक बनाएं। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। समय का पालन पहले स्वयं पर लागू करें संस्थाध्यक्ष, फिर सभी पर। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित प्रभारी को प्रतिदिन संपूर्ण परिसर का एक चक्कर जरूर लगाना चाहिए, ताकि वह अपने प्रभार से संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित कर सकें। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 को भव्य तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

### प्रार्थना सभा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश में हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम योगी जुलाई से प्रारंभ हो रहे शैक्षिक सत्र की तैयारियों की भी जानकारी ली और कहा कि 1 जुलाई को विद्यालय खुलने पर विद्यार्थी जब प्रवेश करें तो उन्हें विद्यालय नया तथा परिसर स्वच्छ, सुंदर दिखना चाहिए। सीएम ने प्रार्थना सभाओं को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे सकारात्मक, आध्यात्मिक और प्रभावपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है।

### श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर में लंबित मामले अधिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन विभाग ने 1 जनवरी 2025 से 10 जून 2025 की अवधि में डीएल नवीनीकरण आवेदनों की समीक्षा की। कुल 4,05,661 आवेदन में से 4,02,524 (99.23 फीसदी) का समयबद्ध निस्तारण हुआ। हालांकि श्रावस्ती, गोंडा और बलरामपुर जैसे जिलों में लंबित मामलों की दर अपेक्षाकृत अधिक रही है।

परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि श्रावस्ती में 5.67 फीसदी (547 में 31 आवेदन), गोंडा में 5.37 फीसदी (2,921 में 157 आवेदन) और बलरामपुर में 4.85 फीसदी (1,299 में 63 आवेदन) लंबित रहे। संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा

**अमृत विचार :** जल संकट से निपटने और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य में 16 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो गए हैं। इस अभियान में गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां 735 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया। महराजगंज में 600 से अधिक व प्रयागराज में 523 अमृत सरोवर बनाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। आजमगढ़ और बाराबंकी भी टॉप फाइव जिलों में शामिल है।

सरकार ने जल निकायों के विकास में समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की। गांववासियों, पंचायतों और स्थानीय संगठनों की मदद से यह पहल जमीनी स्तर पर उतरी। इससे जल संरक्षण का यह अभियान एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले सका। जल संरक्षण की इस योजना ने ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराया। तालाबों की खुदाई, सौंदर्यीकरण और रखरखाव में महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह अभियान केवल जल प्रबंधन नहीं बल्कि आजीविका का साधन भी बना।

### वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े 1,66,000 से अधिक कार्य पूरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में योगी सरकार ने 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन 2025' के तहत उपलब्धियां दर्ज की हैं। 22 मार्च से 13 जून 2025 के बीच कुल 1,66,000 से अधिक जल-संरक्षण कार्य या तो पूर्ण हो चुके हैं या प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह अभियान सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन-भागीदारी से जन-जागरूकता का पर्याय बन गया है।

जल संचयन, वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरोद्धार और वनरोपण जैसे अनेक कार्यों से जल संचयन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं।

# सलाहकार कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

## ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ग्रांट थॉर्नटन कंपनी पूर्व में दे चुकी है गलत रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण पर सलाह देने वाली ब्रिटेन की निजी कंपनी ग्रांट थॉर्नटन चर्चित विजय माल्या की किंग फिशर पर गलत रिपोर्ट दे चुकी है। राज्य विद्युत नियामक आयोग की अंतरिम रिपोर्ट में वित्तीय खामियों के बाद सलाहकार कंपनी की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच, बताया जा रहा है कि नियामक आयोग सरकार को जल्द ही वृहद रिपोर्ट पेश करेगा।

निजी कंपनी के मसौदे में खामियां बताते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि विवादित सलाहकार कंपनी ने विजय माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस कंपनी का मूल्यांकन बढ़ा-चढ़ाकर 3406 करोड़ बताया था, जबकि ब्रांड फाइनेंस ने इसका सही मूल्यांकन 1911 करोड़ किया था। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी व उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने उन वरिष्ठ अधिकारियों को चिन्हित किया जाय, जिनके जरिये देश के निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्ति को कम आकलित किया गया और टेंडर के मसौदे पर नियामक आयोग से सहमति लेने की कोशिश की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

### कम आंका ऊर्जा निगमों की संपत्ति को

**अमृत विचार :** उपभोक्ता परिषद का कहना है कि निजी सलाहकार कंपनी के जरिये पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की संपत्ति को कम आंका गया है। निगमों का इक्विटी शेयर कैपिटल लगभग 53,886 करोड़ है। सलाहकार कंपनी ने इक्विटी कैपिटल शेयर के आधार पर ज्यादातर इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में कन्वर्ट कर मात्र 6000 से 7000 करोड़ की इक्विटी को आधार बनाया और प्रस्तावित पांच नई बिजली कंपनियों की अधिकतम रिजर्व विद प्राइस लागत 1300 से अधिकतम 1600 करोड़ बताया। इक्विटी के आधार पर इसका मूल्यांकन निकाला जाय तो कम से कम एक–एक नई बिजली कंपनी की रिजर्व विद प्राइस 3500 से 4000 करोड़ से कम नहीं होनी चाहिए। निगमों की जमीन की कीमत कई अरब है। दोनों बिजली कंपनियों की एक लाख करोड़ से ज्यादा की कुल सम्पत्ति है।

# थाने के सामने हो रही हत्या : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं। प्रदेश में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं। गाजियाबाद में एफआईआर लिखाने गए व्यक्ति की हत्या हो गयी। महिलाएं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही हैं।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कन्नौज में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस वसूली करते पकड़ी जा रही है। हर जिले से वसूली और भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश के टॉप-टेन माफिया की सूची तो जारी नहीं की। कम से कम इन्हें जिलों के ही टॉप-टेन माफिया की सूची जारी कर देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सपा प्राथमिक स्कूलों को बंद करने और उनके मर्जर के खिलाफ है। बच्चे और बच्चियां दूर के स्कूलों में कैसे पहुंचेंगे। जब स्कूल खोले गये थे तब उद्देश्य था कि गरीब परिवारों के बच्चे आसानी से स्कूल पहुंच जाएं। भाजपा जानबूझकर स्कूलों को बंद कर गरीबों से शिक्षा छीनना चाहती है।

# औद्योगिक भूखंड आवंटन की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन से धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान मंजूर
- शुरुआती चरण में दो सेक्टर में लगेंगे उद्योग, अडानी ग्रुप ने भी मांगी है जमीन



**अमृत विचार :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस की कनेक्टिविटी होते ही गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित होने वाले धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी तेज कर दी है। इस बीच शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया है। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया सप्ताह भीतर शुरू होने की उम्मीद है।

बीते 8 साल में योगी सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों, प्रोत्साहन और लगातार सुदृढ़ हुई रोड कनेक्टिविटी से गोरखपुर निवेशकों को खासा पसंद आया है। धुरियापार क्षेत्र के 17 गांवों को भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचित किया गया। वर्तमान में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और अब तक 600 एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस इस इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए गेम चेंजर साबित होने जा रहा है। एक्सप्रेस कनेक्टिविटी के नजदीक होने के चलते इंडस्ट्रियल टाउनशिप निवेशकों को तेजी से आकर्षित कर रहा है। अडानी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखी है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। इसके अलावा कई अन्य औद्योगिक समूह यहां निवेश में रुचि दिखाई है। यही नहीं सरकार इस टाउनशिप में एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि जल्द ही यहां औद्योगिक भूखंडों का आवंटन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उनके मुताबिक शुरुआती दौर में दो औद्योगिक सेक्टर्स में जमीनों का आवंटन किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण और आवंटन की प्रक्रिया साथ-साथ चलती रहेगी।

# बच्चियों के यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई की मथुरा में कार्रवाई के दौरान कई अश्लील फोटो व वीडियो बरामद

**अमृत विचार :** सीबीआई ने मथुरा से नाबालिगों के शारीरिक शोषण और पोर्नोग्राफी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से काफी संख्या में अश्लील फोटो व वीडियो मिले हैं। सीबीआई ने नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न और बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) के रखने और ऑनलाइन फैलाने के आरोप में उसे जेल भेजा है।

इस मामले में सीबीआई मुख्यालय की टीम ने 17 जून को रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी पर नाबालिगों की अश्लील तस्वीरें एवं वीडियो रखने, ऑनलाइन अपलोड करने और प्रसार करने जैसे गंभीर आरोप हैं। इसके बाद सीबीआई ने 19 जून को आरोपी के घर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर से आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए। इन उपकरणों की फोरेंसिक जांच की गई तो बड़ी संख्या में नाबालिगों की अश्लील तस्वीरें और वीडियो मिले। इन सामग्रियों की पुष्टि इंटरपोल के अंतर्राष्ट्रीय बाल यौन शोषण (आईसीएसई) डेटाबेस के आंकड़ों के साथ-साथ गूगल द्वारा तैयार और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी), गृह मंत्रालय के साथ साझा की गई। इसके अलावा इसकी पुष्टि साइबर टिप लाइन रिपोर्ट (सीटीआर) से भी की गई। उपकरणों की जांच में पता चला कि नाबालिग बच्चों के साथ दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और उन्हें धमकाने का वीडियो भी है। इसके अलावा सभी अश्लील तस्वीरें मथुरा में आरोपियों द्वारा ली गई थीं। पीड़ित परिवारों ने पहले शिकायत नहीं की। सीबीआई नाबालिग पीड़ित बच्चों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें बचाने में सक्षम थी। जिसके बाद आरोपी को 21 जून को गिरफ्तार किया गया। इस मामले का खुलासा सीबीआई ने किया।

# विद्यालयों का विलय कर बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश : अजय राय

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल को पत्र भेजकर दर्ज कराया विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों का विलय कर आम लोगों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से इस सिलसिले में राज्यपाल को पत्र भेजा गया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने राज्यपाल से विद्यालयों का विलय रोकने का अनुरोध किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनविरोधी और मनमानी नीतियां लागू कर रही हैं। सरकारी विद्यालयों का मनमाने ढंग से विलय किया जा रहा है। ग्रामीण व गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। यह सरकार न केवल अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है, बल्कि शिक्षा के अधिकार को भी कमजोर कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आरक्षण नियमों का खुला उल्लंघन कर रही है। 69,000 शिक्षक भर्ती में पिछड़े वर्ग में 27 प्रतिशत आरक्षण के बजाय मात्र 3.86 प्रतिशत स्थान दिए गए। साथ ही, शिक्षक भर्तियों को लटकाकर और रिक्त पदों को भरने में आनाकानी कर सरकार सरकारी विद्यालयों को जानबूझकर कमजोर कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह कदम निजीकरण को बढ़ावा देने और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने की साजिश का हिस्सा है।

### सरकारी स्कूल बचाओ पदयात्रा आज से

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से 22 जून से प्रदेश भर में सरकारी स्कूल बचाओ पदयात्रा शुरू करेगी। 30 जून तक चलने वाली पदयात्रा में सभी जिला मुख्यालयों में पदयात्रा के साथ सरकारी स्कूल बचाओ चौपाल का आयोजन किया जाएगा।


लोगों को कांग्रेस में शामिल कराते पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

## केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग कर रहे लोकतंत्र को कमजोरः कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग 45 दिन में डिलीट करने के निर्देश पर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार व भारत निर्वाचन आयोग दोनों मिलकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से हाल ही में चुनाव से संबंधित वीडियो, फुटेज और रिकॉर्डिंग को एक साल की बजाय महज 45 दिन में डिलीट करने का निर्देश दिया गया। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर बड़ा हमला है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने बार-बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में पारदर्शिता की कमी और संदिग्ध अनियमितताओं पर सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र में 2 घंटे में 65 लाख वोट डालने का दावा शारीरिक रूप से असंभव है। इसके बावजूद निर्वाचन आयोग ने न केवल इन सवालों का संतोषजनक जवाब देना जरूरी नहीं समझा, बल्कि अब सबूतों को ही मिटाने की जल्दबाजी दिखा रहा है।

### गुजरात की सैर कराएगा आईआरसीटीसी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआरसीटीसी खुशबू गुजरात हवाई टूर पैकेज के तहत राजकोट, सोमनाथ, पोरबंदर, दीव, द्वारका का भ्रमण कराएगा। टूर 19 से 25 जुलाई तक का है। आईआरसीटीसी के सीआरएम अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस खुशबू गुजरात टूर में यात्रियों को लखनऊ से राजकोट आने जाने की व्यवस्था फ्लाइट से रहेगी। खाने और ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल है। यात्रा के दौरान बाला हनुमान मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, बेट द्वारका, रुख्मणी मंदिर, शिवराजपुर बीच, कीर्ति मंदिर (महात्मा गांधी का जन्म स्थान), सुदामा मंदिर, सोमनाथ मंदिर, भालका तीर्थ, दीव किला, दीव समुद्र तट, नायडा गुफाएं और गंगेश्वर महादेव मंदिर आदि का भ्रमण कराया जाएगा।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है।•••

हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# राजधानी में बढ़ रहा कोरोना, अस्पतालों में नहीं बनी हेल्प डेस्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महानिदेशालय से गाइड लाइन जारी होने का इंतजार कर रहे हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**अमृत विचारः** शहर में कोविड मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अब तक 66 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें 35 एक्टिव केस हैं। इसके बाद अस्पतालों में जांच के इंतजाम पुख्ता नहीं किए गए हैं। सरकारी अस्पतालों में अभी तक कोविड हेल्प डेस्क तक नहीं बनाई गई है।

शनिवार को चार नए मरीज मिले हैं। बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, रानी लक्ष्मीबाई समेत अन्य अस्पतालों में जांच के लिए अलग से काउंटर नहीं बनाया गया है। लक्षण वाले लोगों का रैपिड टेस्ट कराया जा रहा है, जिसमें रिपोर्ट निगेटिव आ रही है। आरटीपीसीआर के लिए सैंपल तक नहीं भेजे जा रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है रैपिड जांच प्रमाणिक नहीं है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है अस्पतालों में जांच काउंटर व हेल्प डेस्क बनाने के लिए अभी तक महानिदेशालय से गाइड लाइन नहीं आई है। नए दिशा-निर्देश मिलते ही कोविड हेल्प डेस्क यूनिट को क्रियाशील कराया जाएगा।

### कोरोना के चार नए मरीज मिले



राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में शनिवार को कोरोना के चार नए मरीज मिले हैं। निजी लैब से जांच कराने पर रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी मरीज होम आईसोलेशन में हैं। सीएमओ कार्यालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार तेलीबाग के रहने वाले बुजुर्ग पुरुष (85) को तीन- चार दिन से बुखार आ रहा था। सांस लेने में तकलीफ शुरू हुई। जांच कराने पर रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बुजुर्ग होम आईसोलेशन में हैं। मोहनलालगंज इलाके से दो पुरुष पॉजिटिव आए हैं। इसमें एक (38) व दूसरा (58) वर्ष है। जबकि चौथा मरीज चौक का रहने वाला (19) वर्ष का छात्र है।

### पीजीआई में 1397 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**अमृत विचार, पीजीआई :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में नर्सिंग आफीसर समेत दूसरे पदों पर भर्ती की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्थान की वेबसाइट www.sgpgims.org.in पर आवेदन से लेकर अन्य सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 18 जुलाई है। पीजीआई ने नर्सिंग आफीसर के 1200 पदों समेत 1397 पदों की भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इसमें नर्सिंग के अलावा जूनियर स्टेनोग्राफर के 64, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के 32, सीएसएसडी असिस्टेंट के 20, हॉस्पिटल अटेंडेंट के 43, स्टोर कीपर के 22 समेत दूसरे पदों पर भर्ती होनी है। सामान्य और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क जीएसटी समेत 1180 और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 708 रुपये है। सभी पदों पर भर्ती कंप्यूटर आधारित टेस्ट के आधार से होगी। परीक्षा केन्द्र लखनऊ समेत दूसरे शहरों में बनाए जाएंगे।

## अधिक दाम पर रेल नीर बेचने पर दो वेंडरों का चालान

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ जंक्शन पर रेल नीर पानी की एक लीटर की बोतल 20 रुपये में बेचने पर आरपीएफ ने दो वेंडरों का चालान कर दिया। अन्य वेंडरों को निर्धारित दाम 15 रुपये में ही रेल नीर पानी की बोतल बेचने की चेतावनी दी गई है। लखनऊ जंक्शन आरपीएफ थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया कि यात्रियों ने अधिक मूल्य पर पानी बेचने की दो वेंडरों की शिकायत की थी। पूरे मामले की रिपोर्ट खान-पान निरीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे को भेज दी गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार आपके द्वार' की टीम रविवार 10 :00 बजे किला चौराहा आशियाना पर पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी टीम के समक्ष अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। आपकी समस्याओं को अखबार प्रमुखता से उठाएगा।

### मौसम

बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है।

| 36.7⁰ | 27.1⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज



- आईआईएम रोड स्थित बाबूजी मेमोरियल आश्रम में विशेष ध्यान सत्रों का आयोजन, 10 :00 बजे।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन- 10 :30 बजे।
- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित होटल द सेंट्रम में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन का स्थापना दिवस कार्यक्रम- 11 :00 बजे।
- जगत नारायण रोड सिटी स्टेशन पेट्रोल पंप के पास जन संस्कृति मंच की ओर से विभाजनकारी संस्कृति के खिलाफ जन संस्कृति पर संगोष्ठी- 5 :30 बजे।
- गोमतीनगर के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में उड़ान लता मंगेशकर सम्मान समारोह- 5 :30 बजे।

# आदिलनगर में आग से 16 दुकानें जलीं

## रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाकर दुकानदारों ने किया जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छह दमकल की गाड़ियों ने दो घंटे में पाया आग पर काबू
- पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर दुकानदारों को कराया शांत
- तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी पुलिस

**अमृत विचारः** गुडंबा के आदिलनगर में सड़क किनारे बनी दुकानों 16 दुकानों का सामान शनिवार लगी आग में जल गया। अग्निशमन विभाग की छह दमकल गाड़ियों ने 2 घंटे में आग पर काबू पाया। रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाकर दुकानदारों ने हंगामा भी किया। पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया।

रमाकांत द्विवेदी के मुताबिक आदिलनगर एमडी पैलेस के पास सड़क किनारे वह टिन शेड में कई वर्ष से कपड़े की दुकान चलाते थे। शनिवार तड़के 3:30 बजे दुकान में आग लगने की जानकारी हुई। भागकर वह आए तो उनकी दुकान जल रही थी। पास में स्थित 16 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। एफएसओ इंदिरानगर दो दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। आग की विकरालता देख उन्होंने चार दमकल और बुला ली। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। एफएसओ के मुताबिक थोड़ी सी चूक होती तो आग पड़ोस में स्थित अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लेती। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

रमाकांत द्विवेदी, राम सजीवन समेत अन्य दुकानदार आग की सूचना पर मौके पर आ गए। दुकान जली देख सभी रंजिश में आग लगाने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। पुलिसकर्मियों ने सभी को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश श्रीवास्तव के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इनकी दुकानें आई आग की चपेट में संतोष तिवारी, रमाकांत द्विवेदी, राजेश यादव, मुकुल निगम, राजेश गौतम, कमल रावत, सोनेलाल, अनुज शुक्ला, राकेश व राम सजीवन यादव की कपड़े की दुकान, स्वामी आत्मा दीपक की ताला चाभी, राकेश कुमार की बैग पन्नी, अरसी, आदिल बेग और आरिफ की जूता चप्पल की दुकान जल गई।



गुडंबा के आदिलनगर में सड़क किनारे बनीं दुकानों से उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

### दो टीमों में बंटकर चलाया राहत कार्य

एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार ने बताया की आग की विकरालता देख दो टीमों में बंटकर राहत कार्य चलाया गया। दुकानें बंद होने से आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। ताला तोड़कर दुकानें खोली गई इसके बाद पानी डालकर आग बुझाना शुरू किया गया। दुकानों में कपड़े व अन्य सामान भरा होने से आग तेजी से फैली।



आग पर काबू करने के लिए टिन की चादर को तोड़ते फायर ब्रिगेड कर्मी। अमृत विचार

## शहर में आज बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में रविवार को बारिश होने की संभावना है। शनिवार को दिन में धूप के साथ कई बार बादल छाए। गुरुवार-शुक्रवार तेज बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इसके चलते मौसम ठंडा बना हुआ है। शहर में मानसून ने 20 जून को दस्तक दी है। इसके बाद से बादल छाए हुए हैं। मानसून के आगमन के साथ ही शहर में जमकर बारिश हुई है। इस दौरान 24 घंटे में 40 एमएम बारिश दर्ज की गई। शनिवार का को लखनऊ का अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक था।

# बिना एस्टीमेट कनेक्शन देने पर जेई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसडीओ अजय यादव भी जांच के दायरे में

**अमृत विचारः** उपभोक्ता से बिना एस्टीमेट जमा कराए बिजली कनेक्शन देने पर नादरगंज डिवीजन के अंबेडकर विश्वविद्यालय उपकेंद्र के जेई अंगद कुमार को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। वहीं इस मामले में एसडीओ अजय यादव भी जांच के दायरे में हैं। अवर अभियंता को मलिहाबाद खंड के अधिशासी अभियंता कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

ग्रामीण मंडल के अधीक्षण अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना ने बताया कि अवर अभियंता की ओर से मानक दूरी 40 मीटर से अधिक दूरी पर सीधे सर्विस केबिल से बिजली कनेक्शन दिया गया था। 16 जून को बिना एस्टीमेट कनेक्शन देने के इस मामला उजागर हुआ था। इस पर मुख्य अभियंता रजत जुनेजा की ओर से दो सदस्यीय समिति से जांच कराई गई। जांच में जेई की ओर से एकतानगर निवासी राम मिलन पांडेय को एलटी लाइन के एस्टीमेट 88,728 रुपये को जमा कराए बिना बिजली कनेक्शन देने सहित ऐसे कई मामले सामने आए। जांच रिपोर्ट में जेई को पूरे मामले में दोषी पाया गया। इसके बाद जेई को निलंबित कर दिया गया।

## सचिवालय अधिकारी के पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊः** लोहिया पथ पर स्कार्पियो का गेट खोलकर स्टंट करने के मामले में सचिवालय अधिकारी के पुत्र भुवनेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। 1090 चौराहे पर ठेला लगाने वाले युवक की तहरीर पर गौतपल्ली थाने की पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोप है कि स्टंट के दौरान ठेले को टक्कर मार दी। विरोध करने पर उसकी पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर पंकज अंबष्ट के मुताबिक फुटेज के आधार पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जियामऊ निवासी नितिन तिवारी ने बताया कि 1090 चौराहे के पास ठेला लगाकर अपनी रोजी रोटी चलाता है। गुरुवार देर रात वह ठेला लगाए हुए था। तभी यूपी 32 एनसी 0615 स्कार्पियो अचानक तेज रफ्तार में आई और ठेले में टक्कर मार दी। किसी तरह वह संभले तो देखा कि गाड़ी का चालक दरवाजा खोलकर बाहर लटका हुआ है।

# 567 शिकायतें आईं, 117 का हो गया मौके पर निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने मलिहाबाद में सुनीं शिकायतें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी की पांचों तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवसों में 567 शिकायतें आईं, जिसमें 117 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने विशाख जी ने मलिहाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। यहां 125 शिकायतों में 45 का निस्तारण मौके हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में 22 में 4, मलिहाबाद में 125 में 45, बीकेटी में 128 में 25, मोहनलालगंज में 215 में 37 और सरोजनीनगर में 77 में 6 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

पुलिस से संबंधित 103, राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त 7, राजस्व की 302, विकास संबंधी 51, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की 1-1, समाज कल्याण विभाग की 6 और अन्य विभागों से जुड़े 96 प्रार्थना पत्र दिए गए। जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी मलिहाबाद अंकित कुमार, तहसीलदार मलिहाबाद, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



मलिहाबाद तहसील में सुनवाई करते जिलाधिकारी विशाख और सीडीओ अजय जैन।

### एक नजर

### एयरपोर्ट पर यात्री के जेवर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 25 अप्रैल को यूपीसीएसआर के निदेशक बक्शी राम के सूटकेस से सोने के कीमती जेवर चोरी हो गये। उन्होंने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के गुड़गांव में डीएलएफ सिटी, फेज –सेकंड स्थित यूपीसीएसआर के निदेशक बक्शी राम के मुताबिक 25 अप्रैल को वह एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 1119) से अपनी पत्नी विजेश यादव के साथ लखनऊ से दिल्ली गए थे। तब अपने सूटकेस में सोने का एक कड़ा, दो हीरे की अंगूठी, एक पुखराज की अंगूठी, एक रूबी की अंगूठी और एक पन्ने की अंगूठी रखकर सूटकेस को नंबर से लॉक कर उसे बुक कर दिया। लेकिन जब दोपहर 12 :30 बजे दिल्ली पहुंचे तो सूटकेश में सामान नहीं मिला। पीड़ित ने संदेह जताया है कि एयरपोर्ट पर स्कैनर पर मौजूद व्यक्ति व लोडिंग करने वाले लोगों ने ही ऐसा किया है। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक महीना लगाई होर्डिंग नजर पड़ने से पहले हटाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- कॉमर्शियल क्षेत्रों में प्रचार सामग्री लगाने में विज्ञापन एजेंसियां कर रहीं खेल
- निरीक्षकों और विज्ञापन एजेंसियों का गठजोड़ लगा रहा नगर निगम को चपत

**अमृत विचार :** विज्ञापन एजेंसियां कॉमर्शियल क्षेत्रों में प्रचार सामग्री लगाने में खेल कर रही हैं। चोरी छिपे एक महीना होर्डिंग लगाईं और नजर पड़ने से पहले हटा लेते हैं। इसी तरह पोल पर कियास्क और प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं।

नगर निगम जोन 3 के अलीगंज और जोन 7 के इंदिरा नगर क्षेत्र में अवैध प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं। नगर निगम के प्रचार विभाग के निरीक्षकों और विज्ञापन एजेंसियों के बीच गठजोड़ से नगर निगम को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। अवैध तरीके से लगीं जर्जर बिल्डिंग पर लगीं होर्डिंग से दुर्घटना का भी खतरा है। मुख्य मार्गों पर जर्जर भवनों पर भी अवैध तरीके से होर्डिंग लगा विज्ञापन एजेंसियां कमाई कर रही हैं। वहीं नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

नगर निगम के प्रचार विभाग में सभी आठ जोन के लिए इतने ही राजस्व निरीक्षक चाहिए लेकिन हैं केवल चार।

इसमें में एक सुपरवाइजर ही निरीक्षक के तौर पर दो जोन का काम देख रहा है। इसके अलावा एक निरीक्षक के पास प्रचार के अलावा प्रवर्तन और कलेक्शन का भी चार्ज है। ऐसे में क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स और प्रचार सामग्री की निगरानी नहीं हो पा रही है। प्रचार विभाग अवैध प्रचार सामग्री के खिलाफ अभियान तक नहीं चला रहा है। इसका फायदा विज्ञापन एजेंसियों के अलावा अवैध प्रचार सामग्री लगाने वाले उठा रहे हैं।

# कर्मचारी संघ ने नगर आयुक्त को सौंपा मांग पत्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 17 सूत्री मांगों का समाधान करने की मांग की

**अमृत विचार :** नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ ने शनिवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार को 17 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा। इसमें लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। कहा कि समस्याओं का स्थाई समाधान न होने से कर्मचारियों की सेवा संबंधी दिक्कतें बनी हुई हैं। पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त से महाप्रबंधक जलकल एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ संगठन की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक आयोजित कराने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर शशि कुमार मिश्र पूर्व अध्यक्ष/संरक्षक, आनन्द मिश्र अध्यक्ष, महामंत्री कैसर रजा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गोमती त्रिवेदी, हरि शंकर पाण्डे, आरपी सिंह, अमरेन्द्र दीक्षित, सतीश कुमार सिंह, संतोष श्रीवास्तव, कुंवर जयसिंह, कुलदीप चौधरी, अनिल शुक्ला, आकाश गुप्ता, सतीश कुमार, धीरेंद्र विक्रम सिंह, विजय कुमार, पंकज पांडेय, राकेश तिवारी, विजय श्रीवास्तव, धीरेंद्र कुमार यादव, संजय चन्द्रा, रिचा सिंह, अमर गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

इसके बाद पदाधिकारियों ने नगर निगम में नवनियुक्त मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी महामिलिन्द लाल को पुष्प भेंट कर अभिनन्दन किया। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार से भी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता हुई।



नगर आयुक्त को मांग पत्र देते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

नई व्यवस्था | राजधानी के ट्रांसगोमती और सिसगोमती क्षेत्र से की जाएगी शुरुआत

# बॉडी वार्न कैमरा लगाकर जांच के लिए जाएंगे बिजली कर्मचारी

नीरज अभिषेक, लखनऊ

- कैमरे में ऑडियो-वीडियो की होगी रिकार्डिंग
- कंट्रोल रूम सीधे जुड़े रहेंगे बॉडी वार्न कैमरे

**अमृत विचारः** जांच के लिए जाने वाली बिजली विभाग की टीमें अब बॉडी वार्न कैमरों से लैस की जाएंगी। ऐसा उपभोक्ताओं से लेन देने और बिजली कर्मियों से अभद्रता व मारपीट की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए किया जा रहा है। राजधानी में ट्रांसगोमती और सिसगोमती क्षेत्र से इसकी शुरुआत की जाएगी। इन दोनों क्षेत्रों के लिए 300 कैमरे खरीदे जाएंगे।

चेकिंग के दौरान उपभोक्ताओं को परेशान करने और कर्मचारियों के साथ होने वाली मारपीट की घटनाओं को रोकने के लिए पावर कारपोरेशन ने बॉडी वार्न कैमरे लगाने का फैसला लिया है।

ये कैमरे चेकिंग के लिए जाने वाले कर्मचारियों के शरीर में लगाए जाएंगे। लेसा ने ट्रांसगोमती और सिसगोमती इलाके में इस व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव जोन को भेजा था।

जिस पर कैमरे खरीदने का निर्णय लिया जा चुका है। चेकिंग के दौरान बॉडी वार्न कैमरे कंट्रोल रूम सीधे जुड़े रहेंगे।

जांच की पूरी कार्रवाई रिकार्ड होती रहेगी। उपभोक्ता जो भी बोलेगा और जो शिकायत बताएगा वह कैमरे में रिकार्ड हो जाएगी। अगर कर्मचारी किसी तरह के लेन देने की बात करता है तो उसका आडियो, वीडियो भी कैमरे में रिकार्ड हो जाएगा। जांच टीम किस स्थल पर है इसकी जीपीएस लोकेशन भी मिलती रहेगी। नई व्यवस्था में विभाग को राजस्व में बढ़ोत्तरी होने की भी उम्मीद है।



> चेकिंग अभियान को पारदर्शी बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इससे उपभोक्ताओं के साथ होने वाली ज्यादती पर लगाम लगेगी और बिजली कर्मियों के साथ होने वाली मारपीट की घटनाओं को रोका जा सकेगा। विभाग के राजस्व में भी इजाफा होगा। कैमरों की खरीद की प्रक्रिया मध्यांचल स्तर पर की जाएगी।
>
> –रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता सिसगोमती

### पहले चरण में 300 कैमरे जाएंगे खरीदे

पहले चरण में 300 कैमरे खरीदे जाएंगे। इससे सिसगोमती और ट्रांसगोमती के अंतर्गत आने वाले इलाकों में बिजली चोरी और कार्रवाई को पारदर्शी बनाया जाएगा। दोनों जोन में 150-150 बॉडी वार्न कैमरे खरीदे जाएंगे।

### महत्वपूर्ण बातें

- बिजली चेकिंग अभियान बनेगा पारदर्शी।
- कंट्रोल रूम से ऑनलाइन जुड़े रहेंगे कैमरे।
- सीधे अधिकारी रखेंगे जांच अभियान पर नजर।
- कैमरे में आडियो और वीडियो की रिकार्डिंग होगी।

BABA INFRA DEVELOPERS LLP
Kailasha ENCLAVE SULTANPUR ROAD, LUCKNOW
आवंटन हेतु सूचना
सुल्तानपुर रोड स्थित कैलाशा इन्कलेव लखनऊ में दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग की कैलाशा कुसुम व कैलाशा कमल फ्लैटों का दिनांक 22.04.2025 से 22.05.2025 तक पंजीकरण खोला गया था जिसका लॉटरी द्वारा आवंटन दिनांक 27.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे लखनऊ विकास प्राधिकरण के कार्यालय में ग्राउन्ड फ्लोर पर स्थित कमेटी हाल में होना प्रस्तावित है।
अतः उक्त दिनांक को आवंटन में समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित आवंटन तिथि को समय से निर्धारित स्थल पर उपस्थित होने का कष्ट करें।
फोनः 0522-4531795, 8010928928
ई-मेलः info@babainfra.com, crm.babainfra@gmail.com
वेबसाइटः www.babainfra.com
रेरा पंजीकरण में UPRERAPRJ214983

## एक नजर

### ऑटो लिफ्टर गैंग के दो शातिर गिरफ्तार, 8 वाहन बरामद

**अमृत विचार, बाराबंकी :** मास्टर की का प्रयोग कर बाइक चुराने के बाद रंग रूप, नंबर बदलकर कम दामों में बेचने वाले अंतरजनपदीय दबोचे गए हैं। देवा पुलिस ने इनके बताने पर कई जगहों पर छिपाकर रखे गए 8 दोपहिया वाहन बरामद किए। थाना देवा पुलिस टीम ने मो. अकरम निवासी खदरा बड़ी पकड़िया थाना मदेयगंज लखनऊ व मो. सरताज निवासी मो. हुज्जाजी-2 कस्बा व थाना देवा को ग्राम खरेहटा के पास से गिरफ्तार किया।

### एक ही परिवार की दो महिलाएं व दो बच्चे लापता

**अमृत विचार, बाराबंकी :** सिरौलीगौसपुर निवासी एक व्यक्ति की 18 साल की बेटी और उनके चचेरे भाई की पत्नी अपने दो बच्चों के साथ रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गई हैं। परिजनों ने कोतवाली बदोसरांय में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# भारत-नेपाल रूबरू उत्सव में जुटे साहित्यकार

## कार्यक्रम में देशभर व नेपाल से आए कवियों और शायरों ने प्रस्तुत कीं अपनी रचनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रूबरू फाउंडेशन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय भारत-नेपाल रूबरू साहित्य उत्सव का आयोजन किया। रूबरू फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष इरशाद राही ने बताया कि फाउंडेशन की स्थापना हिंदी और उर्दू साहित्य को एक मंच प्रदान करने के लिए की गई। इसका लक्ष्य नए और स्थापित साहित्यकारों को एक साथ लाना और उन रचनाकारों को अवसर देना है, जिन्हें पहले कभी मंच नहीं मिला।



ऐशबाग ईदगाह में आयोजित भारत नेपाल रूबरू साहित्य उत्सव में कविता प्रस्तुत करतीं निमिषा सोनकर। अमृत विचार

फाउंडेशन के सचिव अजहर हुसैन ने बताया कि रूबरू न केवल साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय है, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कोविड काल में फाउंडेशन ने जरूरतमंदों की सहायता की। कई गरीब लड़कियों की शादी में मदद की और अनगिनत बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य किया।

देश के साहित्यकारों के साथ-साथ नेपाल से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में डॉ. तनवीर इकबाल विश्वानी सीतापुर, दिनेश शुक्ला, श्रीश चन्द्र दीक्षित, सुधा राज चौधरी, वंदना कुमारी, अनुसुभा सिंह अनुवीर, मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी, डॉ. प्रतिभा सिंह व कविता मिश्रा (लखनऊ), विवेक यादव अज्ञानी, अमित वर्मा अंबर बदायूनी, हर गोविंद पाठक बदायूनी और सचिन मासूम (बदायूं), अतीक खान (उरई), पल्लवी शर्मा (मुरादाबाद), अंकित सारस्वत (खुर्जा बुलंदशहर) और आजाद अनजान (झांसी) आदि रचनाकारों ने समां बांध दिया।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद "खुली निविदा" वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।, **क्र.सं.1- निविदा नोटिस सं.:** 21 वर्ष 2025, **कार्य का विवरण:** एलजेएन डिवीजन के BNY-GD, GD-BRK और BUW-BBK सेक्शन में एलसी गेट, ब्लॉक संचार,बीपीएसी, यूएफएसबीआई में सुधार के लिए 6 क्वाड केबल का पुनर्वास / विस्तार / प्रतिस्थापन कार्य, **अनुमानित लागत:** ₹ 3,80,73,171.43,**बयाना राशि:** ₹ 3,40,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 00.00, **कार्य समापन अवधि:** 09 माह, **क्र.सं.2- निविदा नोटिस सं.:**23 वर्ष 2025, **कार्य का विवरण:**एलजेएन डिवीजन में GKP स्टेशन पर केंद्रीय एफओबी पर स्थित केबलों के लिए टेलीकॉम केबल शिफ्टिंग कार्य, **अनुमानित लागत:** ₹ 42,94,620.00, **बयाना राशि:** ₹ 85,900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 00.00, **कार्य समापन अवधि:** 120 दिन, **निविदाओं के बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:** 15.07.2025 at 15.00 Hrs. **नोट-** इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैन्युअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

**म.रे.प्र.(सि.एवं.दूर.सं.)**
**मुजाधि/सिगनल.-23** **लखनऊ**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, ई–निविदा सूचना**
दिनांक 20.06.2025

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

**1.अति–अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 10–वि0पा0खं0(प्र0)ल0/2025–26 ए विद्युत पारेषण खण्ड–I,** लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत बिजनेस प्लान वर्ष 2025–26 के तहत 132 के0वी0 उपकेन्द्र रहिमाबाद पर स्थापित स्काडा प्रणाली (ए0बी0बी0 मेक) पर सभी स्वस्थ 132 के0वी0 एवं 33 के0वी0 फीडरों के स्काडा एच0एम0आई0 की मरम्मत और पुनः स्थापना सम्बन्धी कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र।, **2.अति–अल्पकालिक ई–निविदा संख्या 11–वि0पा0खं0(प्र0) ल0/2025–26ए विद्युत पारेषण खण्ड–I,** लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत बिजनेस प्लान वर्ष 2025–26 के तहत 220 के0वी0 उपकेन्द्र बिजनौर हेतु विभिन्न प्रकार की विद्युतीय सामग्री के क्रय हेतु। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। ई–निविदा की अन्तिम तिथि–27.06.2025 समय 16:00 बजे। विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेबसाइट–http// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ बेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। **"राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"। अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड– प्रथम, लखनऊ, कमरा सं0 115–120, पारेशण भवन, विभूति खण्ड–II, निकट मन्त्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0), पत्रांक–832–वि0पा0ख0(प्र0) ल0/ई– निविदा, दिनांक –20.06.2025**


# कार्यकर्ता पार्टी अभियानों में निभाएं भागीदारी

## भाजपा की ओर से आयोजित हुई शक्ति केंद्र प्रवासी की संयुक्त बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर के भागीदारी भवन में शनिवार को जिला एवं महानगर की शक्ति केंद्र प्रवासी की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि सभी शक्ति केंद्र प्रवासी वरिष्ठ कार्यकर्ता है। केंद्र स्तर पर अपने बूथों को मजबूत करें। प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम बन सके, इसके लिए प्राथमिक सदस्यों, सक्रिय सदस्यों बूथ कमेटी पन्ना प्रमुख और बूथ के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी अभियानों में जिम्मेदारियां दें और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, अभियान संयोजक यूएन पांडे और अभिषेक खरे प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


बैठक में शामिल भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# जगन्नाथ रथ यात्रा मार्ग पर इस्कान ने किया संकीर्तन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण मन्दिर (इस्कान) की ओर से 27 जून को निकाली जाने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को यात्रा मार्ग पर हरिनाम संकीर्तन किया गया।

इस्कान मन्दिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास के मार्गदर्शन में 27 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा मार्ग पर हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन से हरिनाम संकीर्तन शुरू किया गया और यात्रा मार्ग में बर्लिंगटन चौराहा, नावेल्टी चौराहा, लालबाग हलवासिया, हजरतगंज होते हुए जहांगीराबाद पैलेस पर समाप्त करते हुए सभी को आमंत्रित किया।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ–226001 (उ0प्र0)
ई–टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213(बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–2**

| क्र0 सं0 | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ए–006 से0 ए,बी,सी,डी राजाजीपुरम | श्री के०एल० ऐहेर्सा | श्री नवीन कुमार ऐहेर्सा पुत्र केशव लाल ऐहेर्सा | मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत दान विलेख आदि। |
| 2 | 268 / 641 / 024 (जी०आई०एस०) तिलक नगर | प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव | सन्तोष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव व अमित प्रकाश | मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सिजरा, शपथ पत्र। |
| 3 | 255क / 067 / 022 (जी०आई० एस०) इन्द्राणी नगर | सुनील कुमार खन्ना व प्रमिल कुमार खन्ना, | राहुल अग्रवाल व रोहित अग्रवाल | शपथ प्रमाण पत्र, पंजीकृत बैनामा। |
| 4 | सी 3537 राजाजीपुरम | ए० ए० वी० परिषद | श्रीमती ललिता यादव | शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 5 | 272 / 036ख राजेन्द्र नगर | बाबू राम पुत्र स्व० सुकाई राग | पुन्नो देवी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, |
| 6 | 274 / 053 / 3cha / 1 राजेन्द्र नगर | शमीम जहाँ पत्नि मोहम्मद हसरत | नीतू सोनकर | शपथ पत्र, रजिस्ट्री |
| 7 | 215 / 281 राजेन्द्र नगर | वेद प्रकाश आर्या एवं ओम प्रकाश | रंजना आर्या एवं ओम प्रकाश | शपथ पत्र, वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 8 | 260 / 025 ऐशबाग | बाबूलाल माली | श्री ओम प्रकाश सैनी | शपथ पत्र, वसीयत की कॉपी |
| 9 | 268 / 250 (जी०आई०एस०) ऐशबाग | अशर्फी लाल | कु० सोभा | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 10 | 55 / 205 ऐशबाग | प्लॉट जी०एस० | श्रीमती संगीता | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 11 | 266 / 205 ऐशबाग | सुहारि कुमार गुप्ता | आदित्य गुप्ता | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 12 | 266 / 196 ऐशबाग | गुलनाज फातिमा | अमीना खातून | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 13 | 244 / 007क यहियागंज रोड | पवन, अरूण, अनिल, मनीष कुमार अग्रवाल | अरूण कुमार अग्रवाल | विक्रय विलेख, शपथ पत्र, पारिवारिक |
| 14 | 240 / 023 मुर्तजा हुसैन रोड आंशिक | शकुन्तला रस्तोगी | मो मुनतियात | विक्रय विलेख, शपथ पत्र। |
| 15 | सी 10 / 4001 लेबर कॉलोनी | श्रीमती मालती श्रीवास्तव | प्रमोद कुमार | पारिवारिक |
| 16 | सी–1647 लेबर कॉलोनी | श्रीमती अनुराधा गुरुमानी | प्रमोद कुमार श्रीवास्तव व आशीष श्रीवास्तव | पारिवारिक |
| 17 | सी 1631 / 116 लेबर कॉलोनी | एम0पी0 सिंह | अमित सिंह पाल | रजिस्ट्री |
| 18 | सी–1619 लेबर कॉलोनी | शान्ति रावत | मोनिका चतुर्वेदी | रजिस्ट्री |
| 19 | सी–1731 / एल०आई०एस लेबर कॉलोनी | ललित कुमार श्रीवास्तव | श्रीमती पुष्पा | रजिस्ट्री |
| 20 | सी–3033 / जी०आई०एस लेबर कॉलोनी | जे0ए0 खान | श्री मदन सिंह | रजिस्ट्री |
| 21 | सी–1619 / 13 लेबर कॉलोनी | बृजेन्द्र भूषण श्रीवास्तव | श्री ओम श्रीवास्तव | पारिवारिक |
| 22 | 351 / 00119 लेबर कॉलोनी | एजाज आगा जाफरी | श्रीमती शैलजा शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 23 | सी–2253 लेबर कॉलोनी | कृष्ण कान्ति | सुधांशु रस्तोगी, रति रस्तोगी, दिवयांशी रस्तोगी अरनव रस्तोगी | पारिवारिक |
| 24 | सी / 1805 / M.L.I.G लेबर कॉलोनी | शबीउल हसन हैदरी | गौरव श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 25 | सी–1841 लेबर कॉलोनी | कृष्ण कुमार सिंह | विजय गुप्ता | रजिस्ट्री |
| 26 | एफ–510 कुँअर ज्योति प्रसाद | प्रकाश सरन सक्सेना | दीपिका वर्मा व आनन्द कुमार सोनी | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 27 | ई– 3072 कुँअर ज्योति प्रसाद | मोवीन | सोनू अग्रवाल वा मोनू अग्रवाल | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 28 | सी–12 / 5198 कुँअर ज्योति प्रसाद | रिंकी, ज्योति, आशा व पूजा कन्नौजिया | नेहा गुप्ता | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 29 | एफ–3663 कुँअर ज्योति प्रसाद | लल्लू लाल | अनुज अग्रवाल | विक्रय विलेख, शपथ पत्र |
| 30 | एफ 11 / 293 कुँअर ज्योति प्रसाद | निशा खातून | अफरोज अहमद | शपथ पत्र, विक्रयविलेख |
| 31 | ई– 5195 कुँअर ज्योति प्रसाद | विद्या मिश्रा | वालेनू मिश्रा वा नम्रता मिश्रा | दान विलेख व शपथ पत्र |
| 32 | सी–3090 कुँअर ज्योति प्रसाद | प्रतीक व विनय अवस्थी | महेन्द्र शर्मा | विक्रय विलेख व शपथ पत्र |
| 33 | एस–176 ई–ब्लाक राजाजीपुरम | शीला भदौरिया | रिचा सिंह | विक्रय विलेख व शपथ पत्र |
| 34 | एफ– 3841 ई–ब्लाक राजाजीपुरम | शाहिद द्वारा राधा अग्रवाल पत्नी मोहनलाल | अखिलेश श्रीवास्तव | विक्रय विलेख व शपथ पत्र |
| 35 | 268 / 622–11 (जी०आई०एस०) स्थित तिलक नगर | महेन्द्र कुमार अग्रवाल | अरून गुप्ता | शपथ–पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 36 | 268 / 640 / 10 (जी०आई०एस०) स्थित तिलक नगर | ओमकार नाथ खन्ना | अनुज गुप्ता व स्वाती गुप्ता | शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामा |
| 37 | 261 / 071ख / 3 ऐशबाग वार्ड | सैन हनफी | अब्दुल हनफी, फराज हनफी | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र |
| 38 | SS/041 मोतीझील मालवीय नगर वार्ड | मधु कपुरिया | गौरव सिंह व सुमन सिंह | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र |

**जोनल अधिकारी जोन–2**


# नए पदाधिकारियों को कर्मियों ने बताईं समस्याएं


कर्मचारियों की समस्याएं सुनते नगर निगम कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शनिवार को नगर निगम कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित महामंत्री शमील एखलाक एवं उपाध्यक्ष सुखदेव यादव को समस्याएं बताईं। दोनों पदाधिकारियों ने नगर निगम मुख्यालय स्थित द्वितीय तल पर संघ भवन में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए वार्ता की। उद्यान विभाग, अभियंत्रण, कैटिल कैचिंग, आरआर, मार्ग प्रकाश विभाग सहित सभी जोन कार्यालय के कर्मचारियों ने उन्हें अपनी समस्याओं का आवेदन देकर संघ के माध्यम से अतिशीघ्र निराकरण कराने की मांग की। इसके साथ ही महामंत्री और उपाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। महामंत्री ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं को महापौर एवं नगर आयुक्त को निराकरण कराने के लिए भेजा जाएगा। अध्यक्ष आनंद वर्मा ने कहा कि संघ हमेशा से ही कर्मचारियों एवं नगर निगम प्रशासन के बीच पुल का काम करता आया है। कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा।

**▸▸ महापौर और नगर आयुक्त से समस्याओं का निराकरण कराने का दिया आश्वासन**

# खुशियों की पाठशाला में दिखी बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय ने खुशियों की पाठशाला के तहत बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग, खेल, कोस्टर आर्ट जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी कल्पना शक्ति को अभिव्यक्त करने का अवसर दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भीतर सृजनात्मकता और कल्पना को प्रोत्साहित करना तथा एक आनंददायक वातावरण में उन्हें कला के विभिन्न रूपों से परिचित कराना है।

शनिवार को दो दिवसीय क्ले पाटरी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आज प्रतिभागियों ने क्ले पॉट पर योग, पर्यावरण, कला संस्कृति, प्राचीन परंपरागत रंगों के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदान की। प्रतिभागियों को टेराकोटा के बारे में समझाते हुए सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने मिट्टी के महत्व के विभिन्न प्रासंगिक प्रयोगों एवं लाभों के बारे में समझाया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण के प्रति संदेश देते हुए एक पौधा मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने इस मौके पर पौधारोपण भी किया।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं **अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद ग्राम पहाड़पुर तहसील बीकेटी लखनऊ** का निवासी हूं। मेरा आधार अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद के नाम से बना है जो सही है। त्रुटिवश बीमा के दस्तावेजों पर पिता का नाम सुखराम दर्ज हो गया। जो कि गलत है।

**सूचना**

सूचित हो कि **सोनम पुत्री आसन्न निवासी शांती नगर बहुआ कस्बा तहसील व जिला फतेहपुर**, मेरी पत्नी सरिता देवी से एक पुत्री सोनम का जन्म 16/07/2015 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्री सोनम का जन्म तिथि 16/07/2015 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि **यासीन पुत्र सैयद अली निवासी कृष्णा नगर पूर्वी बहुआ कस्बा तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी मीना से एक पुत्र यासीन का जन्म 01/01/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्र यासीन का जन्म तिथि 01/01/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र, सह–अंकपत्र वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1318855 एवं इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र–सह– अंक अंकपत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0960375 वास्तव में खो गए हैं। **हर्षित गुप्ता पुत्र राधाकृष्ण गुप्ता, निवासी– ग्राम सुरजीपुर पोस्ट सतवाखेड़ा जनपद रायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बैनामाशुदा जमीन के पूर्व बैनामेदार का मूल दस्तावेज बैनामा संबंधित ग्राम कटहामाफी की गाटा संख्या 13 व 14 दिनांकित 04–01–2018 सहवन कहीं खो गया है, जिस सज्जन को बैनामा की प्रति प्राप्त हो मो. नंबर 9839956774 पर सूचित करने की कृपा करे। **गुड़िया पत्नी अजय कुमार सिंह, ग्राम कटहामाफी गोंडा उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAMU S/O SITARAM था जो कि आज दिनांक 10/06/2025 को मैने अपना नाम बदलकर RAMU BAHELIYA S/O SITARAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम काशीजोत पोस्ट काशीजोत पयागपुर, जिला बहराइच यूपी।**

**सूचना**

मैं भारतीय सेना में दिनांक 10/11/1983 से नियुक्त था 01/12/2007 को सेवा मुक्त हुआ हूं वहां के अभिलेखों में मेरे पत्नी का नाम KALA BATI गलती से दर्ज हो गया है सही नाम KALAVATI VERMA है । **राम उजागर वर्मा पुत्र मोती लाल वर्मा निवासी किशुनपुर ग्रिंट उतरौला बलरामपुर।**

**सूचना**

पैन कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR अंकित है जो कि गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav है जो कि सही है। अन्य अभिलेख व कागजातों में भी मेरा नाम सही अंकित है। पैन कार्ड में भी मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav दर्ज किया जाए। **दिलीप कुमार यादव पुत्र शेषराम यादव ग्राम सुंदरघाट पूरे तेंदुआ जनपद गोंडा**


# सोहेल हाशमी ने बताया, बस्ती से शहर कैसे बनी दिल्ली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैसरबाग स्थित सनतकदा में शनिवार की शाम को दिल्ली के इतिहासकार सोहेल हाशमी ने 'इतिहास दिल्ली का' कार्यक्रम में बताया कि एक बस्ती से शहर में कैसे बदली दिल्ली। उन्होंने दिल्ली को बनाने वाली हर चीज़ के बारे में बात की।

**▸▸ कहा- शहर को बसाने वाले प्रवासी होते हैं, क्योंकि सिर्फ पुराने निवासियों के भरोसे कोई शहर नहीं चल सकता**

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को अंग्रेजों ने अपने शासन के लिए बसाया था। यहां बड़े अफसर और रईस लोग रहते और काम करते थे। अगर पीछे मुड़कर देखें तो असली निवासी वे लोग थे, जो ड्राइवर, धोबी या रसोइये थे। ये लोग बंगलों के बाहर बने क्वार्टरों में रहते थे और उन अफसरों की सेवा करते थे, जो अपनी पोस्टिंग के हिसाब से आते-जाते रहते थे।


सनतकदा में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के इतिहासकार सोहेल हाशमी।

असल में शहर को बसाने वाले प्रवासी होते हैं, क्योंकि सिर्फ पुराने निवासियों के भरोसे कोई शहर नहीं चल सकता। प्रवासी अपने साथ अपनी संस्कृति, खाना, परम्पराएं और नई चीजें लेकर आते हैं। एक सच्चा शहर वही है, जिसमें हर तरह के लोग और रंग मिलें। उन्होंने भारत में कपड़ा उद्योग के विकास के बारे में भी बताया। कपास की खेती तो हड़प्पा सभ्यता के समय से होती आ रही है, लेकिन 13वीं सदी में फारसी चर्खा आने के बाद कपड़ा बनाने का काम और तेज हो गया। हाशमी ने कहा कि हर शहर की अपनी एक रफ्तार होनी चाहिए, उसमें रात की ज़िंदगी भी जरूरी है। कोई भी इंसान रात 9 बजे के बाद भी एक कप चाय आराम से पी सके, ये जरूरी है। ये शाम दिल्ली के बारे में जानने और समझने वाली थी।


**शोध निदेशालय**
**Directorate of Research**
**महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली**
**Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly**
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**Ph.D. Admission Notice**

Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.

**REGISTRAR**

## योग से निरोग



लोहिया संस्थान में योगाभ्यास करते हुए निदेशक व अन्य। अमृत विचार

### रोज करना चाहिए 30 मिनट योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** योग से शारीरिक और मानसिक सेहत सलामत रखी जा सकती है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करना चाहिए। प्रशिक्षक की निगरानी में योग करें। यह जानकारी लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने दी। लोहिया संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक में आयोजित योगाभ्यास में 800 से अधिक एमबीबीएस छात्र-छात्राएं, नर्सिंग, रेजिडेंट डॉक्टर, फैकल्टी, अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत नुक्कड़ नाटक से हुई। संस्थान के निदेशक ने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह ने योग और माइंडफुलनेस के मानसिक एवं शारीरिक लाभों पर प्रकाश डाला।



राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में योगाभ्यास करते चिकित्सक व कर्मचारी।

### योग से बढ़ेगी रोग प्रतिरोधक क्षमता

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र (आरएसएम) हॉस्पिटल में डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर्स, पैरामेडिकल एवं अन्य कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। संचालन योग प्रशिक्षिका उमा देवी ने किया। उन्होंने बताया कि योग से मांसपेसियां मजबूत की जा सकती हैं। फेफड़े संबंधी बीमारियों में योग काफी कारगर है। उन्होंने कहाकि योग दवाओं का विकल्प नहीं है। लेकिन नियमित योग करने से शरीर तंदुरुस्त बनेगा। इससे दवाओं की डोज में भी कमी आ सकती है। पेट संबंधी बीमारियों में भी योग कारगर है। सीएमएस डॉ. वीके शर्मा ने कहा कि योग से ब्लड प्रेशर पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। एरा मेडिकल कॉलेज में भी योग शिविर लगया गया।



बलरामपुर चिकित्सालय में योग विशेषज्ञ डॉ. नंदलाल यादव ने योगाभ्यास कराया। जिसमें चिकित्सालय केनिदेशक डॉ. दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस.के. पांडेय। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी सहित चिकित्सक, फार्मासिस्ट, मिनिस्ट्रियल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राएं व कर्मचारी शामिलो हुए।



लोकबंधु अस्पताल में आयोजित हुए सत्र में निदेशक डॉ.संगीता गुप्ता, सीएमएस डॉ.राजीव दीक्षित और एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी व अन्य मेडिकल स्टाफ ने योगाभ्यास किया। अमृत विचार



एसजीपीजीआई में योगाचार्य डॉ. रवींद्र वर्मा और आंचल वर्मा ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराने के साथ उनके फायदे बताए। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर शालीन कुमार, चिकित्सक व मेडिकल स्टाफ और कर्मचारी शामिल हुए।



योगाभ्यास करते सीएमओ और अन्य लोग। अमृत विचार

### केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में लगा योग शिविर

जानकीपुरम स्थित केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान में आयोजित हुए योगसंगम में संस्थान के प्रभारी अधिकारी डॉ. लिपिपुष्पा देबता एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय सदस्य योगाचार्य सुरेश कुमार दूबे ने आसन, प्राणायाम तथा योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस, मधुमेह, अर्थराइटिस, नाड़ी विकार, कमर दर्द उच्च रक्तचाप रोग के बारे में योग के महत्व को बताया।



योग दिवस पर डबलिन आयरलैंड में पत्नी डॉ. ममता मिश्रा बेटे प्रांश मिश्र, पुत्रवधू स्वाती मिश्रा के साथ योग करते चीफ़ वार्डन सिविल डिफेंस लखनऊ अमर नाथ मिश्र।

# 51 हजार लोगों ने एक साथ किया सूर्य नमस्कार

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पार्कों, सरकारी कार्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों में किया गया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्य की प्रथम रश्मियों की उपस्थिति में राजधानी के पार्कों, सरकारी कार्यालयों, चिकित्सा संस्थाओं, अस्पतालों, महाविद्यालयों, विद्यालयों समेत जगह-जगह हजारों की संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया। मंत्री, अधिकारियों से लेकर ब्रह्मकुमारी, जैन भिक्षुक, कलाकार और विद्यार्थी सभी योगाभ्यास करते दिखाई दिए। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विश्व रिकार्ड बनाने के लिए विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों के 51 हजार से अधिक शिक्षार्थियों, शिक्षकों, गैर शिक्षण कर्मियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया। मुख्य परिसर में 1800 एवं द्वितीय परिसर में 700 लोगों की सहभागिता की। कुलपति डॉ. आलोक राय के साथ प्रसिद्ध सिने कलाकार अनिल रस्तोगी और पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी सुजीत कुमार मौजूद रहे।

केडी सिंह बाबू, स्टेडियम, विजयंत खंड, विनय खंड, चौक, गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और कानपुर रोड स्थित साई सेंटर में खिलाड़ियों ने योग किया। यूनिटी कालेज में लखनऊ योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की देखरेख में योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर अवतार गुप्ता, डा. एस.पी. सिंह, ललित प्रकाश पाण्डे, सुधीर शर्मा और रवि सिंह के साथ कई लोगों ने योग किया। इस अवसर पर मिशन मोदी अगेन पीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल काका ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।



लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षक, शिक्षिकाओं और कर्मचारियों के साथ सूर्यनमस्कार करते कुलपति डॉ. आलोक राय। अमृत विचार

### एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने किया योगाभ्यास

सीएसआईआर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर में कर्मचारियों और वैज्ञानिकों के लिए एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। यह आयोजन सीएसआईआर-एनबीआरआई द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।



वृक्षासन करते राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा।



प्रणायाम करते पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह। अमृत विचार

### नगर आयुक्त और अधिकारियों के साथ महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया योगाभ्यास

नगर निगम मुख्यालय में योग दिवस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल सहित जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि आसनों का अभ्यास कराया और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर नगर निगम के उपसभापति गिरीश गुप्ता, पार्षद दल के उप नेता सुशील तिवारी ''पम्मी'', नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, डॉ. अरविंद कुमार राव, जीएम जलकल कुलदीप सिंह सहित नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, पार्षदगण एवं आमजन उपस्थित रहे।



नगर निगम मुख्यालय में सूर्य नमस्कार की छठवीं मुद्रा में महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, उपसभापति गिरीश गुप्ता व अन्य।

गोमती नगर विशाल खण्ड 4 स्थित मदरसा दारुल उलूम वरसिया में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भ्रामरी प्राणायाम करते अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी।



### पूरी दुनिया के लोगो की जीवनशैली बन चुका है योग :भूपेंद्र सिंह

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कैंट विधानसभा के रामजीलाल वार्ड के समर विहार पार्क में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने अथक प्रयासों से पूरी दुनिया में पहुंचाने का अद्वितीय एवं स्वागत योग्य कार्य किया है। आज योग पूरे विश्व के लोगों की जीवन शैली बन चुका है। प्रधानमंत्री के आवाहन पर हम सभी योग करेंगे और योग क्रियाओं के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ और निरोगी रखेंगे।



समर विहार पार्क में योगाभ्यास करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और अन्य। अमृत विचार

# 171 से अधिक देशों में योग दिवस का आयोजन : धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, सांसद बृजलाल सहित लगभग 5000 की संख्या में अनुसूचित समाज के प्रतिनिधियों, महिलाओं व पुरुषों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

धर्मपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से दुनिया के 171 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होता है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन और मानसिक सामंजस्य का भी माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने जिस समानता और सामाजिक न्याय की कल्पना की थी, आज योग उस दिशा में एक नैतिक और वैचारिक साधन बना है।

कार्यक्रम प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर ने सामाजिक असमानता को दूर करने तथा दलित वंचित और पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। एमएलसी लालजी निर्मल, मुकेश शर्मा, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, रिटायर्ड आईएएस दिनेश चंद्र, हरीश कुमार, पंकज प्रसून जाटव, ऐ के गौतम, गंगाराम अंबेडकर, राम अवतार कनौजिया, विपिन सोनकर सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित समाज व आमजन ने सहभागिता की।



आंबेडकर पार्क में योगाभ्यास करते भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्यसभा सदस्य बृजलाल व नीरज सिंह।

### सशस्त्र सीमा बल ने अनुशासन व समर्पण से किया योग

सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल ने बारहसिंगा लॉन में योग दिवस का आयोजन महानिरीक्षक संजय रत्न के मार्गदर्शन में किया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. सब्यसाची सरकार ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रम में सीमांत मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने एकजुट होकर सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। प्रतिभागियों में उप महानिरीक्षक एनके प्रसाद, राजेश ठाकुर, एसडी शेरखाने सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सूर्य नमस्कार, वज्रासन, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम एवं प्राणायाम जैसी विभिन्न योग विधाओं का अभ्यास कराया।



योगाभ्यास करते महानिरीक्षक संजय रत्न और अन्य।



केजीएमयू में सरदार पटेल मैदान में योग शिविर लगाया गया। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद व डॉ. आरएएस कुशवाहा की अगुवाई में योग संगम एवं सूर्य नमस्कार हुआ। करीब 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शिविर में हिस्सा लिया। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि अल्टरनेटिव मेडिसिन व योग की तरफ लोगों का रूझान बढ़ रहा है।

### सरस्वती विद्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संयुक्त योगाभ्यास

अलीगंज स्थित सरस्वती विद्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों ने योग प्रशिक्षक अमर अवस्थी, प्रवेन्द्र सिंह और प्रियंका सिंह के मार्गदर्शन में संयुक्त योगाभ्यास किया। इसमें विधायक डॉ. नीरज बोरा, बिंदु बोरा, अनुराग साहू, अभिनव भार्गव, प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह, दिनेश मिश्रा, जगदानंद झा, महेंद्र पाठक, नितेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।



रेजिडेंसी पार्क में पद्मासन की मुद्रा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और अन्य लोग। अमृत विचार

फिक्की फ्लो ने अशोक मार्ग स्थित फ्यूजन फिटनेस सेन्टर में फ्लो लखनऊ की अध्यक्ष वंदिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिविर लगाया। इसमें तनाव को कम करने, फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार करने, हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने के लिए आसन, श्वास तकनीक और ध्यान का नियमित योगाभ्यास पर जोर दिया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिमरन साहनी सहित सदस्यों ने प्रतिभाग किया।



पुलिस मुख्यालय में भी योग शिविर लगाया गया। इसमें पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर पुलिस महानिदेशकों और अन्य पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के साथ योगाभ्यास किया।



## एक नजर

### नहाते समय युवक डूबा

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में इंदिरा नहर में शनिवार की शाम एक युवक की नहाते वक्त डूब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नही चल सका। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस के मुताबिक अमीनाबाद निवासी शिवम शर्मा (27) अपने दो दोस्तों के साथ शनिवार की शाम इंद्रा नहर डेम के पास नहाने आया था। जो नहाते वक्त नहर में डूब गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चल सका। पुलिस के बताया कि रविवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम बुलाकर सर्च अभियान चलाया जाएगा।

### खाली प्लाट में पड़ा मिला युवक का शव

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी क्षेत्र में शनिवार देर शाम को सकरा गांव में खेत में बनी प्लाटिंग साइड में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर के मुताबिक शनिवार देर शाम को सकरा गांव में खेत में बनी प्लाटिंग साइट एवं मकान के पास एक व्यक्ति पड़ा मिला। जिसका नाम विशाल भारती (45) निवासी हरचंदपुर गढ़ी कनौरा थाना मानकनगर अचेत व्यक्ति को एंबुलेंस के जरिए सीएससी काकोरी भिजवाया गया तथा परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। ऐसा प्रतीत होता है कि गर्मी की वजह से उसकी मृत्यु हो गई है। व्यक्ति के शरीर पर कोई भी चोट का निशान नहीं है। मौके से दो मोबाइल और बाइक यूपी 32 केसी 7891 खड़ी है। पुलिस ने विशाल की पत्नी को फोन पर इसकी जानकारी दी।

### यूपी स्विमिंग टीम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : भुवनेश्वर में 22 से 26 जून तक आयोजित होने वाली 78वीं सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाली वाली यूपी स्विमिंग टीम की घोषणा शनिवार को हुई। यूपी स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव शिवम कपूर के बताया कि इस बार टीम शानदार प्रदर्शन करने को तैयार है। टीम में गौतम शाह (बरेली), वेदांत चंद्रा, उत्सा गंगवार, शल्य, शल्य भाविका चौधरी (जीबी नगरा), अभिषेक कनौजिया (गोरखपुर), अंशुल कुमार निषाद, पुनीत यादव (अमेठी), अनुराग आर सिंह (वाराणसी), ईशान रस्तोगी (कन्नौज), प्रदीक्षा निषाद (कुशीनगर), दीपक यादव (गाजियाबाद), धनान्या कोडकानी (अम्बेडकर नगर), जिया यादव (झांसी) और निधि यादव (गाजियाबाद) शामिल है। उन्होने आगे बताया कि अनुराग सिंह और जिया यादव से पदक जीतने की काफी उम्मीद है।

# गलत तरीके से रहने वाली उज्बेकिस्तान की दो महिलाएं गिरफ्तार

## सुशांत गोल्फ सिटी के ओमेक्स न्यू हजरतगंज की पांचवीं मंजिल पर एक फ्लैट में बनाया था ठिकाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्लास्टिक सर्जरी करा रह रही थी उज्बेकिस्तान की महिला, जारी है लुक आउट नोटिस
- चिकित्सक, दो विदेशी महिला समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज



अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज स्थित ओमेक्स न्यू हजरतगंज अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर दो उज्बेकिस्तान की महिला गलत तरीके से रह रही थीं। जानकारी होने पर पुलिस और एफआरआरओ की टीम ने छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई एक महिला ने तो भारतीय दिखने के लिए प्लास्टिक सर्जरी तक करा लिया। इसके बाद गिरोह बनाकर गैरकानूनी कार्य कर रहे थे। इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दोनों महिलाओं, एक चिकित्सक और एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

एआरआरओ ऑफिस और सुंशांत गोल्फ सिटी पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू हजरतगंज स्थित बिल्डिंग में फ्लैट नंबर-527 के मालिक ने कुछ विदेशी लोगों को ठहराया है। यह जानकारी भी मिली कि आर्थिक लाभ के लिए उन विदेशियों से संदिग्ध और गैर कानूनी गतिविधियां कराई जा रहीं हैं। पुलिस टीम ने एफआरआरओ टीम के साथ उक्त फ्लैट में छापेमारी की। फ्लैट के अंदर से पुलिस को दो विदेशी महिलाएं मिली। पूछताछ में दोनों विदेशी महिलाओं ने बताया कि 18 जून को उन्हें फ्लैट में ठहराया गया था। दोनों ने अपने नाम होलिडा और नीलोफर बताया।

**लोला की तलाश में जुटी पुलिस :** इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह के मुताबिक गैंग लीडर उज्बेकिस्तान निवासी लोला है। उसके खिलाफ उज्बेकिस्तान सरकार ने लुक आउट नोटिस जारी कर रखा है। पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि वहां से भागकर लोला चोरी छिपे लखनऊ में रह रही है। यहां अर्जुन से शादी कर ली थी। जो खुद को पत्रकार बताता है। पुलिस और एफआरआरओ ऑफिस अब इस बारे में जानकारी जुटा रहा है कि गैंग लीडर लोला कितनी युवतियों और महिलाओं को उज्बेकिस्तान से भारत लेकर आई है। पुलिस को आशंका है कि उज्बेकिस्तान की युवतियों और महिलाओं को लाकर अवैध गतिविधियां कराई जा रहीं है। पुलिस इस बारे में भी पड़ताल कर रही है कि कहीं सेक्स रैकेट के लिए तो यह पूरा खेल नहीं किया जा रहा था।

**विदेशी न दिखें इसलिए कराती थी प्लास्टिक सर्जरी :** पुलिस इस बारे में पड़ताल कर रही है कि अब तब डॉ. विवेक ने कितनी विदेशी महिलाओं की प्लास्टिक सर्जरी की है। उनके चेहरे में क्या बदलाव किए गए हैं। होलिडा और नीलोफर ने पूछताछ में बताया कि डॉक्टर प्लास्टिक सर्जरी के दौरान चेहरे में मामूली बदलाव ही करते हैं। जिससे वह विदेशी नहीं लगें। एफआरआरओ टीम ने बताया कि डॉ. विवेक गुप्ता और त्रिजिन राज के खिलाफ विदेशी अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### दो वर्ष पहले खो गया पासपोर्ट, वीजा

पुलिस की गिरफ्त में आई दोनों विदेशी महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि वह उज्बेकिस्तान की रहने वाली हैं। भारत आने के बाद करीब दो वर्ष पूर्व उनका पासपोर्ट, वीजा व अन्य जरूरी दस्तावेज गायब हो गये थे। उज्बेकिस्तान की अपनी साथी लोला कायूमोवा व लखनऊ के रहने वाले त्रिजिन राज उर्फ अर्जुन राणा से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा था। उन दोनों ने एफआईआर कराई कि नहीं, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। होलिडा और नीलोफर ने बताया कि उनकी लीडर लोला कायूमोवा कई वर्षों से भारत में रह रही है। उसकी मदद से दोनों भारत पहुंची थीं। होलिडा और नीलोफर ने बताया कि लोला कायूमोवा की मदद से कई उज्बेकिस्तान की युवतियां और महिलाएं भारत आ चुकी हैं। यही नहीं अवैध रूप से भारत में रह भी रहीं हैं।

### ज्यादा रकम मिली तो डॉक्टर ने नहीं मांगे दस्तावेज

होलिडा और नीलोफर ने पूछताछ में बताया कि उनकी लीडर लोला कायूमोवा ने ही गोमतीनगर के पत्रकारपुरम निवासी डॉ. विवेक गुप्ता से प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी। डॉक्टर की मिनर्वा नाम से दो क्लीनिक पत्रकारपुरम और अहिमामऊ इलाके में है। दोनों ने बताया कि डॉ. विवेक ने ही उनकी प्लास्टिक सर्जरी से सम्बन्धित ऑपरेशन किए थे। प्लास्टिक सर्जरी के लिए अधिक रुपये मिलने पर डॉक्टर ने दोनों के पहचान पत्र के बारे में कोई जानकारी नहीं ली। दोनों ने बताया कि लोला कायूमोवा ने ही उनकी मुलाकात त्रिजिन राज उर्फ अर्जुन राणा से कराई गई थी। जो ओमेक्स आर 1 फ्लैट नंबर 104 और 1103 में रहता है। दोनों की मदद से यहां उन्हें रुकवाया गया था।

# प्रेमिका ने उकसाया पति ने की खुदकुशी, पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाने में सिक्योरिटी गार्ड आशीष त्रिपाठी (28) ने 14 जून को खुदकुशी की थी। इस मामले में पत्नी ने आशीष की प्रेमिका के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इन्दिरानगर निवासी शालिनी त्रिपाठी के मुताबिक बीते कुछ वक्त से आशीष की दोस्ती अतरौली निवासी सुनीता से थी। जिसके साथ आशीष ठाकुरगंज के एक मकान में रहने लगा। इस दौरान सुनीता ने गार्ड को अपने प्रभाव में कर लिया। शालिनी के मुताबिक सुनीता के कारण ही पति ने हरिनगर दुगावां स्थित मकान बेच दिया। बिक्री से मिले रुपये सुनीता ने रख लिए। इसके बाद ही आरोपित का व्यवहार बदल गया। वह अक्सर आशीष से मारपीट करने लगी। 14 जून की रात आशीष ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। शालिनी को रिश्तेदारों से इस बात का पता चला। जिसके बाद पत्नी ने ठाकुरगंज कोतवाली में पति को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में सुनीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# क्रिप्टो करेंसी से कर रहे थे मनी लांड्रिंग, आठ गिरफ्तार

## साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और गोसाईंगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने किया आपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कृष शुक्ला



दिवाकर सिंह



नैक अहमद



मनीष जायसवाल



मोहम्मद साद



विनोद कुमार



सक्षम तिवारी



सत्यम तिवारी

- गोसाईंगंज के सुल्तानपुर रोड स्थित ढाबा और सुशांत गोल्फ सिटी के होटल में हुई छापेमारी
- बीफार्मा छात्रा की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की टीम ने जुटाए थे इनपुट

अमृत विचार: राजधानी में साइबर जालसाजों का नेटवर्क काफी गहरे तक पैठ बना चुका है। शनिवार को साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और गोसाईंगंज पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में आठ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। टीमों ने दो स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक गिरोह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग कर रहा था। साथ ही ट्रेडिंग व अन्य तरीकों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका था। जालसाज ठगी की रकम से अपना कमीशन काटकर बची हुई रकम का यूएसडीटी व अन्य क्रिप्टो करेंसी खरीदकर चीन के साइबर माफिया के खाते में ट्रांसफर कर देते थे। सरगना ने चीन, कंबोडिया व वियतनाम में ठिकाना बना रखा है।

साइबर क्राइम थाना के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक अहिमामऊ निवासी बीफार्मा छात्र ने दो दिन पहले शिकायत की थी। आरोप था कि कुछ युवकों ने उसे नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये वसूल चुके हैं। इसी तरह की रायबरेली के एक अन्य युवक ने शिकायत की। जानकारी होने पर साइबर क्राइम थाने की टीम को सक्रिय किया गया। दो दिनों तक गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई गई। इसके बाद शुक्रवार देर रात को दो स्थानों पर छापा मारा गया। पहला छापा सुल्तानपुर रोड स्थित गब्बर ढाबा पर मारा गया। जहां तीन जालसाज कार में बैठे लैपटॉप के जरिये ठगी करते हुए मिले। उनसे पूछताछ के बाद सुशांत गोल्फ सिटी स्थित एक होटल में छापा मारा गया। जहां से पांच अन्य युवकों को दबोचा गया।

**मनी लॉन्ड्रिंग का निकाला नया तरीका :** पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि ट्रेडिंग व अन्य तरीके से ठगी करते हैं। ऐसे ठगी के रकम को किराए के खातों में मंगाते हैं। अपना कमीशन काटकर बचे हुए रकम को यूएसडीटी व अन्य क्रिप्टो करेंसी खरीद लेते थे। अवैध क्रिप्टों करेंसी वह चीन में साइबर माफिया को ट्रांसफर कर देते थे। माफिया ने चीन, कंबोडिया और वियतनाम में अपने ठिकाने बना रखे हैं। आरोपितों ने बताया कि वह क्रिप्टो करेंसी के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग भी कर रहे हैं। काफी बड़ी मात्रा में गैंग के सदस्यों ने काले धन को सफेद किया है।

**खाताधारक को रखते हैं साथ :** पुलिस की जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्य ठगी की रकम मंगाने के लिए लोगों से किराए पर या कमीशन पर बैंक खाते लेते थे। जिन लोगों के बैंक खातों में साइबर ठगी की बड़ी रकम आनी होती हैं, गिरोह के सदस्य उन्हें अपने साथ गाड़ी में लेकर चलते हैं। उन्हीं लोगों से बैंक अकांउट से रुपये निकलवाते थे। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए साइबर जालसाजों ने दो महीने में करीब 80 लाख रुपये की ठगी क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर किया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज बृजेश तिवारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में मोहनलालगंज का सत्यम तिवारी, बस्ती का दिवाकर विक्रम सिंह, रायबरेली का सक्षम तिवारी, गोंडा का विनोद कुमार, जानकीपुरम का कृश शुक्ला, बाराबंकी का मो. साद, गोंडा का लईक और कैंट का मनीष जायसवाल शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 16 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 1 टैब, 3 चैक बुक, 1 पास बुक, 4 -चार पहिया वाहन और एक लाख 85 हजार रुपये बरामद किए हैं।

### टेलीग्राम पर सक्रिय है गिरोह

पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना बहुत ही शातिर है। वह कभी भी गिरोह के सदस्यों के सामने नहीं आता है। गिरोह का सरगना पूरा ऑपरेशन टेलीग्राम चैनलों के जरिए करता है। यह टेलीग्राम चैनल मुख्य रूप से चीनी साइबर जालसाजों व उनके प्रतिनिधियों की ओर से चलाए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक गिरोह के हैंडलर टीआरसी-20 नेटवर्क के जरिए यूएसडीटी ट्रेडस का लेनदेन करते हैं। जिससे कि वह किसी कानूनी कार्रवाई के दायरे में न आएं। यही नहीं पुलिस से बचने के लिए गिरोह यूजर नेम बार-बार बदलता रहता है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि पीसर टू पीसर (पी2पी) प्रक्रिया का लेनदेन में किया जाता है। गिरोह के सदस्यों ने यह भी बताया कि उन्हें साइबर फ्रॉड करने की पूरी ट्रेनिंग टेलीग्राम चेनल पर ही दी जाती है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए साइबर जालसाज विकेन्द्रित वॉलेट्स का उपयोग करते हैं। क्योंकि इन वॉलेट्स को केवाईसी की आवश्यकता नहीं होती है। इस लिए इन वॉलेट्स और इनमें हो रहे मनी एक्सचेंज को ट्रेस करना काफी कठिन होता है। पुलिस इस मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पता कर रही है।

# चार दोस्तों ने की थी चालक की हत्या, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बुधवार को मिला था युवक का शव, गुरुवार को हुई थी शिनाख्त
- प्रेमिका के भाई ने दोस्तों संग मिलकर वसंत कुंज हरिनगर योजना में की थी हत्या

अमृत विचार: ठाकुरगंज के राधाग्राम निवासी चालक कृष्णा गुप्ता (25) की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई थी। चालक प्रेमिका की सगाई के बाद भी उसे परेशान कर रहा था। जानकारी भाई को हुई तो उसने तीन दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। मड़ियांव पुलिस ने शुक्रवार देर रात चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी गुरुवार जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में राधाग्राम निवासी मोनू उर्फ संजय यादव, छठा मील मुस्लिम नगर निवासी राजा, नौबस्ता का मो. आमिर व जानकीपुरम विस्तार में रहने वाला शरीफ शामिल है। मामले में मोनू को पुलिस ने पहले से हिरासत में ले लिया था। जबकि तीन आरोपियों को इंजीनियरिंग कॉलेज पुल के नीचे से पकड़ा गया है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त रॉड, ब्लेड और पाना बरामद हुआ है। चारों आरोपी टैक्सी चलाते हैं। इंस्पेक्टर शिवानंद के मुताबिक कृष्णा का शव बीते बुधवार को सुबह घैला पुल के पास अर्धनग्न हालत में मिला था। उनके गले पर ब्लेड के कट व सिर के पीछे चोट का निशान था। गुरुवार को ठाकुरगंज निवासी सूरज गुप्ता ने शव की पहचान अपने छोटे भाई कृष्णा के रूप में की। सूरज ने मोनू के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### बसंत कुंज में की थी हत्या

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी मोनू ने बताया कि कृष्णा का उसकी बहन से प्रेम प्रसंग था। बहन की सगाई होने के बाद से उसने कृष्णा से दूरी बना ली थी। बावजूद इसके वह बहन को परेशान कर रहा था। वह बहन को रिश्ता तुड़वाने की धमकी दे रहा था। चौकी प्रभारी ने बताया कि इस बात को लेकर मोनू नाराज चल रहा था। कृष्णा को रास्ते से हटाने के लिए उसने साजिश के तहत उससे दोस्ती की थी। योजना के चलते ही मोनू व उसके तीन साथियों ने 17 मई को कृष्णा के साथ शराब पी थी। फिर वसंत कुंज हरिनगर योजना के पास ले जाकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपियों ने शव घैला पुल के पास फेंक दिया था।

# जमीन के नाम पर दो से ठगे 53 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जमीन बेचने का झांसा देकर प्रॉपर्टी डीलरों ने दो लोगों से 53 लाख रुपये ठग लिये। ठगी का पता चलते ही पीड़ितों ने बीबीडी और पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोरखपुर बड़हलगंज निवासी विनय कुमार ने जुग्गौर में 1500 वर्ग फीट का प्लाट इस्माइलगंज निवासी मो. आसिफ से वर्ष 2023 में खरीदा था। करीब 19 लाख 75 हजार रुपये दिए थे। जिस पर विनय कुमार ने बाउंड्री बनवाई थी। जनवरी 2025 में काम शुरू कराते ही राकेश यादव आ गए। जिन्होंने प्लॉट पर मालिकाना हक जताया। मो. आसिफ से बात करने पर उसने 15 दिन के लिए काम रोकने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद विनय ने दोबारा से निर्माण शुरू कराया। तो फिर से राकेश यादव ने आपत्ति जताई। पीड़ित के मुताबिक मो. आसिफ ने फर्जी कागज बना कर प्लॉट बेचा था। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह के मुताबिक विनय कुमार की तहरीर पर मो. आसिफ और उसके साथी दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। वहीं, दुबग्गा निवासी संदीप यादव की पहचान कन्नखेड़ा निवासी शिवकुमार से है। कुछ वक्त पहले शिवकुमार ने बताया कि पारा के हंसखेड़ा में उसकी 12 बीघा जमीन है। जिसकी कीमत दो करोड़ रुपये है। इसके बाद आरोपित ने संदीप से जमीन खरीदने के लिए कहा। करीब 33 लाख रुपये एडवांस लिए। इसके बाद भी रजिस्ट्री नहीं की। संदेह होने पर पीड़ित ने छानबीन करना शुरू किया। पता चला कि आरोपित ने सरकारी जमीन के फर्जी कागज बनाए है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### साइबर जालसाजों ने दो से ठगे 5.59 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने निवेश और शिकायत दर्ज कराने के नाम पर 5 .59 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ितों ने मदेयगंज और आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मदेयगंज निवासी शाजिया नाज के मुताबिक 31 मई को उन्हें एक ट्रेडिंग वेबसाइट और टेलीग्राम ग्रुप से निवेश का झांसा दिया गया। अलग-अलग किश्तों में उन्होंने करीब 4 .65 लाख रुपये ट्रांसफर कर दी। शुरू में उन्हें कुछ लाभ दिया गया लेकिन पैसे निकालने की कोशिश करने पर खाता फ्रीज कर दिया गया। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल के साथ ही मदेयगंज थाने पर मामले की शिकायत की है। वहीं, आशियाना के पवनपुरी निवासी रश्मि जोशी ने बताया कि उन्होंने एक डिलीवरी कम्पनी से सामान मंगाया था। सामान कम होने पर उन्होंने शिकायत के लिए गूगल से एक नंबर निकालकर उस पर फोन किया। फोन उठाने वाले ने व्हाट्सअप काल करने की बात कही। जालसाज ने व्हाट्सएप काल कर उन्हें झांसे में लिया इसके बाद उनके खाते से करीब 94 हजार रुपये निकल गए। उन्होंने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# युवती के मंगेतर को भेजा अभद्र मैसेज, टूटी शादी

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई इलाके में रहने वाली युवती की शादी तय हो गई। शादी तुड़वाने के लिए एक युवक लगातार युवती के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर कर रहा है। वहीं युवती के मंगेतर को भी अभद्र मैसेज किया। जिसके कारण उसकी शादी टूट गई। युवती ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वृंदावन कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवती की पहचान सेक्टर- सात निवासी अजय यादव से थी। कुछ वक्त पहले अजय की हरकतों के कारण युवती ने बात करना बंद दिया। युवती की यह हरकत आरोपित को पसंद नहीं थी। वह कई बार पीड़िता पर बात करने का दबाव बना चुका था। इस बीच युवती का रिश्ता तय हो गया। परिवार की मर्जी से सगाई हुई। यह जानकारी होने पर आरोपित गुस्से में आ गया। कॉल कर कई बार धमकी दी। वहीं, इंस्टाग्राम पर युवती के लिए आपत्तिजनक पोस्ट किए। ऐसा ही एक पोस्ट आरोपित ने युवती के मंगेतर को भेजा। होने वाली पत्नी के बारे में आए मैसेज को पढ़ कर मंगेतर ने रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता के मुताबिक 24 नवंबर को शादी की तारीख तय है। पर, अजय की हरकतों के कारण रिश्ता टूट गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अजय के भेजे गए मैसेज का पता चलने पर उसने मंगेतर को समझाने का प्रयास किया था। पर, वह कुछ सुनने को तैयार नहीं हुआ।

# सउदी अरब से आए युवक से लूट, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आलमबाग बस स्टेशन के बाहर हुई थी घटना

अमृत विचार: आलमबाग बस स्टेशन के बाहर सउदी अरब से लखनऊ पहुंचे युवक से टैक्सी चालक ने लूट की घटना को अंजाम दिया। लूट की वारदात कर भाग रहे आरोपी का युवक ने कुछ दूर तक पीछा किया, लेकिन सफल नहीं हुआ। उसने पुलिस की मदद मांगी। लुटेरे को दबोचने के लिए पुलिस ने आईटीएमएस के कैमरों के फुटेज खंगाले। करीब पांच किलोमीटर कर पीछा कर पुलिस ने आरोपी चालक को दबोच लिया।

इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि शुक्रवार रात लूट की सूचना मिलते ही आलमबाग बस स्टेशन पर लगे कैमरों की फुटेज निकलवाई गई। आईटीएमएस की मदद से कार की लोकेशन ट्रैक की गई। पता चला कि टैक्सी चालक कैंट की तरफ जा रहा है। इस सूचना पर घेराबंदी कर करियप्पा चौराहे पर टैक्सी को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देख चालक ने कार दौड़ा दी। वह फतेह अली चौराहा होते हुए टुनटुनिया फाटक की तरफ भागा। जहां सिपाहियों ने घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया। आरोपित की पहचान बाराबंकी लोनी कटरा निवासी आनन्द सिंह के रूप में हुई।

टैक्सी में बैठे युवक के पास दो बैग और एक हैण्डबैग था। चालक को लगा कि युवक विदेश से आया है। उसके पास काफी रुपये होंगे। इसके कारण ही चालक ने युवक के दो बैग उतारने के बाद हैण्डबैग छीन कर कार दौड़ाई थी। आजमगढ़ मुबारकपुर निवासी आलमगीर अहमद सउदी अरब से लौटा था। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतरने के बाद आलमगीर ने टैक्सी बुक की। वह आलमबाग बस स्टेशन पहुंचा। टैक्सी से दो बैग निकाल लिए। इस बीच चालक हैण्डबैग लेकर भाग निकला। जिसमें मोबाइल फोन के साथ करीब 12 हजार रुपये थे।

## लाखों की ठगी करने वाले चाचा-भतीजा गिरफ्तार

- फर्जी दस्तावेज पर जमीन बेचने के नाम पर की थी लाखों की ठगी
- जनवरी में चिनहट थाने में चांद बाबू ने दर्ज कराई थी आठ पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट पुलिस ने शनिवार को दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये जालसाज चाचा-भतीजा हैं। आरोपियों के खिलाफ जनवरी में चांद बाबू ने लाखों रुपये लेकर जमीन न देने और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। दो की तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में बिहार के औरंगाबाद स्थित नेउरा सूरजमल निवासी उपेंद्र कुमार उर्फ राम और बृजलाल शामिल है। उपेंद्र भतीजा और बृज लाल रिश्ते में चाचा है। इंस्पेक्टर के मुताबिक 3 जनवरी को कांशीराम कालोनी लौलाई निवासी चांद बाबू ने रिपोर्ट दर्ज कराया। जिसमें आरोप लगाया कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आठ आरोपियों ने लाखों रुपये ठग लिए। रुपये लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने मो. आजाद, उसकी पत्नी शम्मो बानो, मोबिन, लाला मोहन उर्फ मोहन लाल गौतम, पिंटू श्रीवास्तव, पवन उर्फ उपेंद्र, पवन के चाचा बृज लाल और अजय शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक पुलिस ने अभी तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पिंटू श्रीवास्तव और अजय शर्मा की तलाश की जा रही है।

चिंताजनक: लोकल इनपुट के बाद भी चंद दिनों तक चलती है कार्रवाई, फिर ठप

# डेढ़ हजार से अधिक विदेशी महिलाओं का ठिकाना बनी राजधानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस की लापरवाही सौ से अधिक स्पा सेंटरों में करती हैं काम

अमृत विचार: यूपी की राजधानी विदेशी महिलाओं का सुरक्षित ठिकाना बनती जा रही है। खुफिया विंग की रिपोर्ट के अनुसार 1500 से अधिक विदेशी महिलाओं ने लखनऊ में अपना ठिकाना बना लिया है। इनके पास न तो वैध प्रपत्र हैं, न ही पास पोर्ट व वीजा। ये महिलाएं राजधानी के सौ से अधिक स्पा सेंटर व मसाज पार्लर के नाम पर चल रही अनैतिक कारोबार का हिस्सा बनी हुई है। इन स्पा सेंटरों में इनमें कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ओमान और रूस समेत अन्य देशों की महिलाएं काम करती हैं। स्पा सेंटरों के मालिक द्वारा मुहैया कराए गए किराए के कमरों में रहतीं हैं।

सूत्रों के अनुसार, लखनऊ में डेढ़ हजार से ज्यादा विदेशी महिलाएं रह रही हैं और 100 से ज्यादा स्पा सेंटर चल रहे हैं। कुछ ऐसे स्पा सेंटर है जो पुलिस या सरकारी दस्तावेज के रिकार्ड में भी नहीं है। हालांकि इनकी जानकारी पुलिस और स्थानीय लोगों को रहती है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं। जब एफआरआरओ की तरफ से सूचना दी जाती है, तब स्थानीय पुलिस छापा मारकर विदेशी महिलाओं को पकड़ती है। जांच में सामने आता है कि महिलाओं के पास दस्तावेज नहीं हैं। स्थानीय लोग विरोध भी करते हैं, लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं करती है। इससे साफ है कि पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से यह धंधा फल-फूल रहा है। ये स्पा सेंटर गोमतीनगर, विभूतिखंड, चिनहट, सुशांत गोल्फ सिटी, पीजीआई, आशियाना, हुसैनगंज, कृष्णानगर और हजरतगंज समेत कई इलाकों में संचालित हो रहे हैं।

### पकड़ी गईं 20 से अधिक विदेशी महिलाएं

लखनऊ में पिछले कुछ माह में 20 से अधिक विदेशी महिलाएं बिना दस्तावेज के रहते हुए पकड़ी गई। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने स्पा सेंटर से छह थाई महिलाएं पकड़ी थी। उनके पास सेल-परचेज ट्रेड एक्टिविटी का वीजा था, लेकिन एम्प्लायमेंट या वर्क वीजा नहीं था। इसपर उन्हें वापस भेज दिया गया। इसके अलावा शक्ति अपार्टमेंट में 11, गोमतीनगर में ओमान की चार समेत अन्य इलाकों से पकड़ी गई थी। इस मामले में डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि राजधानी में जो विदेश से आता है, तो उसे विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) की मदद से फार्म-सी भरना होता है। उसी की मदद से लोकल इनपुट को जानकारी मिलती है। फिर भी मामले में विस्तृत जांच कर सूचनाओं पर का किया जाएगा।

# ट्रायल के लिए बढ़ी तारीख

अमृत विचार, लखनऊ : एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग के ट्रायल्स के लिए होने वाले पंजीकरण को लेकर लखनऊ समेत मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर सहित अन्य शहरों में खिलाड़ियों के उत्साह को देखते हुए प्रबंधन ने ट्रायल्स के दिनों और स्लॉट्स को बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब नए पंजीकरण भी स्वीकार किए जा रहे हैं। आठ जुलाई से हो रही लीग के उद्घाटन सीजन में भी पंजीकरण कराने वाले खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। लीग कमिश्नर प्रवीण कुमार के बताया कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के खिलाड़ियों को भी इससे जोड़ा जा रहा है।

# सीएएल ब्ल्यू व ग्रीन ने की जीत से शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पार्षद शिव पाल सांवरियां।

अमृत विचार: नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ब्ल्यू और सीएएल ग्रीन ने जीत से शुरुआत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन पार्षद शिव पाल सांवरियां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

योगानंद मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में सीएएल ब्ल्यू ने अदिति कपूर की शानदार बल्लेबाजी के चलते सीएएल आरेंज को दो विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज ने 25 ओवर में पांच विकेट खोकर 95 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएएल ब्ल्यू ने 24.1 ओवर में आठ विकेट खोकर 96 रन बना कर जीत अपने नाम की।

दूसरे मुकाबले में आरव त्यागी की सटीक गेंदबाजी की बदौलत सीएएल ग्रीन ने सीएएल रेड को छह विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल रेड ने 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 35 रन बनाये। जवाब में सीएएल ग्रीन ने 7.5 ओवर में चार विकेट खोकर 36 रन बनाये और जीत दर्ज की। विराट ने नाबाद 21 रन बनाये।

## एक नजर

### तंबौर में बाधित रहेगी आपूर्ति

**अमृत विचार, सीतापुर :** अवर अभियंता आकाश वर्मा ने बताया कि रविवार को 33 कवि तंबौर लाइन को छूने वाली पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई एवं लाइन अनुरक्षण कार्य किया जाना है। जिससे सभी उपभोक्ताओं को सुबह 10 :00 बजे से 5 :30 बजे तक आपूर्ति नहीं मिल पाएंगे। उपरोक्त समय अवधि में उपभोक्ता अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर सकते हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**अमृत विचार, सीतापुर :** रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के भगवतीपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा के भगवतीपुर गांव में उमा देवी (23) पत्नी राजकुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर थानगांव थानाक्षेत्र के बैजवारी निवासी नारायन पुत्र समई सहित अन्य लोग पहुंचे। नारायण के मुताबिक, उन्होंने 3 वर्ष पूर्व अपनी पुत्री उमा देवी का विवाह भगवतीपुर निवासी राजकुमार पुत्र चंद्रिका से किया था। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी का कहना है कि दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जुलाई में मिल जाएंगी पाठ्य पुस्तकें

## बेसिक शिक्षा विभाग ने आपूर्ति और वितरण की पूरी कर ली तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को जुलाई में नई पाठ्यपुस्तकें मिल जाएंगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी आपूर्ति और वितरण की पूरी तैयारी कर ली है।इन किताबों को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने तैयार किया है ये किताबें एनसीईआरटी के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित हैं। शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में अप्रैल में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को किताबों की छपाई न हो पाने के कारण नहीं मिल पाई थीं।

हालांकि कक्षा चार से आठ तक की पुस्तकें अप्रैल में ही भेज दी गई थीं, लेकिन छोटे बच्चों को इंतजार करना पड़ा। अब विभाग ने सभी जिलों में समय रहते पुस्तकें पहुंचा दी हैं, ताकि स्कूल खुलते ही बच्चों को किताबें मिल जाएं।

प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय स्कूलों में करीब दो करोड़ छात्र पढ़ते हैं, जिनमें से 1 से 3 तक के 45 लाख बच्चे हैं। इन बच्चों की पढ़ाई अब समय से और बिना किसी बाधा के शुरू हो सकेगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के अनुसार किताबों की आपूर्ति पर खास निगरानी तंत्र भी सक्रिय किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि किसी भी स्कूल में किताबों की कमी न हो।

### यूपी बोर्ड की किताबें भी मिलेंगी

यूपी बोर्ड की किताबें जुलाई के पहले सप्ताह से बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी। बोर्ड अधिकारियों की ओर से प्रकाशकों को वर्क ऑर्डर जारी हो गया है। यूपी बोर्ड ने एनसीईआरटी आधारित कक्षा नौ से 12 तक के 36 विषयों की 70 किताबें प्रकाशित करने के लिए टेंडर जारी किया था। इस साल पहली बार कवर पृष्ठ और पुस्तक अलग-अलग प्रकाशक से छपवाई जा रही है ताकि प्रकाशक मनमाने तरीके से निर्धारित संख्या से अधिक पुस्तकें न छापने पाएं। प्रकाशकों को कवर पृष्ठ की संख्या के अनुरूप किताबों के प्रकाशन की रॉयल्टी एनसीईआरटी को देनी होगी।

### विद्यालयों के विलय के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त मोर्चा व अन्य शिक्षक संगठनों ने बैठक कर 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज किए जाने को लेकर विरोध दर्ज कराया है। इस संबध में शिक्षक संगठनों ने शनिवार को वर्चुअल बैठक की। बैठक में विरोध की रणनीति तय की गयी। बैठक में संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय सचिव दिलीप चौहान ने बताया कि सरकार ने बेसिक शिक्षा के ऐसे परिषदीय विद्यालय जहां 50 से कम छात्र संख्या है उनको बंद कर दूसरे विद्यालय में मर्ज करने का आदेश किया है। सरकार के इस फैसले से गरीब व अशिक्षित अभिभावकों के बच्चों पर शिक्षा से वंचित रहने का खतरा उत्पन्न होने की पूरी संभावना है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा सरकार विद्यालयों को मर्ज कर आरटीई का उलंघन कर रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा विद्यालय को बंद करने का हम सब विरोध करते हैं यदि सरकार इस फैसले को वापस नही लेती तो हम सब मिलकर आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।अटेवा के संस्थापक व प्रान्तीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा सरकार विद्यालयों को बंद कर धीरे धीरे निजीकरण की तरफ अपने कदम बढ़ा रही है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं उत्तर प्रदेश बीटीसी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों बंद करना अध्यापकों और छात्रों के साथ घोर अन्याय है। शिक्षा मित्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि ऐसे विद्यालय जहां छात्र संख्या कम है पहले वहां के अध्यापकों को संख्या बढ़ाने हेतु टारगेट देना चाहिए यदि फिर भी संख्या नही बढ़ती तब किसी अन्य विकल्प के बारे में सोचना चाहिए।




सेठ विशम्भर नाथ ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूसन्स में फेयरवेल के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## फाइनल वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सेठ विशम्भर नाथ ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूटसन्स में फाइनल वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए प्री फाइनल वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल का आयोजन किया गया। संस्था की निदेशक डॉ. नीता रस्तोगी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सोलो डान्स, ग्रुप सांग एवं नाटक का आयोजन कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

# ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर बना डाली सड़क

संवाददाता कमलापुर

**अमृत विचार :** सिधौली विकासखंड के हरदोईया ग्राम पंचायत अंतर्गत अहमदपुर गांव में सड़क बनाए जाने में आगे आए हैं। ग्रामीणों ने समस्या को दूर करने के लिए न सिर्फ आपस में चंदा इकट्ठा किया, बल्कि श्रमदान करके राह भी सुगम बना डाली। ग्रामीण रामाधार, सियाराम और राहुल बताते हैं कि आपसी सहयोग से मिट्टी पटान का



कार्य किया गया है। दावा है कि सड़क खराब होने की शिकायत पहले भी की गई लेकिन समस्या हल नहीं हो सकी। फिर आपसी बैठक के बाद तय किया गया कि बारिश के पहले ही सड़क को तैयार कर लिया जाए। इसमें टोलियां बनाई गई। जिसमें संतोष, शिवांशु, लक्ष्मण, मुकेश यादव सहित अन्य का सहयोग लिया गया। चंदे के साथ-साथ सभी ने खुशी-खुशी श्रमदान भी किया। उधर, ग्राम प्रधान बुद्ध प्रकाश कहते हैं कि मार्ग निर्माण को लेकर प्रस्ताव भेजा जा चुका है, ग्राम विकास अधिकारी को भी अवगत कराया गया है।

# चोरी के जेवरात के साथ शातिर गिरफ्तार

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** शातिरों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। तालगांव पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहरइया पुल पटरी के करीब से एक शातिर को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि आरोपी के कब्जे से चोरी किये गए जेवरात बरामद हुए हैं। क्षेत्राधिकारी लहरपुर नागेंद्र चौबे ने बताया कि थाना तालगांव पुलिस टीम ने एक शातिर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल कुमार उर्फ सर्वेश कुमार पुत्र बाबूराम पासी निवासी ग्राम माखपुर थाना तालगांव के रूप में हुई है।

## चार बच्चों को दी गई हाफिज-ए-कुरान की उपाधि

संवाददाता, सदरपुर (सीतापुर)

**अमृत विचार:** कस्बा सदरपुर स्थित गौसिया मस्जिद के सामने शुक्रवार को जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया, जिसमें चार बच्चों को हाफिज-ए-कुरान की उपाधि देकर सम्मानित किया गया।

मोहल्ला कुरैशी टोला में स्थित मदरसा गौसिया रिजविया मेराजुल उलूम में कुरान की तालीम हासिल कर रहे इन बच्चों को हाफिज बनने पर कारी मुश्ताक रजा बरकाती की सरपरस्ती में आयोजित जलसे में प्रमाणपत्र और दस्तार (पगड़ी) प्रदान की गई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से पधारे उलमा-ए-कराम ने अपने प्रेरणादायक बयानों से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। मुफ्ती कमालुद्दीन साहब लखनवी, मौलाना डॉ. जाकिर रज़ा मिनाई (बिहार), कारी फहीम अख्तर बरेलवी, शायर सैयद हबीब अहमद, कारी जैनुद्दीन, मौलाना कुतुबुद्दीन, मौलाना रिजवान, कारी नसीम, और मुमताज आलम ने मुसलमानों को दीनी और दुनियावी तालीम के महत्व पर जोर देते हुए समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में मौलाना सैयद हस्सान बिन इस्माइली ने हाफिज-ए-कुरान बने छात्रों के सिर पर अपने हाथों से दस्तार बांधी और उनके उज्जवल भविष्य तथा देश में अमन-चैन के लिए विशेष दुआ की। इस मौके पर क्षेत्रभर से आए बड़ी संख्या में लोगों ने जलसे में शामिल हुए।

# मक्के के खेत में मिला युवती का शव

संवाददाता, रामपुर मथुरा (सीतापुर)

▶▶ **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या की पुष्टि**

**अमृत विचार :** रामपुर मथुरा क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर से किसी जरूरी कार्य के लिए निकली युवती का शव अगली सुबह गांव के पास मक्के के खेत में बरामद हुआ। युवती के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

परिजनों के अनुसार, युवती मंगलवार शाम को किसी काम से घर से निकली थी लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले तो खुद ही उसे ढूंढ़ने की कोशिश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो सुबह ग्रामीणों के साथ पुनः तलाश की गई। इसी दौरान मक्के के खेत में युवती का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। युवती के सिर, नाक, गले और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट के निशान थे। पास ही उसकी चप्पल भी पड़ी मिली, जिससे संघर्ष की आशंका और गहराई। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव व स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फारेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि युवती की हत्या की जांच कई बिंदुओं पर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### करीबियों पर हत्या का संदेह

जांच पड़ताल में पुलिस ने गुत्थी को सुलझाने के लिए कई फोन नंबर को खंगाला है। संदेह कुछ करीबियों पर है। युवती के 8 और भाई-बहन हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति खस्ताहाल बताई जा रही है। घर और घटनास्थल के बीच पचास मीटर का फासला है। ऐसे में ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि अगर परिवार के लोग ये कह रहे हैं कि रात में उसे हर जगह ढूंढा गया। तो फिर चंद कदम दूर युवती का शव उन लोगों को कैसे नहीं दिखा।






# सरायन नदी के तटबंध होंगे सुंदर

संवाददाता, सीतापुर

▶▶ **जिलाध्यक्ष ने जलशक्ति मंत्री को सौंपा मांगपत्र**

**अमृत विचार:** शहर की मोक्षदायिनी कही जाने वाली सरायन नदी के पुनर्जीवन और तटबंधों के सौंदर्यीकरण की दिशा में जल्द कार्य शुरू हो सकता है। रामपुर मथुरा क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करने आए प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने इस संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सरायन नदी शहर की आस्था और विरासत से जुड़ी हुई है, लेकिन वर्तमान समय में



सरायन नदी का बिगड़ा स्वरूप। अमृत विचार

यह नदी अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इसे पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जलशक्ति मंत्री से आग्रह किया गया है कि नदी के दोनों तटबंधों का सौंदर्यीकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरायन नदी के किनारों को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर वहां पैदल पथ, हरियाली, बैठने की व्यवस्था जैसे सुविधाएं विकसित की जाएं, जिससे यह स्थान शहरवासियों के लिए सुबह-शाम सैर और शांति का केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल शहर के पर्यावरण और सौंदर्य को निखारेगी, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगी।

# ताजिये को औसत ऊंचाई का ही बनाएं : विजयेंद्र

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** आगामी मोहर्रम को लेकर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के ताजियेदारों की एक बैठक का आयोजन किया गया।कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कहा कि आप सभी लोग शासन की मंशानुरूप ताजिये को अधिक ऊंचा न बनाकर औसत ऊंचाई का ही बनाएं, अधिक ऊंचाई होने पर दुर्घटना की संभावना होती है, उन्होंने सभी ताजियादारों से ताजिए को लेकर विवाद की जानकारी ली। कहा कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत है तो उसे अवगत करा दें। जिससे कि समय रहते उसका निस्तारण किया जा सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू, इशरत, सिद्दीक, पवन गिरी, जग्गन, फुरकान मास्टर, राज कुमार द्विवेदी, सभासद सुहेल, छोटे, रहमत अली, रवि शाक्य, शिवम अवस्थी, कलीम बीडीसी, हाजी शाबिर, नूर हसन, उस्मान, चांद आलम, आरिफ, हनीफ सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 304 शिकायतें, 42 का मौके पर निस्तारण

## समाधान दिवस

अमृत विचार,सीतापुर

**अमृत विचार:** जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने की। इस दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी



सदर तहसील में शिकायतों का निस्तारण करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

सदर अभिनव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**महोली में अवैध कब्जे का उठा मामला :** महोली में डल्लूपुर निवासी सियाराम ने शिकायत की है कि उनके मकान के सामने खाली पड़ी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। मना करने पर जान माल की धमकी मिल रही है। पुलिस में शिकायत के बावजूद हाल जस के तस हैं। लालपुर सिकटिया गांव के लोगों ने विद्युत ट्रांसफार्मर का मुद्दा उठाया।

**दबंगों ने कर लिया कब्जा, मिल रही धमकियां :** मोहल्ला अंबरसरांय निवासी अनुपम ने गाटों का हवाला देते हुए प्रार्थना पत्र दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने जबरन कब्जा कर लिया है। चक मार्ग के लिए निर्धारित भूमि पर अवैध कब्जा कर पेड़ लगा दिए हैं। शिकायतों के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### साहब ! कर्मचारी मांग रहे पैसा

**मिश्रिख।** तहसील समाधान दिवस में ग्राम पंचायत पनाहनगर के ग्राम हथिया निवासी महिला केसू पत्नी स्व. लालू प्रसाद ने शिकायत पत्र देते हुए कहा कि साहब कर्मचारी पैसे की मांग कर रहे हैं। बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन किया था। बताया कि आवास मंजूर करने को लेकर कर्मचारी पैसा मांग रहे हैं।

## 80 दिव्यांगों को मिलेंगे निशुल्क उपकरण

**लहरपुर,सीतापुर,अमृत विचार :** विकासखंड सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए दिव्यांगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में डॉक्टर आदित्य प्रताप सिंह द्वारा 80 दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया। इन्हें आवश्यक सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर बीपीएम गौरव सक्सेना, बीसीपीएम मनोज वर्मा, सहायक विकास अधिकारी ओमेंद्र वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी वरुण पटेल और एमआरडब्ल्यू महिपाल मौजूद रहे। अधिकारियों ने दिव्यांगजनों और उनके परिजनों से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।



अमृत विचार www.amritvichar.com

# आनंद का विज्ञान है योग


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देतीं। आत्महत्याएं बढ़ी हैं। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षों की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतर्राष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के 8 दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत् सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है- "ऋतम्भरा तत् प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोचने की परिभाषा बदल जाती है। श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं "दुख संयोगं वियोग योगं संज्ञिम्-दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' की बात पर जोर देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कंपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य है। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी हैं। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

# योगः परम स्वास्थ्य

भारत ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान का एक आध्यात्मिक देश है। इसका चिंतन और कर्म सदा सर्वकालिक, सर्वजनीन और वैश्विक रहा है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की कामना से भरी यहां की पूजा और प्रार्थनाएं होती है। भारत ने विश्व को योग के रूप में अनमोल और अतुलनीय उपहार दिया है। शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और आध्यात्मिक विकास में योग परम सहयोगी है। आज दुनिया के लोग इसे अपनी दिनचर्या में सम्मिलित कर रहे हैं। कोरोना-संकट में योग बहुत ही कारगर सिद्ध हुआ है।

शाश्वत चिंतन, जीवन मूल्य और वसुधैव कुटुंबकम कोई अवधारणा मात्र नहीं है बल्कि यह तो भारत का नित्य चरित्र है। इस चरित्र के निर्माण में जिन संसाधनों, तत्वों और कारकों के महत्वपूर्ण योगदान हैं उनमें योग सर्वोपरि है। योगीश्वर शिव से योगेश्वर कृष्ण तक योग के दिग्दर्शन हैं। वेद और उपनिषद से आगे बढ़ता हुआ यही योग महर्षि पतंजलि तक आते-आते कुछ बाह्य रूपाकार भी ले लेता है। उसमें आसनों का समावेश होता है। अष्टांग योग के अंतर्गत शरीर सौष्ठव से लेकर आत्मा और चेतना तक को शुद्ध, बुद्ध और प्रबुद्ध बनाने का प्रावधान सन्निहित किया गया है। यद्यपि योग का सीधा अर्थ जोड़ है मगर इसके अर्थ-विस्तार में सात्विक वृत्ति, परम सत्य, आत्मबोध और वैश्विकता का सहज प्रवेश होता है। मन और बुद्धि योग के कारण सदा सही ठिकाने पर स्थित होते हैं। जहां आसनों से शरीर निरोग रहता है वहीं योग की चरम शक्ति से चित्त समग्रतः स्वस्थ होता है। स्वस्थ तन और मन ही परिवार, समाज, परंपरा, प्रगति और विश्व को समरसता में समाहित करने की शक्ति से संपन्न होता है। महर्षि पतंजलि ने योग को आकार और विस्तार दिया। उसे व्यवहारिक स्वरूप प्रदान किया।


डॉ. संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक, मुजफ्फरपुर

अनेक ऋषियों, महर्षियों, योगियों और चिंतकों से आलोकित होता हुआ यह योग अब वैश्विक हो गया है। इसकी वैज्ञानिकता सिद्ध और सर्वमान्य है। यह और बात है कि कुछ एक धर्मबीमार तथा विचार संकीर्ण लोग इसे किसी जातिविशेष से संबद्ध कर देते हैं। जबकि खुली दृष्टि से देखा जाए तो यह सर्वधर्म और किसी न किसी रूप में सर्वजन स्वीकृत और क्रियान्वित है।

जैसे विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों से मनुष्य की कला-बुद्धि ने सरगम का संयोजन किया और संगीत की बहुविध श्रीवृद्धि होती चली गई। राग-रागिनी में ढालते हुए स्वर और सुर को अनुशासित करते हुए आत्मझंकृति पैदा करने की संगीत साधकों ने शक्ति अर्जित की। सबकुछ प्रकृति से ही प्राप्त होता है। योग भी सहज प्राप्त मनुष्य की अनमोल निधि है। मानवेतर कई प्राणियों से योगासनों का कौशल प्राप्त किया गया तो मनोयोग की साधना भी कुछेक प्राणियों से ही हासिल की गई। हम छात्रों को सीख देते हुए सजग करते हैं- 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा'। अंतर्वृत्तियों को साधने की सीख भी हमें प्रकृति से मिलती है। दिनानुदिन तेजी से कृत्रिम जीवन के अभ्यासी होने के कारण मनुष्य प्रकृति से कटता चला जा रहा है। प्रकृति को मनुष्य बुरी तरह से विकृत कर रहा है। इसका दुष्परिणाम केवल समय समय पर ही नहीं बल्कि अब तो हर समय किसी न किसी रूप में भोगना पड़ रहा है। नए-नए रोग आ रहे हैं। नएपन के दौर में हमारी परंपरा और विरासत नष्ट हो रही है। परंपरा को हम अकारण ही लीक पीटना और रूढ़िवादिता मान लेते हैं। नए रोग के इलाज में नई दवाइयों के सेवन से रोज-रोज नए विकार पैदा हो रहे हैं। हम समृद्ध परंपरा से कटकर सिर्फ सांस भरते हुए जीवन जीए चले जा रहे हैं। इस जीने में अलौकिक आनंद नहीं, एक विवशता है। योग ज्ञान और विज्ञान भर नहीं है, यह वह आलोक है जिससे सर्वलोक परमात्म दर्शन से ज्योतित होता है।

# कोबरा की एवरेस्ट तक चढ़ाईः जलवायु परिवर्तन की आहट

हिमालय की बर्फीली ऊंचाइयों पर, जहां सदियों से केवल शांति, तप और प्रकृति की पवित्रता के लिए जानी जाती थी वहां अब कोबरा जैसे विषैले सरीसृप का दिखाई देना केवल एक विचलित कर देने वाली खबर नहीं, बल्कि बदलते युग की सबसे खतरनाक चेतावनी है। यह सिर्फ एक जंगल से दूसरे जंगल तक जीवों के स्थानांतरण की घटना नहीं है, बल्कि यह धरती की जलवायु में हो रहे उस मौलिक परिवर्तन की जीवित मिसाल है, जिसे विज्ञान ने वर्षों पहले आंकड़ों में परिभाषित किया था और जिसे आज हम अपनी आंखों से घटित होते देख रहे हैं। यह चेतावनी केवल हिमालय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए है- क्योंकि जब बर्फ में सांप रेंगने लगें, तो यह समझ लेना चाहिए कि पृथ्वी की नाड़ी अब सामान्य नहीं रही।


डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

नेपाल के हिमालयी क्षेत्रों में हाल ही में ऐसी खबरें सामने आईं, जिन्होंने वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और सरकारों को समान रूप से स्तब्ध कर दिया। काठमांडू घाटी और उसके आसपास के क्षेत्रों जैसे सोखोल, गोपालेश्वर, फूलचौक, भञ्ज्याङ आदि में एक महीने के भीतर नौ राजा कोबरा और एक मोनोकल्ड कोबरा पाए गए। ये सांप केवल जीवित ही नहीं थे, बल्कि उनके अंडे और घोंसले भी उन जंगलों में मौजूद थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत थे कि वे वहां रहने के लिए उपयुक्त वातावरण पा चुके हैं। यह स्थिति सामान्य नहीं है, क्योंकि कोबरा सदैव से उष्णकटिबंधीय, समतल, और आर्द्र जलवायु वाले क्षेत्रों में पाए जाते रहे हैं। उनका हिमालय की तलहटी से होते हुए बर्फीली पहाड़ियों के करीब पहुंच जाना यह दर्शाता है कि वहां का पारिस्थितिक तंत्र अब उनके अस्तित्व के अनुकूल बनता जा रहा है।

वर्षों पहले तक जहाँ हिमालयी क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान तापमान शून्य से 10 से 15 डिग्री नीचे चला जाता था, वहां अब यह धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में हर वर्ष औसतन 0.05C की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि दिखने में बहुत कम प्रतीत हो सकती है, लेकिन उच्च पर्वतीय पारिस्थितिकी में, जहां हर एक डिग्री का प्रभाव सौ वर्षों की स्थिरता को डगमगा सकता है, वहां यह परिवर्तन अत्यंत विनाशकारी है। तापमान में यह सूक्ष्म किंतु लगातार बदलाव न केवल बर्फ के तेजी से पिघलने का कारण बन रहा है, बल्कि इससे वहां की जैव विविधता में भी अप्रत्याशित परिवर्तन हो रहे हैं। यही कारण है कि अब ऐसे जीव, जिनका वहां कभी अस्तित्व नहीं रहा, वहां पाए जाने लगे हैं।

कुछ विशेषज्ञों ने प्रारंभ में यह आशंका जताई कि ये सांप संभवतः लकड़ी, घास या अन्य मालवाहक ट्रकों के माध्यम से इन क्षेत्रों तक पहुंचे होंगे। लेकिन समस्या केवल उनके पहुंचने की नहीं है, बल्कि यह अधिक गंभीर इस कारण है कि वे वहां पर जीवित रह पा रहे हैं, सामंजस्य बना रहे हैं, और यहां तक कि प्रजनन भी कर रहे हैं। यह साबित करता है कि अब वह क्षेत्र, जो कभी ठंडे वातावरण के कारण इन जीवों के लिए प्रतिकूल था, अब धीरे-धीरे उनके लिए अनुकूल हो गया है। यह



अनुकूलता केवल एक जीव के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरी पारिस्थितिक श्रृंखला में असंतुलन का संकेत है। कोबरा जैसे शिकारी जीव यदि इन क्षेत्रों में बसने लगे, तो यह न केवल छोटे स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृपों के लिए खतरा है, बल्कि यह पारिस्थितिक स्थिरता को भी पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर सकता है।

कोबरा की यह चढ़ाई केवल नेपाल तक सीमित नहीं है। भारतीय हिमालय के क्षेत्रों से भी ऐसी रिपोर्टें सामने आ रही हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी अब उन क्षेत्रों में विषैले सर्प देखे जाने लगे हैं, जहां पहले कभी इनकी उपस्थिति की कोई संभावना नहीं थी। मुक्तेश्वर, नैनीताल, गढ़वाल, कुल्लू और सिरमौर जैसे क्षेत्रों में अब कोबरा के दिखाई देने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के उस अदृश्य जाल की गवाही देती हैं, जिसमें एक-एक कर सभी जैविक कड़ियां फंसती जा रही हैं। हिमालय, जो अब तक भारत और दक्षिण एशिया के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच था, अब खुद कमजोर होता दिख रहा है। कोबरा जैसे जीवों की ऊंचाई तक चढ़ाई केवल जीवविज्ञानियों के लिए एक शोध विषय नहीं रह गई, यह अब नीति निर्माताओं और सामान्य नागरिकों दोनों के लिए एक चेतावनी का स्वर बन चुकी है। जब हिमालय में पहले से ही ग्लेशियरों का तीव्र गति से पिघलना, असामान्य वर्षा, और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ रही हैं, तब इन विषैले जीवों का वहां दिखाई देना उस संकट को और अधिक गहरा बना देता है। यह जैविक आक्रमण नहीं है, बल्कि एक पारिस्थितिक शिफ्ट है-जो न केवल वन्यजीवों के जीवन पर असर डालेगा, बल्कि मानव जीवन, कृषि, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सीधे प्रभावित करेगा। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का रुख बदलना, दुर्लभ पक्षियों का गायब होना और अब कोबरा की चढ़ाई- ये सभी एक ही चेतावनी के अलग-अलग रूप हैं। प्रकृति अब धीरे नहीं, बल्कि स्पष्ट और तेज़ स्वर में बोल रही है। पहले यह स्वर आंकड़ों और रिपोर्टों में था, अब यह जीवन के हर पहलू में दिखने लगा है। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह बदलाव आने वाले वर्षों में और अधिक गंभीर रूप ले लेगा।

यह समय है जब जलवायु परिवर्तन को केवल 'भविष्य की समस्या' मानने की भूल से बाहर निकलना होगा। कोबरा का हिमालय तक पहुंचना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अब भविष्य नहीं, वर्तमान ही खतरे में है। यह पृथ्वी का वह संकेत है, जिसे हम अनदेखा नहीं कर सकते। यह केवल विज्ञान की चिंता नहीं, यह नैतिकता की पुकार है। यदि हम चाहते हैं कि हिमालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्फ, शांति और पवित्रता का प्रतीक बना रहे, तो हमें अभी, इसी क्षण जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# इतिहास के टुकड़े और देश प्रेम

देशप्रेम का गहरा संबंध देश को जानने से है। देश को जानने के मार्ग में मुख्य बाधाएं हैं- इतिहास की औपनिवेशिक समझ, बहिष्कारपरक राष्ट्रवाद और एकायामी आधुनिकता। आज हमारे सामने इतिहास नहीं इतिहास के टुकड़े हैं- 'फ्रैग्मेंटेड पास्ट' और सबका अपना-अपना अतीत है। कोई साझी भावना नहीं बची है, कोई साझा जीवन-लक्ष्य नहीं है। स्वाधीनता आंदोलन के दौर में अतीत लड़ रहा था, आज वह लड़ा रहा है। आनंद कुमारस्वामी एक श्रीलंकाई कला-दार्शनिक थे। उन्होंने देश के स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया था। वे रवींद्रनाथ के भी नजदीक थे। उन्होंने इतिहास से ज्यादा महत्व कला-साहित्य की परंपराओं को दिया और कहा कि इनकी रोशनी में अपने को देखो। इतिहास खंड-खंड करता है, खासकर अंग्रेजों की औपनिवेशिक धारणाओं से प्रेरित खंड-खंडवादी इतिहास, जबकि कला और साहित्य जोड़ते हैं! ऊपर से पश्चिमी आधुनिकता ने लोगों को कबंध बना दिया जिसके पास सिर नहीं है, केवल धड़ है। कुमारस्वामी किसी बिंदु पर रहस्यमय हो जाते हों, पर उन्होंने 'राष्ट्र' की यूरोपीय धारणा का विरोध किया। दरअसल भारत में राष्ट्रीयता का विकास न पश्चिमी पद्धति से हुआ न स्त्री-दलित-आदिवासियों को अलग रखकर। इसलिए भारत को भारत की दृष्टि से ही जाना जा सकता है। देशप्रेम के लिए देश को जानना पहली जरूरत है। इसके लिए 'अ-पर' की खोज करने वाले वैदिक ऋषियों, बौद्धों, जैन साधकों, प्राचीन कवियों, भक्तों-सूफियों-संतों को जानना जरूरी है। उन सभी ने 'अदर्स' को लेकर बुद्धिपरक चिंतन किया, 'अ-पर' का महत्व बताया और पर-पीड़ा को 'अधमाई' माना। उन्होंने हमेशा प्रेम को महत्व दिया जो मनुष्य संसार से आगे बढ़कर पेड़-पौधों, पर्वत-नदियों, पशु-पक्षियों बल्कि संपूर्ण पर्यावरण तक विस्तृत था- 'पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीव' (कबीर)। रामायण में जब लक्ष्मण सीता को वन में छोड़कर जाते हैं, सीता के क्रंदन के साथ संपूर्ण वन रो पड़ता है, 'रूदितं वनेपि' और रोने की आवाज कवि वाल्मीकि तक पहुंचती है। कवि हमेशा बहिष्कृत की आवाज सुनता है! प्राचीन ऋषियों-कवियों की दृष्टि में जो भारत है उसका संबंध कभी किसी छोटे राज्य या साम्राज्य से नहीं रहा है। वे 'परस्पर मिलो-परस्पर संवाद करो-साथ सोचो' (वेद) गणतंत्र (बौद्ध-दर्शन), वृंदावन के कल्पलोक (सूरदास), 'ठाढ़े सिंह चरावै गाई' की अहिंसा (कबीर), राम राज्य (तुलसी), बेगमपुरा (रैदास), भूमा लोक (शैव दर्शन) आदि का स्वप्न देखते रहे हैं। भक्त कवियों में तुलसी ने अवधी से प्रेम के बावजूद 'भारत' का नाम लिया था- 'भलि भारत भूमि' और एक जगह गंगा के साथ दक्षिण भारत की नदियों का भी उल्लेख किया था। उन सभी ने अपने-अपने 'लोकेल' से अपनी सीमा में भारत को लेकर बड़े सपने रचे। कहना न होगा कि भारत के लोगों के सपने उनकी स्मृतियों से महान है।


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

# डिजिटल भंवर में फंसे रिश्ते



पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है– जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं।

गौर से देखकर यदि कहूं तो तीन पीढ़ियों में पिता की छवि समय के साथ लगातार बदलती गई है। एक समय था जब अधिकतर पिता किसानी और मेहनत-मजदूरी से परिवार पालने वाले व्यक्ति हुआ करते थे। वे कम बोलते थे, लेकिन उनकी मेहनत की गंध पूरे घर को सुरक्षा और स्थायित्व का एहसास देती थी। उस दौर का पिता अपनी मौजूदगी से परिवार की नींव को मजबूती देता था। वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए खुद को मिटा देता था, लेकिन कभी एहसान नहीं जताता था। घर के बड़े फैसलों में उनकी अंतिम बात ही मान्य होती थी, लेकिन वह कोई तानाशाही नहीं बल्कि अनुभव का निचोड़ होती थी।

दूसरी पीढ़ी के पिता थोड़ा और बदले। अब वे खेत-खलिहान से निकलकर दफ्तरों में, फाइलों और पेंशन के चक्र में आ गए थे। वे बच्चों की फीस भरते थे, स्कूल छोड़ते थे, रिपोर्ट कार्ड देखते थे, लेकिन संवाद की गहराई अब भी सीमित थी। उस दौर में पिता का प्यार अक्सर अनुशासन के रूप में देखा जाता था। उनका जीवन कर्तव्यों में बंधा था। वे चाहते थे कि उनके बच्चे उनसे आगे निकलें, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर उन्हें रोकने-टोकने की कोशिश भी करते थे। वे अपनी भावनाओं को शब्दों में नहीं, कार्यों में व्यक्त करते थे। उनके भीतर एक संघर्ष था-परंपरा और परिवर्तन के बीच संतुलन साधने का।


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

तीसरी पीढ़ी के पिता अब स्मार्टफोन, गूगल कैलेंडर और इंस्टाग्राम के साथ जीने लगे हैं। अब वे बच्चों के 'बेस्ट फ्रेंड' बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें खुलकर बोलने की आज़ादी भी देते हैं और उनके निर्णयों में दखल देने से बचते हैं। वे कूल डैड बनना चाहते हैं जो बच्चों को गाइड करें, लेकिन कंट्रोल न करें। पर इसी कोशिश में कहीं न कहीं वह परछाईं धुंधली पड़ने लगी है, जो पिता को पिता बनाती थी। अब संवाद तो है, लेकिन गहराई कम है। सहमति तो है, पर वह अधिकार नहीं जो पहले वाली पीढ़ियों के पिता सहज रूप से रखते थे। आज के पिता बच्चों के साथ चैट करते हैं, लेकिन क्या वे उनके मन की खामोशी को सुन पाते हैं? पिता की भूमिका अब जिम्मेदारी से अधिक 'रोल' बनकर रह गई है-जिसे निभाना है, दिखाना है, शेयर करना है। भावनात्मक रूप से पिता कहीं अकेले पड़ते जा रहे हैं। पहले की पीढ़ियों में पिता चुप रहकर भी बच्चे का मन समझ लेते थे, आज के पिता बोलते हैं, पूछते हैं, लेकिन जवाबों के बीच खो जाते हैं।

समय के साथ पिता की छवि में जो बदलाव आया है, वह केवल बाहरी नहीं है। यह समाज की संरचना, परिवार के ताने-बाने और हमारी जीवनशैली में आए व्यापक परिवर्तन का परिणाम है। अब यह जरूरी हो गया है कि हम पिता को फिर से केवल जिम्मेदारी या भूमिका के दायरे से निकालकर एक भावनात्मक, मानवीय और संवेदनशील संबंध के रूप में पुनर्स्थापित करें। क्योंकि चाहे कोई भी समय हो, पिता वही होता है- जो बिना कहे सब कुछ दे देता है और बदले में सिर्फ एक मुस्कान चाहता है।

# नए टोल टैक्स भुगतान नियम से उम्मीदें

'टोल टैक्स' पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफे फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने बीते गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साक्षा की। नई नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियारत मिल पाएगी?


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है।

फास्टैग से टोल वसूली का पैसा धीरे सरकार के खजाने में जाता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक से उपयोग होती है, जिससे ग्राहक टोल भुगतान सीधे प्रीपेड या बचत खाते से आसानी से करते हैं। वित्तीय वर्ष-2024 में भारत भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपए से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो?

केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेहताशा इजाफा हुआ। जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपए का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक साल




भर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हालांकि, इसमें पेंच एक फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रु से लेकर 200 रुपए के बीच होती है। लेकिन 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रूपए ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर होगा।

योजना की एक अच्छी बात ये है। चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना और नियमित चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेसर पड़ा है। प्रत्येक दिन कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं रिपोर्ट होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है।

अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। आंकड़ों के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 1,063 टोल प्लाजा हैं जिनमें 457 टोल प्लाजा का निर्माण वर्ष 2025 में किया गया। टोल नीति केंद्र सरकार की वह इकाई है जो सबसे बड़ी कमाउ है। नई 'सुपरफास्ट फास्टैग' नीति से भी उसे ढेरों उम्मीदें हैं। टोल पॉलिसी को केंद्र सरकार राजस्व वसूली का सबसे बड़ा जनरेटर मानती ही है, तभी इसमें नित नए नियमों को जोड़ती चली जा रही है। मात्र दिल्ली-मुंबई मार्ग पर एनएच-48 के वडोदरा-भरूच खंड पर स्थित टोल प्लाजा ने पिछले 5 पांच सालों में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाकर दिए हैं। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## योगाभ्यास


भाषा विश्वविद्यालय में सूक्ष्म योग का अभ्यास करते कुलपति डॉ. अजय तनेजा व अन्य।

### भाषा विश्वविद्यालय में हुआ योग का हुआ सजीव प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रागंण में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाषा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी उनके परिवार और विद्यार्थियों के सहयोग से सभी ने मिलकर स्वास्थ्य के संदर्भ में योग को अपने जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। भाषा विवि में योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में प्रसारित किया गया।


पुनर्वास विवि में प्राणायाम का अभ्यास कराते हनुमान गढ़ी के योगाचार्य डॉ. महेश योगी।

### योग दिवस ऋषियों की थाती है : डॉ. महेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में 950 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। हनुमान गढ़ी सिद्ध पीठ अयोध्या के महंत महामंडलेश्वर योगाचार्य डॉ. महेश योगी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत के ऋषियों की थाती की है आज सम्पूर्ण वसुंधरा हमारे ऋषियों की तपस्या से अभिभूत हो रही है। कुलपति व आचार्य संजय सिंह ने कहा कि योग बहुत जरूरी हैं।


नवयुग कन्या महाविद्यालय में सूर्यनमस्कार का अभ्यास करतीं प्राचार्या डॉ. मंजुला उपाध्याय व अन्य।

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ योगनिद्रा का अभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय में लखनऊ विश्वविद्यालय के विश्व रिकॉर्ड दर्ज कराने के उद्देश्य से सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के उपस्थिति में प्रयाग आरोग्यम केंद्र की योगाचार्य ललिता, अंजलि व किरण ने प्रतिभागियों को प्राणायाम एवं योग निद्रा का अभ्यास करवाया।


नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में योगमहोत्सव में उपस्थित शिक्षिकाएं।

### नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में हुआ विशेष आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स द्वारा योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर रज़िया परवीन के निर्देशन में 40 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अजरा बानो ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और सभी को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।


एकेटीयू में योगाभ्यास करते कुलपति, शिक्षक और छात्र।

### एकेटीयू में भी किया गया सूर्य नमस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में भी सूर्यनमस्कार विश्व रिकार्ड कायम किया गया। विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध 750 से अधिक संस्थानों में सभी शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों और छात्रों ने सूर्य नमस्कार कर रिकॉर्ड बनाया। अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय सभागार में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की निर्देशन में योग प्रशिक्षक अंशु श्रीवास्तव ने सभी को सूर्य नमस्कार कराया- इसका यूटयूब के माध्यम से संबद्ध संस्थाओं में प्रसारण भी किया गया। इस दौरान विभिन्न आसन एवं प्राणायाम कराया गया। प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, रीना सिंह, केशव सिंह, आईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने हिस्सा लिया।


एनबीआरआई में योगाभ्यास करते वैज्ञानिक। अमृत विचार

### समस्त विकारों को दूर करता है योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की सीतापुर रोड शाखा पर क्रीड़ा भारती लखनऊ महानगर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ज्ञानशिला विवि एवं सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के संयुक्त तत्वाधान में योग शिक्षक आचार्य मुनेंद्र ने उपस्थित जन समूह छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को योगासन कराया। जिसमें कमलेश मिश्रा, राहुल रस्तोगी के साथ विद्यालय प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, संयुक्त निदेशक सृजन अग्रवाल, नक्षत्र अग्रवाल और सभी शाखाओं की प्रधानाचार्या, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


खुनखुन जी गर्ल्स कॉलेज में योगाभ्यास करती छात्राएं। अमृत विचार

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए किया योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया के निर्देशन में योग दिवस पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के आधार पर कार्यक्रम किया गया। छात्राओं ने 7 से 8 बजे तक योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए योग का अभ्यास किया। योग एक्सपर्ट विमल सक्सेना ने छात्राओं को योग से संबंधित विभिन्न प्राणायाम के बारे में परिचित कराया।

# कला के मंदिरों में हुआ अनुलोम, विलोम और प्राणायाम

## ललित कला अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में लगाए गए शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी में स्थित कला के मंदिरों में योग की मुद्राएं देखने को मिलीं।

अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केंद्र ने योग प्रशिक्षक डॉ. अनिल प्रकाश ने केन्द्र वीथिका में योग अभ्यास कराया। इसी अवसर पर योगाभ्यास के साथ-साथ एक पेंटिंग प्रदर्शन भी किया गया। चित्रकार अमित कुमार ने योग के समय लाइव पेन्टिंग बनाई। अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी, ललित कला कादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा, वेणुगोपाल पाराशर, राजीव प्रताप सिंह, शितांशु गुप्त मौर्य, प्रेम सागर शर्मा, शिवबालक, पूनम सिंह राठौर, उदय प्रताप एवं विकास सिंह ने योगाभ्यास किया।

गोमतीनगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और भारतीय आदर्श योग संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और विश्व संगीत दिवस पर योग समागम का आयोजन किया। अकादमी अध्यक्ष जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, अकादमी और कथक केंद्र के कर्मचारियों को योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्र ने योग क्रियाएं कराईं, यहां सूर्य नमस्कार की क्रिया भी की गई। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर उसी मंच से ईश्वर की स्तुति की गई। संगीत को योग से जोड़ते हुए कमला कांत, राहुल अवस्थी, अकादमी उपाध्यक्ष विभा सिंह तथा उस्ताद गुलशन भारती ने भजनों की प्रस्तुति दी। उनके साथ तबले पर डॉ. राजीव शुक्ला तथा डॉ. पवन तिवारी ने संगत की।

उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दो दिवसीय योग प्रशिक्षण का समापन किया गया। अकादमी सचिव शौकत अली ने कहा कि योग न सिर्फ़ हमारे जिस्म को दुरुस्त रखता है बल्कि हमारे दिल और दिमाग़ को भी ताजगी देता है। यह शिविर मीडिया समन्वयक डॉ. सीमा मोदी के मार्गदर्शन में हुआ। अकादमी में भस्त्रिका, पूरक, रेचक और कुंभक के अलावा शलभासन और श्वसन से सम्बन्धित कई आसन कराए।


उर्दू अकादमी में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार


संगीत नाटक अकादमी में योगा करते निदेशक डॉ शोभित कुमार नाहर व अन्य।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली निविदा'' आमंत्रित करते हैं:- **क्रम सं.-1,** कार्य का नामः वाराणसी सिटी में यातायात सुविधाओं के अन्तर्गत ट्रैक सम्बन्धित कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-73, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 13,91,65,361/-, बिड सिक्योरिटी (रू०में): ₹ 8,45,800/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 11-07-2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-73 दिनांक 11-07-2025 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www. ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-126
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### पर्वतीय महापरिषद ने किया योगाभ्यास

गोमतीनगर स्थित पर्वतीय महापरिषद भवन में पर्वतीय महापरिषद ने योगाभ्यास किया। योगासन एवं प्राणायाम विषय पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। जिसमें महेन्द्र सिंह रावत एवं सुदीप जोशी के मार्गदर्शन में योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी ने बताया कि योग दिवस को योगासन, प्राणायाम के प्रचार-प्रसार एवं स्वास्थ्य जागरूकता के लिए मनाना जरूरी है।


पर्वतीय महापरिषद गोमतीनगर के प्रांगण में योग करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर
पत्रांक 5551/15-1 दिनांक, कानपुर 20/06/2025
अल्पकालीन निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रभाग की विधनू रेंज स्थित करियाझाल ग्राम समाज-1, करियाझाल ग्राम समाज-2, सीढ़ी ग्राम समाज, कठारा ग्राम समाज-1, कठारा ग्राम समाज-2, कठारा ग्राम समाज-3, कठारा ग्राम समाज-4 एवं कठारा ग्राम समाज-5 में वृक्षारोपण 2025 हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 27.06.2025 तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा दिनांक 27.06.2025 के अपरान्ह 02:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री/ हॉथोहॉथ उपलब्ध करायी जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 27.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा दिनांक 24.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रय की जा सकती है।
(दिव्या)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर


योग शिविर में प्रतिभाग करते उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा व अन्य।

### स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में लगाया शिविर

अमृत विचार, लखनऊ :उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ योग शिविर का आयोजन किया गया उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने इस अवसर पर कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति की प्राचीन पद्धति है जो हमें स्वस्थ रखने में संपूर्णता प्रदान करती है। इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें सदैव योग और व्यायाम से जुड़े रहना चाहिए।


भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं के साथ सभी लोगों ने योगाभ्यास किया। आकाशवाणी लखनऊ की पूर्व कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने योगाभ्यास, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का वृहद कार्यक्रम किया। पुरातन छात्र सभा की तरफ से डॉ. सीमा भारद्वाज के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।


योगाभ्यास करते एमएलसी मुकेश शर्मा व अन्य। अमृत विचार


जानकीपुरम में ब्रह्माकुमारीज की ओर से आयोजित शिविर में योग करते लोग।

### ब्रह्माकुमारीज ने जानकीपुरम में किया योगाभ्यास

ब्रह्माकुमारीज ने जानकीपुरम में योग दिवस पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित किया। योगगुरु ब्रह्माकुमार मोहनलाल ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी, धीरज, कमल और माधौ का विशेष सहयोग रहा।


उच्च न्यायलय लखनऊ पीठ में योगाभ्यास करते वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताउरहमान मसूदी व अन्य न्यायमूर्ति, न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी व अधिवक्ता।

### अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हुआ सूर्य नमस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में 11 बार सूर्य नमस्कार और अन्य आसन किए गए। वैश्विक थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" पर आधारित वेबिनार का विषय, सद्भाव के माध्यम से संगीत और योग की लय के साथ मन, आत्मा और शरीर का परिवर्तन, जो योग के माध्यम से कल्याण के प्रति समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है।

कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग कानपुर
पत्रांक 5550/15-1 दिनांक, कानपुर 20/06/2025
अल्पकालीन निविदा सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रभाग की बिल्हौर रेंज स्थित टकटौली वन ब्लाक-1, टकटौली वन ब्लाक-2, मुडहर वन ब्लाक-1, मुडहर वन ब्लाक-2, नदिहा वन ब्लाक-1, नदिहा वन ब्लाक-2 एवं कुवंरपुर कुकरी वन ब्लाक में वृक्षारोपण 2025 हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 28.06.2025 तक आमंत्रित की जा रही है। निविदा दिनांक 28.06.2025 के अपरान्ह 02:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री / हॉथोहॉथ उपलब्ध करायी जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 28.06.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा दिनांक 25.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक क्रय की जा सकती है।
(दिव्या)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
कानपुर

### सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी में हुआ योगाभ्यास

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेंचूरियन डिफेंस एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन अनुशासित, ऊर्जा से भरपूर और प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। चेयरमैन शिशिर दीक्षित ने कहा कि योग ही वह माध्यम है जो हमें दोनों क्षेत्रों में मजबूती प्रदान करता है। मुख्य अतिथि वीर चक्र से सम्मानित कैप्टन शत्रुघ्न सिंह रहे। हम राही फाउंडेशन के संस्थापक दीपक सिंह , योग प्रशिक्षक अर्पित कुमार एवं आकांक्षा यादव मौजूद रही।

### शिया कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया महाविद्यालय में शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग गुरु सुकेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। योग गुरु ने सबसे पहले सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया उसके बाद भुजंगासन, वज्रासन, आनंद बालासन, अष्टांग नमस्कार, अधोमुख श्वशासन सहित विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के बाद महाविद्यालय के प्रबंधक सै. अब्बास मुर्तजा शम्सी ने कहा कि योग हमारे तन को स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे मन को भी स्वस्थ रखने का काम करता है इसलिए हमें अपनी दिनचर्या की शुरुआत योगचर्या के साथ ही करनी चाहिये।


केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर में योगाभ्यास करते निदेशक डॉ सर्वनारायण झा और अन्य।

### योग से महिला सशक्तिकरण का संस्कृत विवि ने दिया संदेश

योग से महिला सशक्तिकरण थीम पर आधारित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय योग दिवस पर संस्कृत, योग और भारतीय संस्कृति की वैश्विक महत्ता को रेखांकित किया। महिलाओं को सशक्त बनाने में संस्कृत, योग और प्राच्य विद्याएं महत्वपूर्ण शस्त्र है, यह समारोह में अभिप्रमाणित होता हुआ दीख रहा था। मुख्य अतिथि प्रो. आर.जी. मुरलीकृष्ण रहे। प्रो. मदन मोहन झा सारस्वत, प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, प्रो. पी.वी.बी. सुब्रह्मण्यम उपस्थित रहे। अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने की।


तितली आसन करते बीबीएयू के कुलपति व अन्य। अमृत विचार

### संस्कृति व स्वदेशी चेतना का अद्भुत समागम हुआ बीबीएयू में

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विशेष योग कार्यक्रम श्रृंखला ''योग संगम 2025'' का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। विवि कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने आयोजन समिति को बधाई एवं 'योग : चित्त की वृत्तियों का निरोध' विषय को केंद्र में रखते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### मोटर में तार लगाते समय लगा करंट, किशोर की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** सिंचाई के लिए मोटर का तार लगा रहा किशोर करंट की चपेट में आ गया। मेडिकल कालेज में उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात के डुड़ैला मजरा दानियाल गंज निवासी वीरेंद्र का 16 वर्षीय इकलौता पुत्र आनंद शनिवार को खेत की सिंचाई के लिए मोटर में लगा रहा था, तभी आनंद करंट की चपेट में आ गया। आनंद के घर वाले उसे वहां से मेडिकल कालेज ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

### भाई-बहन को बाहर भेजकर युवती ने लगाई फांसी, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** युवती ने अपने छोटे भाई-बहनों को खेलने के लिए घर के बाहर भेज दिया और कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरसा थाने के पौथेपुरवा निवासी अर्जुन पेशे से मज़दूर है। उसकी तीन बेटों व तीन बेटियों में 18 वर्षीय मालती बड़ी थी। अर्जुन 10 जून को कानपुर गया हुआ था। घर में पत्नी राजकुमारी और बच्चे थे। शुक्रवार की दोपहर राजकुमारी खेत पर गई थी। बड़ी बेटी मालती अपने छोटे भाई-बहनों के साथ घर में थी। तभी उसने छोटे भाई-बहनों को खेलने के लिए बाहर भेज दिया और खुद कमरे में फांसी लगा ली। राजकुमारी खेत से वापस लौटी और बेटी का शव लटका हुआ देखा।

### गेट में उतरे करंट की चपेट में आकर विवाहिता की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** बारिश के बीच घर का मेन गेट बंद करने गई महिला की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। माखी थानाक्षेत्र के बंदाखेड़ा गांव निवासी दीपिका (30) पत्नी श्याम प्रताप सिंह शुक्रवार देरशाम हुई बारिश के दौरान अपने घर का गेट बंद करने गई थी। तभी गेट के करीब से विद्युत केबिल के कटे होने से गेट में करंट उतर आया था। इससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गई। बच्चों ने मां को फर्श पर अचेत पड़ा देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसी पहुंचे और उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत से तीन बच्चों रौनक, रौशन व बंधन के सिर से मां का आंचल हमेशा के लिए छिन गया। पत्नी की मौत से पति भी बेहाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

## योग से नवचेतना की ओर









**लखनऊ, अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजधानी में कई जगह योग शिविर का आयोजन किया गया। राजाजीपुरम में पशिचम मंडल एक के तहत जेएस लॉन कैम्पवेल रोड में योग शिविर में योग का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व जलशक्ति मंत्री /विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह,व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक अभिषेक खरे, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पूर्व पार्षद विजय भुर्जी, पुरुषोत्तम पुरी,पार्षद शिवकुमार यादव (गुड्डू) , पार्षद रजनी विजय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील निगम आदि ने योगाभ्यास किया। वहीं जन कल्याण समिति सेक्टर 14 इंदिरा नगर में शिक्षिका शोभना श्रीवास्तव व उनकी सहयोगी ने योगाभ्यास किया। बीकेटी के प्राथमिक विद्यालय मुरलीपुरवा में भी शिक्षिकाओं ने नियमित योग का संकल्प लिया।

# हरदोई में पानी भरे गड्ढे में गिरकर तीन बच्चों की मौत

## मरने वाले दो मौसेरे व एक ममेरा भाई, मचा कोहराम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मिट्टी खनन होने से बने गड्ढे में बरसात में पानी भर गया था। शनिवार की शाम ननिहाल आए दो मौसेरे भाई अपने ममेरे भाई के साथ वहां पहुंच गए और उसी गड्ढे में गिरकर डूब गए। परिजन बच्चों को तलाश रहे थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जानकारी होने पर बच्चों को गड्ढे से निकाला गया, लेकिन तीनों की मौत हो चुकी थी।



मृतकों के रोते-बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते एसडीएम सदर सुशील मिश्रा।

बताया गया है कि 11 वर्षीय दुर्गेश पुत्र पिंटू निवासी लालपुर भैंसरी थाना टड़ियावां और पिहानी कोतवाली के चंदेली निवासी रतिराम का 10 वर्षीय पुत्र कार्तिक शुक्रवार को टड़ियावां थाने के गौराडांडा निवासी अपने मामा नरेंद्र के घर आए थे। शनिवार की शाम दोनों मौसेरे भाई कार्तिक व दुर्गेश अपने 12 वर्षीय ममेरे भाई पवनीश पुत्र नरेंद्र के साथ गांव के बाहर खेल रहे थे। तीनों गांव के बाहर पुनपुन सिंह के खेत में मिट्टी खनन से बने गड्ढे के पास पहुंचे गए। गड्ढे में पानी भरा हुआ था, उसी बीच तीनों किशोर गड्ढे में गिर गए। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजन बच्चों को तलाशने लगे। करीब डेढ़ घंटे बाद कार्तिक, दुर्गेश और पवनीश के गड्ढे में गिरने की बात पता चली। आनन-फानन में उन्हे गड्ढे से बाहर निकाला गया, लेकिन उससे पहले तीनों की मौत हो चुकी थी। हादसे की खबर सुनते ही इलाके में भगदड़ मच गई।

# सीतापुर जेल में पिता आजम खान से मिले अब्दुल्ला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर कारागार में निरुद्ध समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम ने मुलाकात की। पिता-पुत्र के बीच चहारदीवारी के अंदर पौने दो घंटा तक बातचीत हुई। जेल से बाहर निकलने के बाद अब्दुल्ला आजम ने कहा कि तबियत खराब होने की जानकारी मिलने पर वे पिता से मिले। दवाओं के अलावा खानपान का सामान दिया गया।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से शनिवार को उनके बेटे अब्दुल्ला आजम ने जिला कारागार सीतापुर में मुलाकात की। वो अपने पिता के लिए दवाइयां, दशहरी आम और खाने-पीने का सामान लेकर



सीतापुर कारागार परिसर में मौजूद अब्दुल्ला आजम।

पहुंचे थे। जेल से निकलने के बाद अब्दुल्ला आजम ने कहा, उनकी तबियत खराब रहती है। सबको पता है, अब उनकी उम्र भी हो गई है। बता दें, आजम खां अक्टूबर 2023 से सीतापुर जिला कारागार में बंद हैं। अब्दुला आजम ने पिता आजम खां से मिलने के लिए ऑनलाइन पर्ची सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी कीं। इनके साथ सपा नेता यूसुफ मलिक और अनवर हुसैन भी मौजूद रहे। पिता-पुत्र के मध्य हुई बातचीत करीब 1 घंटे 38 मिनट से अधिक रही। जेल से निकलने के बाद उन्होंने बताया कि पिता की काफी उम्र हो गई है, ऐसे में वे बीमार रहते हैं। बीमारी के चलते कई दवाएं चल रही हैं। इसे देने के लिए वे आई थी, कुछ खान-पान का सामान भी था। मुलाकात नियमतः रही, परिवार के अलावा किसी और विषयों पर बातचीत नहीं हुई। उधर, कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह का नियमतः मुलाकात नियमानुसार कराई गई, सुरक्षा के हर मानको को ध्यान में रखा गया।

**मुलाकात**

- पौने दो घंटे तक चला पिता-पुत्र के बीच बातचीत का क्रम, दो और भी थे साथ

### 29 मार्च को भी मिले थे अब्दुल्ला

जेल की इस मुलाकात से पहले अब्दुल्ला आजम इसी वर्ष 19 महीनों बाद 29 मार्च को पिता आजम खां से मिले थे। न्यायालय से जुड़े कई मामले विचाराधीन होने के कारण सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां जेल से रिहा नहीं हो सके हैं।

**जन्म प्रमाण पत्र में मिल चुकी है सजा :** आजम खां को दो जन्मप्रमाण पत्र मामले में 18 अक्टूबर 2023 को सात साल की सजा सुनाई गई थी। जिसमें डॉ. तजीन फातिमा और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां भी शामिल थे। सजा होने के बाद तीनों को अलग-अलग जेल में रखा गया था। आजम सीतापुर, अब्दुल्ला हरदोई और डॉ. तजीन फातिमा रामपुर जिला कारागार में बंद थीं। सबसे पहले डॉ. तजीन फातिमा जमानत पर जेल से बाहर आई थीं। उसके बाद फरवरी 2025 में अब्दुल्ला आजम जेल से बाहर आए थे।

### हरदोई में अंतर्जनदीय चार चोर गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** ट्रकों से डीजल चुराने वाले चार अंतर्जनदीय चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। संडीला पुलिस को यह कामयाबी इनोवा लूट की घटना की जांच पड़ताल के दौरान मिली। पुलिस के अनुसार उसे सूचना मिली कि क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे के पास पास खड़े उसके ट्रक से कुछ लोग डीजल चुरा कर इनोवा गाड़ी से भाग गए। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी। थाना अतरौली की पुलिस ने विकास सक्सेना निवासी सामतगंज सदर शाहजहांपुर, मो. आदिल निवासी सैदिक कालोनी, आशिक हुसैन निवासी मो. अहमदजई जलालनगर तथा नरेंद्र कुमार निवासी रोशन नगर शहजबान थाना सदर जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त विकास सक्सेना पर अयोध्या, शाहजहांपुर, लखीमपुर, हरदोई सहित विभिन्न जिलों में 22 मुकदमे दर्ज हैं, वहीं आशिक व नरेंद्र पर भी विभिन्न जनपदों में तीन-तीन मुकदमे दर्ज हैं।

### गैंगस्टर एक्ट के मामले में सात साल बाद बहस पूरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद के बहुचर्चित गैंगस्टर एक्ट मामले में सात वर्षों बाद बहस की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राकेश पांडेय की अदालत अब इस संवेदनशील मुकदमे में 27 जून को अपना फैसला सुनाएगी। मामले में आरोपित बल्दीराय निवासी मोहर्रम अली और कसीर की किस्मत का फैसला इसी दिन तय होगा। शासकीय अधिवक्ता सुशील सिंह के मुताबिक 20 जून 2018 को बल्दीराय थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक मोहर्रम अली और कसीर गोकशी के अवैध कारोबार में लंबे समय से लिप्त थे। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने इनके पास से अवैध तमंचा, खोखा कारतूस, लोहे का बांका, 50 किलोग्राम गोमांस, एक छूरी और तराजू बरामद किया था। पुलिस ने तफ्तीश पूरी कर दो अगस्त 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया, जिस पर 24 अक्टूबर 2018 को संज्ञान लेते हुए अदालत ने सुनवाई आरंभ की। दोनों आरोपियों पर आरोप तय करने के बाद विचारण शुरू हुआ।

### वार्ड ब्वॉय ने सीएचसी अधीक्षक को दी धमकी

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के गांव एकौनी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात वार्ड ब्वॉय से अक्सर गायब रहने की शिकायत का स्पष्टीकरण मांगना सीएचसी अधीक्षक को भारी पड़ गया। दबंग वार्ड ब्वॉय अपने दो सशस्त्र साथियों के साथ सीएचसी खीरों के अधीक्षक की ओपीडी में घुस गया। खुद को संगठन का पदाधिकारी बताते हुए गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। सीएचसी अधीक्षक ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी वार्ड ब्वॉय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# रेछ में पीड़ित परिवार से मिले बसपा प्रदेश अध्यक्ष

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार:** बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शनिवार को कलापुर मजरे रेछ गांव पहुंचे थे। उन्होंने मृतक जगजीवन पाल के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। पुलिस प्रशासन से हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर जानकारी मांगी। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सजा दिलाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने मां कामाख्या स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर महाराज बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गोमती नदी में डूब रहे पांच युवकों में से चार युवकों को जीवित निकालने पर गोताखोर अर्जुन कश्यप, कप्तान कश्यप, भैरवनाथ कश्यप व अप्पू कश्यप को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। पुराने कार्यकर्ता जगमोहन सोनकर की माता की सर्पदंश से मौत की खबर सुनकर जगमोहन सोनकर के घर जाकर ढांढस बंधाया। उनके साथ मंडल प्रभारी गया शंकर कश्यप एडवोकेट,महेन्द्र प्रताप आनन्द, रवि मौर्या, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, विधानसभा अध्यक्ष हिम्मत सिंह सरोज,राम सरन कोरी आदि थे।



मृतक के परिवार से बातचीत करते बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल व अन्य।

# रायबरेली : महिला को पीटकर मार डाला

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को खीरों क्षेत्र के कान्हामऊ में जमीन विवाद को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें एक पक्ष के दबंगों ने घात लगाकर गांव के बाहर अपने मवेशी चरा रही दलित महिला की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। खबर सुनते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कान्हामऊ निवासी माया देवी पत्नी मिश्रीलाल कुरील के घर के पास ग्राम समाज की कुछ जमीन है जिसके पास ही एक तालाब है। यह तालाब राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज नहीं है। इसी तालाब में मिट्टी डालकर माया देवी और प्रतिपक्षियों ने पाटकर कब्जा कर लिया था। इसी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विगत कई वर्षों से दोनों पक्षों में आपसी विवाद और रंजिश चल रही थी। कई बार झगड़ा भी हो चुका है। शनिवार को सुबह लगभग दस बजे माया देवी गांव से बाहर अपने मवेशी चरा रही थी। पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को उसके विपक्षियों ने घात लगाकर उसे लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। घटना की सूचना पर जब तक परिजन पहुंचते तब तक विपक्षी माया देवी को मृत समझकर भाग गए। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना देते हुए माया देवी को तत्काल सीएचसी खीरों पहुंचाया, जहां से उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गए हैं। उनके घर पर ताला लगा हुआ है। जिला अस्पताल में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस भेज दी गई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायती पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राम मंदिर में अर्चक बनने के लिए 30 तक करें आवेदन

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में बने 14 अन्य मंदिरों में भी देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होने के बाद इनमें दैनिक रूप से श्रृंगार पूजन एवं भोग की व्यवस्था को नए अर्चकों की नियुक्ति के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। अर्चकों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने वेबसाइट https://sites.google.com/view/srjbm/home जारी की है। ट्रस्ट के मुताबिक 26 से 30 जून तक इस आवेदन प्रक्रिया को स्वीकार करने के लिए वेबसाइट खोली गई है। देश में इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

2.1. अघ अथवा पाप करने वाला 2. पातकी, पापी।

3.1. (संगीत) अपने नियत स्वर या सुर से हटा हुआ 2. (व्यक्ति) जो सही स्वर में न गाता हो 3. ठीक समय पर न होने वाला, बेमौका।

4.1. अतिशय रूप देने की क्रिया 2. बढ़ा-चढ़ाकर दिया गया स्पष्टीकरण 3. परम अधिकता का भाव।

6. किसी अन्य की बराबरी करने की इच्छा

8.1. वह भूमि जिसपर सरकार का अधिकार हो, सरकारी ज़मीन 2. ऊपर से नीचे गिरने या उतरने की क्रिया या भाव 3. सामने उपस्थित होना 4. नजला नामक रोग जिसमें नाक बहती है।

9.1. फ़सल की कटाई 2. कटे हुए फ़सल के डंठल का मुट्ठा 3. बछिया।

**ऊपर से नीचे**

1. कामदेव, मदन।

2. योगसाधना में सहस्रदल कमल के मध्य स्थित चंद्रबिंदु की प्रेरणा से होने वाला एक प्रकार का स्राव जिसे अमृत

4.1. वह जो आगे बढ़कर अगवानी या स्वागत करता है 2. अगवानी 3. (परंपरा) कन्या पक्ष के वे लोग जो आगे बढ़कर बरात का स्वागत करते हैं।

5.1. कृपालु, दयालु 2. करम करने वाला 3. उदार, नेक, क्षमाशील।

7.1. लंबी विलायती घास जो मैदानों में लगाई जाती है 2. ब्रिटेन में प्रचलित एक प्रकार का सोने का सिक्का जो इक्कीस शिलिंग का होता है।



### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 1 जा | ■ |
| ■ | 2 दि | ■ | 3 अं | ज | न | क |
| ■ | 4 वां | टे | ड | ■ | का | ■ |
| 5 पो | ध | ■ | बं | ■ | री | ■ |
| ■ | ■ | 6 कं | ड | रा | ■ | 7 सो |
| 8 मू | ■ | गा | ■ | ■ | ■ | ह |
| ढ़ी | ■ | ली | ■ | 9 बु | न | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :22 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी- 23 जून 01.21 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-भरणी 05 .38 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आज आप परिवार को पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**वृष** — आज घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय व्यथित हो सकता है। अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज जॉब में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है। नई पॉलिसी में धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की सम्भावना है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** — आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज दूर होगा। समाज में आपका काफी सम्मान बढ़ने वाला है। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। कारोबार में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**सिंह** — आज आपके सुझावों से लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे। अध्यात्मिक विषयों और दर्शन को लेकर उत्साहित रहेंगे। उच्च अधिकारियों के लिये आज का दिन शान्तिदायक हो सकता है।

**कन्या** — आज शुगर के रोगियों को तनाव और अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा अत्यन्त खर्चीली और उदासीन हो सकती है। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम होंगे।

**तुला** — आज आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। वैवाहिक जीवन की उथल-पुथल शांत हो सकती है। शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज परिजनों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ेगा। लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आलोचना कर सकते हैं।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिन्ता दूर होगी। आज आप दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ मतभेद दूर होंगे।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वादा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए। अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें।

**कुंभ** — आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मीन** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती हैं। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें। आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। इसीलिए शब्दचयन में विशेष सावधानी रखें। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 8 | | 6 | | | |
| | 1 | | 4 | | | | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 9 | | 5 | | 2 | | | 8 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 1 | | 3 | | 4 |
| 2 | | | 9 | 6 | | | | 7 |
| 4 | | 6 | | | 3 | | 1 | |
| | | | | | 5 | 6 | | |

### सुडोकू - 15 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 8 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |

## एक नजर

### न्यू जलपाईगुड़ी व अमृतसर ट्रेन के ठहराव में बदलाव

**बरेली :** रेलवे प्रशासन ने नई दिल्ली स्टेशन से चलने वाली कुछ ट्रेनों के ठहराव में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब नई दिल्ली के बजाय ये ट्रेनें आनंद विहार टर्मिनल से चलेंगी या समाप्त होंगी। ट्रेन संख्या 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली पहले नई दिल्ली स्टेशन पर 12 बजे पहुंचती थी लेकिन अब 19 अगस्त से आनंद विहार टर्मिनल पर सुबह 11:55 बजे पहुंचेगी। वहीं 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी 20 अगस्त से नई दिल्ली के बजाय आनंद विहार टर्मिनल से दोपहर 3:20 बजे चलेगी। इसके अलावा 12204/12203 अमृतसर-शकूरबस्ती-शकूरबस्ती-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक के मार्ग में भी संशोधन किया गया है। अब यह ट्रेन नई दिल्ली स्टेशन के बजाय दिल्ली स्टेशन पर ठहरेगी। 12204 अब 17 अगस्त से अमृतसर से चलेगी और दिल्ली जंक्शन पर 11:05 बजे पहुंचेगी।

### टैंकर चालक ने बाइक सवारों को रौंदा, मां-बेटे की मौत

**बरेली/भमोरा :** रिश्तेदार के यहां से जन्मदिन की दावत खाकर घर लौट रहे बाइक सवार पति-पत्नी और बेटे को भमोरा थाना क्षेत्र में टैंकर ने रौंद दिया। जिसमें पत्नी और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके से भाग रहे टैंकर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीबीगंज के गांव पस्तोर निवासी जानकी प्रसाद पत्नी प्रीति (35) और बेटे प्रशांत (10) के साथ शुक्रवार को बिशारतगंज के गांव नूरपुर में अपने साढ़ू विजय पाल के घर जुड़वां बेटियों के जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए थे। वहां से दावत खाने के बाद रात 9 बजे के करीब बाइक से पत्नी और बेटे को लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे टैंकर ने बाइक के पास खड़े मां-बेटे और उन्हें बाइक समेत रौंद दिया। जिससे मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

# चलती ट्रेन में युवक की पीट पीटकर हत्या, पांच गिरफ्तार

## घटना से जुड़े तीन वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बागपत, एजेंसी



दीपक (फाइल फोटो)

▸▸ दिल्ली की एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर काम करता था दीपक

▸▸ 18 घंटे के भीतर पुलिस ने कार्रवाई कर सभी आरोपियों को पकड़ा

बागपत जिले में चलती ट्रेन में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। रेलवे पुलिस उपाधीक्षक श्वेता आशुतोष ने शनिवार को बताया कि रेलवे पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना से जुड़े तीन वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें ट्रेन के डिब्बे में मारपीट और हमलावरों के ट्रेन से कूदकर भागने के दृश्य स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं।

रेलवे पुलिस उपाधीक्षक श्वेता आशुतोष ने बताया कि यह घटना 20 जून को दिल्ली-शामली पैसेंजर ट्रेन (संख्या 74023) में रेलवे हाल्ट फखरपुर और खेकड़ा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन जब फखरपुर स्टेशन के पास पहुंची, तभी सीट को लेकर दीपक पुत्र ऋषि (38) निवासी निवासी पट्टी अहीरान, थाना खेकड़ा, जिला बागपत का दूसरे यात्री से विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि गुस्साए यात्रियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया, जिससे युवक जमीन पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल दीपक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर थाना जीआरपी बड़ौत में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

रेलवे पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इस मामले में 18 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजीव उर्फ पोनू, राहुल उर्फ बाबा, विशाल, प्रियांशू एवं सिद्धार्थ उर्फ एलिस के रूप में की गई है और ये सभी खेकड़ा थानाक्षेत्र के निवासी हैं। मामले की जांच की जा रही है और अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, मृतक के परिचितों ने बताया कि दीपक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। दीपक के परिवार में उसकी पत्नी, 12 वर्षीय एक बेटी और ढाई वर्षीय बेटा है। उन्होंने बताया कि दीपक दिल्ली के भगीरथ पैलेस स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में काम करता था और हर सप्ताहांत अपने घर आता था।

# मौलाना ने इस्लाम में सूर्य नमस्कार को बताया हराम

बरेली/संभल, एजेंसी





▸▸ मंत्री ने कहा- इससे अधिक छोटी मानसिकता वाली कोई बात नहीं हो सकती

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने शनिवार को कहा कि सूर्य नमस्कार एक तरह से सनातन धर्म, यानी हिंदुओं का तरीका है, जो इस्लाम के हिसाब से हराम है। वहीं उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने रजवी पर पलटवार करते हुए कहा कि इससे अधिक छोटी मानसिकता वाली कोई बात नहीं हो सकती।

इस बीच संभल से मिली खबर के मुताबिक योग दिवस पर संभल के विभिन्न मदरसों में भी योग किया गया, जिसमें मुस्लिम छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। योग में शामिल एक अतिथि ने कहा कि इस्लाम में योग से कोई परहेज नहीं है।

शनिवार सुबह दरगाह आला हजरत में स्थित ग्रांड मुफ्त हाउस में योग करने के बाद रजवी ने कहा, मैंने योग का समर्थन किया है, लेकिन सूर्य नमस्कार का विरोध किया है। सूर्य नमस्कार मुसलमान नहीं कर सकता। मौलाना ने कहा, हर औरत और आदमी को योग करना चाहिए। मदरसों और मस्जिदों में भी योगा होना चाहिए। मगर सूर्य नमस्कार, सूरज को देखकर सूरज को पूजना है। इस्लाम में इन तमाम चीजों की मनाही है। इस्लाम में सूरज को पूजना नाजायज है। इसलिए हमने सभी को सूर्य नमस्कार करने से मना किया है। रजवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जब मदरसों में योग दिवस मनाने का आदेश दिया तो कुछ मदरसों ने योग दिवस मनाया और ज्यादातर मदरसों ने ये कहकर विरोध किया कि योग सनातन धर्म की पहचान है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर शानदार तरीके से योग दिवस मनाएं।

इस बीच, राज्य के मंत्री राठौर ने बरेली कॉलेज के मैदान में योग करने के बाद रजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, जैसे हमारा सूर्य सत्य है, वैसे ही सूर्य नमस्कार भी सत्य है। मुस्लिम धर्म गुरुओं के सूर्य नमस्कार का विरोध करने पर उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्राणायाम है, नमाज पढ़ी जाती है और उसमें भी प्राणायाम आता है और सूर्य को महत्व देना चाहिए।

शनिवार को संभल जिले के चंदौसी के मझावली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शामिल हुए मंत्री प्रजापति ने मुस्लिम धर्म गुरुओं द्वारा सूर्य नमस्कार का विरोध करने पर उन्हें नसीहत दी। उन्होंने कहा कि प्राणायाम करना, योग करना हमारे जीवन की प्रक्रिया का एक हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि इससे तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं।

## प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में 2024 से फरार आरोपी अजय को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने बताया कि पुलिस ने मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर थानाक्षेत्र से अजय निवासी शामली को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने अजय के खिलाफ 29 फरवरी, 2024 को मामला दर्ज किया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर 10,000 रुपये का इनाम था। राज्य सरकार ने प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बाद परीक्षा को 24 फरवरी को रद्द कर दिया था और छह महीने के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया था।



प्रयागराज में भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क पर फंसे ऑटो रिक्शा को धक्का देते लोग। • एजेंसी

## जमीन के नाम पर महिला से 17.50 लाख की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एसएसपी के आदेश पर मां-बेटों समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** राजधानी की एक महिला के साथ मां-बेटे समेत चार लोगों ने जमीन के नाम पर साढ़े 17 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लखनऊ के गोमतीनगर निवासी पूनम सेन ने बताया कि 15 अप्रैल 2013 को बिथरी चैनुपर के चंदपुर बिचपुरी निवासी प्रेमवती से जमीन का इकरारनामा कराया था। यह इकरारनामा सब रजिस्ट्रार ऑफिस बरेली में रजिस्टर्ड हुआ था। उन्होंने बताया कि जमीन पर उस समय एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा था। जिसके कारण तय हुआ था कि केस खत्म होने के एक महीने के भीतर रजिस्ट्री हो जाएगी। उन्होंने इस जमीन के बदले 17.50 लाख रुपये प्रेमवती को दिए थे। आरोप है कि केस खत्म होने के बाद भी प्रेमवती ने बैनामा नहीं किया। दावा है कि प्रेमवती ने जमीन का कुछ हिस्सा पहले ही 2013 में दूसरी महिला को बेच दिया था। इसके अलावा प्रेमवती ने बाद में उसी जमीन को अपने बेटों जितेन्द्र, रामवीर और पप्पू सिंह के नाम दान कर दिया।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर दो युवकों की मौत, एक घायल

सहारनपुर, एजेंसी

▸▸ ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास से दो तमंचे बरामद, जांच जारी

सहारनपुर जिले के नकुड-सरसावा मार्ग पर टैक्ट्रर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि तीन दोस्त आयुष (20) उदित (22) और अर्णव (21) शुक्रवार देर रात बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी सरसावा रोड पर सामने से तेज गति से आ रही लकड़ी से भरी टैक्ट्रर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर लगने के बाद टैक्ट्रर चालक भागने का प्रयास कर रहा था, तभी आयुष और उदित ट्रॉली के पहिये के नीचे आकर कुचले गये, जबकि अर्णव गंभीर रूप से घायल हो गया। जैन ने बताया कि राहगीरों ने इसकी सूचना थाना सरसावा पुलिस को दी। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही थाना सरसावा पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने आयुष ओर उदित को मृत घोषित कर दिया। घायल अर्णव को उपचार के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया गया। टैक्ट्रर ट्रॉली के पास से पुलिस को दो तमंचे भी बरामद हुए है। जैन के अनुसार मामले की जांच जारी है।

## छात्र के साथ लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बरेली :** हाफिजगंज थाना पुलिस ने छात्र से बाइक और मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक बदमाश के पैर में गोली लगी है, जबकि एक मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिथरी चैनपुर के गांव पुरनापुर निवासी घायल प्रमोद उर्फ पकौड़ी और सन्नी कुमार के रूप में हुई है। हाफिजगंज थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि श्यामाचरन निवासी गांव जासपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जून की शाम एक बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर मोबाइल और बाइक लूट ली थी।

## बेटे को जहर खिलाकर महिला ने खुद भी खाया

शाहजहांपुर, एजेंसी

▸▸ महिला की मौत, बेटा अस्पताल में भर्ती

शाहजहांपुर जिले के मदनापुर थानाक्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने दो वर्षीय बेटे को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद स्वयं भी उसका सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बच्चे का उपचार किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना मदनापुर अंतर्गत दौलतपुर गांव निवासी रामा देवी (30) का पति हरियाणा में नौकरी करता है। उन्होंने बताया कि आज सुबह घर में रामा देवी का उसके परिवार की एक महिला से कुछ वाद-विवाद हो गया, जिसके बाद उसने पहले अपने दो वर्षीय बेटे निशांत को जहरीला पदार्थ खिलाया और बाद में स्वयं भी खा लिया। एसपी ने बताया कि इसके बाद पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन मां-बेटे को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मां को मृत घोषित कर दिया जबकि बच्चे को उसकी गंभीर हालत के चलते राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। द्विवेदी ने बताया कि मृत महिला का पति घर पर नहीं है और उसे बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ में घरेलू विवाद की ही जानकारी सामने आयी है।

## सवा साल से गैरहाजिर मुख्य आरक्षी निलंबित

**बरेली :** बिना सूचना दिए सवा साल से ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर सिरौली थाने में तैनात मुख्य आरक्षी कृपाल सिंह को एसएसपी अनुराग आर्य ने निलंबित कर दिया। साथ ही उसके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। मुख्य आरक्षी कृपाल सिंह को पिछले साल 12 सितंबर को केंद्रीय कारागार की सुरक्षा ड्यूटी के लिए रवाना किया गया था। 7 नवंबर को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह इज्जतनगर थाने से सिरौली के लिए रवाना हुआ, लेकिन इसके बाद उसने थाने में वापसी दर्ज नहीं कराई। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने अनुशासनहीनता और कदाचार करने पर मुख्य आरक्षी कृपाल सिंह को निलंबित कर दिया है।

## बेटों की नौकरी लगवाने का झांसा देकर रिश्तेदार ने 18 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एसएसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बेटों की नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से भांजे के साढ़ू ने करीब 18 लाख रुपये ठग लिए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव मोहरनिया निवासी जलांधर सिंह ने बताया कि उन्होंने हाल ही में लगभग 20 लाख रुपये में अपना एक प्लॉट बेचा था। इसी दौरान उनके भांजे का साढ़ू फतेहगंज पश्चिमी के घाटमपुर निवासी संजीव अपने साथी भूरे के साथ उनके घर आया। दोनों ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए उनके बेटों की बिना किसी आवेदन प्रक्रिया के सीधे रेलवे में नौकरी लगवा देने का झांसा दिया। पहले तो उन्होंने इन्कार कर दिया लेकिन दोनों ने उन्हें अपनी बातों में फंसा लिया। आरोपियों ने 18 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने अपने दोनों बेटों के सभी दस्तावेजों की प्रतियां उन्हें सौंप दीं और कुल 18 लाख रुपये घर पर संजीव और अखिलेश को दिए गए। करीब 10-12 दिन बीतने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया तो उन्होंने फोन पर जान से मारने की धमकी दी।

## उत्तराखंड

# कुमाऊं और गढ़वाल में बनेंगे स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन

## सीएम बोले-उत्तराखंड को बनाएंगे योग-वेलनेस की वैश्विक राजधानी, राज्य में योग नीति का किया शुभारंभ



गैरसैंण में योग करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भराड़ीसैंण, गैरसैंण स्थित विधानसभा परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण एवं 8 देशों के डेलिगेट्स के साथ योग किया। योग कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने योग नीति पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्य में योग नीति का औपचारिक शुभारंभ किया। एक वृक्ष, योग के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा परिसर में सेब का पौधा भी लगाया। इस दौरान घोषणा की कि सरकार शीघ्र ही प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन (आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र) की स्थापना करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, हम राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में दो नए नगर बसाने जा रहे हैं, जो योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के केंद्र बनकर वैश्विक मानचित्र पर राज्य की विशेष पहचान स्थापित करेंगे। जिसमें सम्पूर्ण विश्व से वेलनेस के क्षेत्र में काम करने वाले बड़े ग्रुप्स, आध्यात्मिक गुरुओं, संस्थानों को यहां आमंत्रित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विदेशी मेहमानों के सान्निध्य से इस आयोजन को वैश्विक पहचान मिलेगी। भराड़ीसैंण प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी होने के साथ समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र भी है। 8 मित्र राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ किया गया सामूहिक योगाभ्यास, उत्तराखंड को योग और अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

### देश की पहली योग नीति उत्तराखंड में लागू

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ योग और अध्यात्म की भूमि भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार ने देश की पहली योग नीति 2025 को राज्य में लागू किया है। योग नीति के तहत योग एवं ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध हेतु 10 लाख रुपये तक के अनुदान का प्रावधान भी किया गया है। वर्ष 2030 तक राज्य में पांच नए योग हब की स्थापना होगी और मार्च 2026 तक राज्य के सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में योग सेवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

## डीएम मैडम जो रिश्वत दे रहा, उसी के बन रहे कार्ड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ जिलाधिकारी ने डीएसओ को कार्यवाही के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** खाद्य आपूर्ति विभाग की मनमानी पर शिकंजा कसने व राशन कार्ड बनवाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने डीएम से शिकायत की। इस पर डीएम ने डीएसओ को कार्यवाही के निर्देश दिए।

राजेंद्र नगर की पार्षद प्रीती आर्या ने डीएम वंदना को ज्ञापन सौंप कर कहा कि जनता राशन कार्ड बनाने के लिए चक्कर काटती रहती है। दस्तावेजों की भारी भरकम सूची थमा दी जाती है ऐसे में लोग उन दस्तावेजों को पूरा करने के लिए चक्कर ही काटते रहते हैं। आरोप लगाया कि जो रिश्वत दे रहा है, उनका राशन कार्ड बन जाता है। यह भी कहा कि खाद्य गोदामों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा नहीं है जिस वजह से सस्ता गल्ला विक्रेता को प्रत्येक बोरे में तीन-चार किग्रा राशन कम मिलता है। इस पर डीएम वंदना ने डीएसओ को नियमानुसार कार्यवाही व शिकातयों की जांच के लिए कहा। इस दौरान हेमंत साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## उत्तराखंड में 10 और 15 जुलाई को पंचायत चुनाव

मुख्य संवाददाता, देहरादून

▸▸ राज्य में नगरीय क्षेत्रों एवं हरिद्वार को छोड़ आदर्श आचार संहिता लागू

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में पंचायत चुनाव का बिगुल बज गया है। राज्य के 12 जनपदों (हरिद्वार को छोड़कर) में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य के 12 जनपदों (हरिद्वार को छोड़कर) में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन को लेकर तय कार्यक्रम एवं आयोग की तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन दो चक्रों में संपन्न होंगे। नामांकन की प्रक्रिया 25 जून से प्रारंभ होगी। पहले चक्र में निर्धारित विकास खंडों के अंतर्गत 10 जुलाई को तथा दूसरे चक्र में निर्धारित विकास खंडों के अंतर्गत 15 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 19 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी। आयोग ने राज्य में नगरीय क्षेत्रों एवं जनपद हरिद्वार को छोड़कर आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है।



रुद्रप्रयाग जिले के केदारनाथ धाम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र में भाग लेते एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान। • एजेंसी

## नैनीताल का मौसम खुशनुमा, संख्या बढ़ी

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ नगर के अधिकांश होटल और पार्किंग स्थल रहे पैक

**अमृत विचार :** कोहरे और घने बादलों के साथ सरोवर नगरी का मौसम मनभावन बना रहा। शाम के समय हुई बारिश ने सैलानियों की सैर में व्यवधान डाल दिया। सीजन पीक पर रहा और सैलानियों की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ हैं।

नगर का मौसम शनिवार सुबह से ही ठंडक लिए सुकून महसूस करा रहा था। कोहरा रह-रह कर नगर को अपने आगोश में ले रहा था तो घने बादलों का साया मौसम को सुहावना बना रहा था। शाम 4.30 बजे तक रिमझिम बारिश की फुहारें शुरू हो गईं। ऊंची चोटियों की सैर पर गए सैलानी भीगने से खुद को नहीं बचा सके। इस बीच नगर सैर पर सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचने से नगर की रंगत में निखार नजर आया। नगर के अधिकांश होटल पैक रहे और यही हाल नगर के तमाम पार्किंग स्थलों का रहा। सरकारी व अर्द्ध सरकारी गेस्ट हाउस भी फुल हैं। वीकेंड की वजह से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।



नैनीताल में बारिश के दौरान छाता लगाकर गुजरते पर्यटक। अमृत विचार

चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, लवर्स प्वाइंट व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की आमद बनी रही। नौका विहार करने वालों का दिन में तांता लगा रहा, लेकिन शाम की बारिश ने नौकायन बाधित कर दिया। इस बीच नगर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ाई रही। नगर की सड़कों में जाम लगता रहा। जिसे दुरुस्त करने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इधर नगर के नजदीकी पर्यटन स्थलों में भी चहल पहल रही।

## एक नजर

### राज्य का दर्जा बहाली में देरी पर फारूक जाएंगे कोर्ट

**अनंतनाग।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने में अत्यधिक देरी हुई, तो उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। फारूक ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद कहा, चुनाव के बाद लोग चाहते थे कि उनके मुद्दों का तुरंत समाधान हो, लेकिन राज्य का दर्जा हमें ऐसा करने से रोक रहा है। लोगों की कई मांगें हैं जैसे कि वे चाहते हैं कि विधायक अल्ताफ कालू मंत्री बनें, लेकिन जब तक राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता, यह कैसे संभव है?

### सोनम-राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय के शिलांग की अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या में शनिवार को पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दो मुख्य आरोपियों राजा की पत्नी सोनम और राज की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई ।

### नाबालिग की पहचान को लेकर भाजपा नेता को नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) ने भाजपा नेता अमित मालवीय को नाबालिग लड़की की पहचान उजागर करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। लड़की का शव दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग स्थित उसके घर से बरामद किया गया था। भाजपा की आईटी सेल के प्रभारी मालवीय ने एक्स पोस्ट किया था कि लड़की से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से बताया भारत झुकेगा नहीं

## रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आतंकवादी हमले हुए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमले हुए तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जवानों के साथ योग किया।

राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि भारत को हजार घाव देने की उसकी नीति कभी सफल नहीं होगी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस सत्र में भाग लिया। सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर उधमपुर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनकी दूसरी यात्रा थी। उन्होंने 15 मई को कश्मीर का दौरा किया था, जिसके कुछ दिन पहले भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति जताई थी। रक्षा मंत्री ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमने पाकिस्तान को बता दिया कि भारत आतंकवाद के आगे झुकेगा और इसका जवाब बद से बदतर होगा। ऑपरेशन सिंदूर 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक का ही विस्तारित रूप है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की धरती पर कोई भी आतंकी हमला पाकिस्तान के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई करने को तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री ने इसका श्रेय योग को दिया जो क्रोध पर काबू पाने में मदद करता है, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और शक्ति को नियंत्रित करता है। सिंह ने कहा कि पहलगाम हमले की योजना सीमा पार बनाई गई थी और यह महज एक आतंकवादी घटना नहीं थी बल्कि इसका उद्देश्य भारत की सामाजिक और सांप्रदायिक एकता को बिगाड़ना था। उन्होंने कहा, हमने न केवल उनकी योजनाओं को विफल किया बल्कि जवाबी कार्रवाई भी की जिससे पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और उसके बाद ही हमने ऑपरेशन सिंदूर रोका।

### सीमा सुरक्षा और अमरनाथ यात्रा की दी गई जानकारी

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को सेना के शीर्ष अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर में मौजूदा सुरक्षा स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों, आतंकवाद रोधी अभियानों और अगले महीने शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सभी इकाइयों के कमांडिंग अफसरों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उधमपुर स्थित उत्तरी कमान मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ अंदरूनी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए की गई बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का सेना हिस्सा है।

# राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व विभाग के संरक्षक नहीं हैं। बंबई हाईकोर्ट ने एक कंपनी को 256.45 करोड़ रुपये लौटाने के न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट यह मानते हुए न्यायाधिकरण के निर्देश पर रोक नहीं लगा सकता कि बेलापुर आयुक्तालय के सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त की ओर से दायर अपील विचारणीय नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 12 जून के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि हाईकोर्ट राजस्व का संरक्षक नहीं है। शीर्ष अदालत की पीठ ने 20 जून के अपने आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया, हाईकोर्ट अपील को विचारणीय नहीं मानने और यह दर्ज करने के बाद कि रिट याचिका तथा अपील अप्रयुक्त के रूप में निपटा दी गई हैं, स्थगन का आदेश पारित नहीं कर सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश फर्म द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक रिट याचिका के साथ राजस्व विभाग की ओर से दायर अपील का भी निपटारा कर दिया है। इसने यह भी उल्लेख किया कि यह अपील केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 35जी के तहत मुंबई में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के जनवरी 2025 के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। न्यायाधिकरण ने फर्म की सेवा-कर अपील को अनुमति दी थी।

### सीमा पर योग



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय सेना के जवानों ने ऊंचे पर्वतीय इलाकों से लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों तक एकजुट होकर योगाभ्यास किया। यह वीडियो देशभक्ति और मानसिक-शारीरिक संतुलन का अद्भुत प्रतीक बना।। एजेंसी

# राहुल देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता के मेक इन इंडिया को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने किया पलटवार

भाजपा ने शनिवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे बदलाव कांग्रेस नेता को नहीं दिख रहे क्योंकि वह देश की प्रगति को कमतर आंकने में व्यस्त हैं। भाजपा का यह बयान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करने के बाद आया है।

कांग्रेस नेता ने कहा था कि मोदी को नारे देने की कला में महारत हासिल है, लेकिन कोई समाधान नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि मेक इन इंडिया पहल के बावजूद भारत में विनिर्माण रिकॉर्ड निम्न स्तर पर है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, राहुल, भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके। शायद इसलिए कि आप भारत की प्रगति को कमतर आंकने में इतने व्यस्त हैं कि आपको इस बारे में पता ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की विनिर्माण क्षमता का नवीनतम और ऐतिहासिक उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत हुई प्रगति के आंकड़ों का हवाला देते हुए आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी के विमर्श पुराने, गलत सूचना वाले और वास्तविकता से दूर हैं। उन्होंने एक्स' कहा, भारत आगे बढ़ रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आयातक से वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बन गया है। भंडारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इंजीनियरिंग निर्यात में 60% की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,000 करोड़ से अधिक का हो गया है।

### नए विचारों के बिना प्रधानमंत्री ने सरेंडर कर दिया: राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को सिर्फ असेंबल और आयात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संदर्भ में नए विचारों के बिना सरेंडर कर दिया है। राहुल ने दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप और मोबाइल की दुकान का दौरा किया। इसका वीडियो उन्होंने साझा किया।

# भारत माता विवाद पर सड़कों पर प्रदर्शन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- भारत माता की तस्वीर पर राज्यपाल आर्लेकर और एलडीएफ सरकार में तल्खी

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को लेकर भारत माता की तस्वीर पर उठे विवाद के कारण शनिवार को विरोध प्रदर्शन और तीखी बयानबाजी हुई। इससे पहले प्रदेश में सत्तारूढ़ माकपा के आधिकारिक मुखपत्र में राजभवन के खिलाफ एक कड़ा संपादकीय प्रकाशित किया गया।

राजभवन के कार्यक्रमों के दौरान भारत माता की तस्वीर प्रदर्शित करने को लेकर राज्यपाल आर्लेकर और माकपा नेतृत्व वाले एलडीएफ सरकार में तल्खी दिखी है। राज्य में सत्तारूढ़ माकपा के मुखपत्र देशाभिमानी में लिखे संपादकीय में कहा गया है कि राजभवन आरएसएस की शाखा नहीं है। राजभवन से जारी ताजा तस्वीरों के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को आयोजित योग दिवस समारोह के दौरान भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वामपंथी पार्टी के ट्रेड यूनियन संगठन सीटू (सीआईटीयू) ने राजभवन की ओर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे राजभवन को आरएसएस का केंद्र बनाने तथा संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं। छात्र संगठन एसएफआई (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) ने केरल विवि के संस्कृत कॉलेज के सामने बैनर लगाया, जिसमें लिखा था कि राजभवन आरएसएस की संपत्ति नहीं है। कोझिकोड में भाजपा की युवा शाखा, भाजयुमो ने सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी के खिलाफ काले झंडे लहराए। मंत्री ने राजभवन में भारत माता की तस्वीर लगाने के विरोध में हाल ही में कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। पुलिस ने संगठन के कार्यकर्ता को तुरंत हिरासत में ले लिया, लेकिन थोड़ी ही देर में पहुंचे एसएफआई कार्यकर्ताओं ने जिले के थाली इलाके में उसे धक्का दिया और मारपीट की।

# वायुसेना ने दान किए गए अंगों को पुणे से दिल्ली पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने रात भर के अभियान के बाद एयरलिफ्ट करके दान किए अंगों - एक लीवर और दो गुर्दे को पुणे के कमांड अस्पताल से दिल्ली के आर्मी अस्पताल में पहुंचाया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



अंगों को एक ब्रेन-डेड व्यक्ति द्वारा दान किया गया था, जो एक सेवारत सैनिक का आश्रित था। ब्रेन डेड होना उस शारीरिक अवस्था को कहते हैं, जब उसका दिमाग क्रिया और प्रतिक्रिया करना बंद कर देता है और कानूनन उसे मृत माना जाता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वायु सेना और सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं ने दान किए अंगों को एयरलिफ्ट कर कमांड अस्पताल, पुणे से दिल्ली के आर्मी अस्पताल (आर एंड आर) में पहुंचाया।

# 2029 के चुनाव में अपनी भूमिका पर बोले केंद्रीय मंत्री गडकरी- फिल्म अभी बाकी है

नागपुर, एजेंसी



- गडकरी ने कहा- पार्टी तय करेगी जिम्मेदारियां, उसे वह निभाएंगे

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को 2029 के आम चुनाव में अपनी भूमिका पर कहा कि 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील थी और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। गडकरी ने कहा कि पार्टी ही जिम्मेदारियां तय करती है और जो भी जिम्मेदारी तय हो, उसे वह निभाएंगे।

उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में जनसंख्या के कारण नहीं है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है। गडकरी ने 2014 से सत्तासीन मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## कारोबार/कृषि

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 1.39% घटा

## सरकारी आंकड़ों के अनुसार कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा

- कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 1.39 प्रतिशत घटकर 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कर संग्रह में गिरावट और ज्यादा रिफंड के कारण अग्रिम कर संग्रह नरम रहा।

आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान अग्रिम कर संग्रह मात्र 3.87% बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल में तुलनात्मक अवधि में, अग्रिम कर संग्रह में 27% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई थी। कॉरपोरेट्स द्वारा चुकाया गया अग्रिम कर 5.86% की वृद्धि के साथ 1.22 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि व्यक्तियों, एचयूएफ और फर्मों सहित गैर-कॉरपोरेट द्वारा चुकाया गया कर 2.68% की गिरावट के साथ 33,928 करोड़ रुपये रह गया। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों - जून, सितंबर, दिसंबर और मार्च में में किया जाता है।

### रिफंड जारी करने की राशि में 58% की वृद्धि

चालू वित्त वर्ष में 19 जून तक रिफंड जारी करने की राशि 58% बढ़कर 86,385 करोड़ रुपये हो गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 5 .45 लाख करोड़ रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से 4 .86% अधिक है। कुल मिलाकर, शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान लगभग 4 .59 लाख करोड़ रहा, जो 2024 में इसी अवधि में एकत्र किए गए 4 .65 लाख करोड़ से 1.39% कम है।

### कॉरपोरेट कर संग्रह में 1.73 लाख करोड़ की मंदी

एक अप्रैल से 19 जून, 2025 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह में लगभग 1.73 लाख करोड़ रुपये की मंदी देखी गई, जो पिछले साल की तुलना में 5% से अधिक की गिरावट है। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर शामिल है, 0 .7% की मामूली वृद्धि के साथ 2 .73 लाख करोड़ रुपये हो गया। इस अवधि के दौरान प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) 12 प्रतिशत बढ़कर 13,013 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सरकार ने प्रत्यक्ष कर संग्रह 25 .20 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले साल की तुलना में 12 .7 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने 19 जून तक अपने प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का 18 .21 प्रतिशत संग्रह किया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में एसटीटी से 78,000 करोड़ रुपये एकत्र करना है।

# सरकार ने सौर ऊर्जा स्थापना में तेजी को स्टार्टअप किया शुरू

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने शनिवार को 2.3 करोड़ रुपये की स्टार्टअप नवाचार चुनौती शुरू करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश में छत वाले सौर पैनल की स्थापना और नवीकरणीय ऊर्जा स्वीकार्यता में तेजी लाना है।

मंत्रालय ने कहा कि इस नवाचार चुनौती का उद्देश्य छत वाले सौर (रूफटॉप सोलर) और वितरित नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सफल समाधानों की पहचान करना और उनका समर्थन करना है। नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल के लिए कौशल विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान रूफटॉप सोलर (आरटीएस) और वितरित अक्षय ऊर्जा (डीआरई) प्रौद्योगिकियों पर अभिनव परियोजना 'स्टार्ट-अप चैलेंज' का शुभारंभ किया गया।

# डिबेंचर : सुरक्षित और स्थिर आय का स्रोत

डिबेंचर का उपयोग कंपनियां पूंजी जुटाने के लिए जारी करती हैं। यह निश्चित अवधि के लिए होता है और इस पर निवेशक को निश्चित ब्याज मिलता है। डिबेंचर में निवेश करने वाले व्यक्ति कंपनी के शेयरधारक नहीं होते, बल्कि वे कंपनी को उधार देने वाले होते हैं। निवेशक को परिपक्वता पर मूलधन लौटाया जाता है और नियमित ब्याज मिलता है। यह निवेश उनके लिए उपयुक्त है जो सुरक्षित और स्थिर आय चाहते हैं। हालांकि, इसमें कुछ जोखिम भी होते हैं जैसे डिफॉल्ट रिस्क, ब्याज दर में बदलाव आदि।



### क्या है डिबेंचर

- डिबेंचर लिखित वादा है, जिसमें कंपनी यह आश्वासन देती है कि वह एक निश्चित ब्याज दर पर तय समय में निवेशक को पैसा चुकाएगी। ये सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड हो सकते हैं, यानि कुछ डिबेंचर परिसंपत्तियों से सुरक्षित होते हैं और कुछ नहीं।

### कैसे करें निवेश

- निवेशक डिबेंचर को प्राथमिक बाजार से आईपीओ के जरिए या द्वितीयक बाजार से खरीद सकते हैं। डीमैट अकाउंट के जरिए डिबेंचर में निवेश करना होता है। रेटेड डिबेंचर (क्रिसिल, आईसीआरए जैसी एजेंसियों की ओर से रेटेड) को प्राथमिकता देना चाहिए।

### जोखिम पर भी रहे ध्यान

- **डिफॉल्ट रिस्क :** कंपनी दिवालिया हो जाए तो भुगतान नहीं हो सकता।
- **ब्याज दर :** मार्केट में ब्याज दर बढ़ने पर डिबेंचर की वैल्यू घट सकती है।
- **लिक्विडिटी रिस्क :** द्वितीयक बाजार में इन्हें बेचना कठिन हो सकता है।

### निवेशकों को लाभ

- **निश्चित आय :** डिबेंचर पर तय ब्याज मिलना।
- **जोखिम :** उच्च-रेटिंग वाले डिबेंचर सुरक्षित।
- **की सुरक्षा :** तय समय पर मूलधन मिलना।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता।

### ध्यान देने योग्य बातें

- कंपनी की क्रेडिट रेटिंग की जांच करें। निवेश की अवधि और ब्याज दर को समझें। कर और परिपक्वता विकल्प का आकलन करें।

# म्यूचुअल फंड नियमों को निवेशकों, उद्योग के लिए अधिक अनुकूल बनाने की योजना: सेबी

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) म्यूचुअल फंड नियमों की व्यापक समीक्षा कर रहा है ताकि उन्हें अधिक निवेशक-केंद्रित और उद्योग-अनुकूल बनाया जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।



सेबी के कार्यकारी निदेशक मनोज कुमार ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के 17वें म्यूचुअल फंड शिखर सम्मेलन में कहा, हम नियामक सहित सभी हितधारकों के लिए कारोबार को आसान बनाने के लिए संपूर्ण म्यूचुअल फंड नियामक ढांचे की समीक्षा कर रहे हैं। हितधारकों ने कहा कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियम सबसे लंबे हैं और निवेशकों की उभरती जरूरतों और उद्योग के नवाचारों के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए सरलीकरण की जरूरत है। कुमार ने नए नियमों के लागू होने की कोई समयसीमा बताए बिना कहा, प्रक्रिया शुरू हो गई है और जल्द ही हम प्रतिक्रिया और परामर्श प्रक्रिया के लिए मसौदा नियम लेकर आएंगे। कुमार ने भारत के प्रतिभूति बाजार को मजबूत करने के लिए नियामक के रणनीतिक खाके को रेखांकित किया, जिसमें म्यूचुअल फंड को समावेशी वित्तीय विकास और निवेशक संरक्षण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

# लॉजिस्टिक मंचों से गत वर्ष गिग भर्तियों में 92% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

पिछले साल गिग नौकरियों (ऑनलाइन मंच के लिए अस्थायी नौकरी) या फ्रीलांस (काम के आधार पर) अवसरों में सालाना आधार पर 92% की वृद्धि हुई है। भर्ती मंच वर्कइंडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि यह ई-कॉमर्स, खानपान की आपूर्ति करने वाले (फूड डिलीवरी) और राइड-हेलिंग मंचों के विस्तार से मजबूत, मांग आधारित श्रम पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है।

वर्कइंडिया के सीईओ नीलेश डूंगरवाल ने बताया, त्वरित वाणिज्य जैसी कंपनियों ने न केवल मांग पैदा की है, बल्कि उन्होंने आय के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में मान्यता दी है। कई उम्मीदवारों के लिए, विशेष रूप से छोटे शहरों में, डिलीवरी जॉब अब अस्थायी भूमिका नहीं रह गई है, बल्कि वे व्यवहार्य करियर विकल्प हैं। दिल्ली, अहमदाबाद और कोलकाता जैसे शहर लॉजिस्टिक्स नौकरियों के लिए केंद्र के रूप में उभरे हैं, जिनमें से प्रत्येक ने डिलीवरी से संबंधित नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि दर्ज की है।

# संसदीय समिति ने दालों, तिलहनों का आयात बढ़ने पर चिंता जताई, सरकार ने कहा- बढ़ रहा है उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने एक संसदीय समिति को बताया कि 10 वर्षों में दालों और खाद्य तेलों का घरेलू उत्पादन एक दशक पहले की तुलना में अधिक गति से बढ़ा है। दूसरी ओर सांसदों ने मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता पर चिंता जताई है।

कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी संसद की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में 156.6 लाख टन का आयात, खाद्य तेलों की घरेलू मांग का 56% है।



- 156.6 लाख टन का आयात खाद्य तेलों की मांग का 56%

सूत्रों ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने 20 जून की बैठक में इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों पर जोर दिया और कहा कि 2014-15 और 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55% की वृद्धि हुई है। तीसरे अग्रिम अनुमान में पिछले वित्त वर्ष में तिलहन उत्पादन 426.09 लाख टन होने का अनुमान है। इस तरह 2004-05 और 2014-15 के बीच 13% की वृद्धि हुई थी। सूत्रों ने कहा कि देश पाम तेल की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से आयात पर निर्भर है। कुछ सांसदों ने अपेक्षाकृत सस्ते खाद्य तेल से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जिक्र किया। मंत्रालय ने कहा कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता से सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का भार पड़ रहा है।

# लीड्स टेस्ट में दूसरे दिन इंग्लैंड की वापसी

## पंत के शतक से भारत के 471 रन, इंग्लैंड ने तीन विकेट पर बनाए 209 रन, बुमराह ने झटके तीनों विकेट




शतक बनाने के बाद जश्न मनाने के लिए कार्टव्हील करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

लीड्स, एजेंसी

ऋषभ पंत (134) के शानदार शतक के बावजूद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को भारत की पहली पारी 471 रन पर सिमट गई। जिसके जवाब में मेजबान टीम ने तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। दिन का खेल खत्म होने के समय ओली पोप (100 नाबाद) और हैरी ब्रूक बगैर खाता खोले क्रीज पर मौजूद थे।

इंग्लैंड के आज गिरने वाले तीनों विकेट जसप्रीत बुमराह के खाते में गए जिन्होंने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए अंग्रेज बल्लेबाजों का खासा परेशान किया। दिन के खेल के आखिरी ओवर में ब्रूक बुमराह के चौथे शिकार बनते बनते रहे गए जिन्हें मो सिराज ने लपका, मगर यह गेंद नो बॉल करार दी गई। जसप्रीत बुमराह ने जैक क्राली (4) का विकेट पारी के पहले ही ओवर में चटका कर शानदार शुरुआत की थी। मगर बाद में ओली पोप ने पहले बेन डकेट (62) और बाद में जो रूट (28) के साथ पार्टनरशिप कर इंग्लैंड को संभाल लिया। इससे पहले शुभमन गिल (147), यशस्वी जायसवाल (101) और पंत के शतक की बदौलत शनिवार को एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे भारत की पहली पारी को करारा झटका लगा जब लंच के 20 मिनट पहले एक के बाद एक मध्यक्रम के चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए।

भारत की पारी को समेटने में स्टोक्स और टोंग की भूमिका अहम रही। केएल राहुल (42) और रविंद्र जडेजा (11) के अलावा अन्य पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल रहे। करुण नायर और जसप्रीत बुमराह तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने एक-एक रन का योगदान दिया। भारत ने अपनी पहली पारी के कल के स्कोर तीन विकेट पर 359 से आगे खेलना शुरू किया और कप्तान गिल (147) के साथ ऋषभ पंत ने खेल के पहले सत्र की शुरुआत शानदार तरीके से की। दोनों बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर कई दर्शनीय शाट्स लगाए। दोनों के खेल को देख कर लग रहा था कि भारत एक विशाल स्कोर की पटकथा लिखने में सफल होगा। पंत ने इस बीच अपना अपने करियर का सातवां शतक छक्के के साथ पूरा किया। इंग्लैंड को आज पहली सफलता लंच के करीब 20 मिनट पहले मिली जब स्पिनर शोयब बशीर की गेद को उड़ाने के प्रयास में गिल डीप बैकवर्ड स्कैवयर लेग पर खड़े जोश टोंग के हाथों लपके गये।

उन्होंने अपनी शानदार शतकीय पारी में 227 गेंद खेलकर 19 चौके और एक छक्का लगाया। गिल के आउट होने के बाद करुण नायर बेन स्टोक्स की गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एक्स्ट्रा कवर पर लपके गये। पोप ने फुटबाल के गोलकीपर की तरह हवा में उछल कर उनका कैच पकड़ा। एक छोर पर खूंटा गाड़ कर अंग्रेज गेंदबाजों की धुनाई कर रहे पंत को जोश टोंग ने पगबाधा आउट किया। पंत ने डीआरएस का इस्तेमाल किया मगर गेंद विकेट पर जा रही थी। पंत ने अपनी शतकीय पारी में 12 चौके और छह छक्के जड़े। लंच से ठीक पहले भारत को सातवां झटका शार्दुल ठाकुर (1) के रूप में लगा। वह स्टोक्स का चौथा शिकार बने।



इंग्लैंड को बेन डकेट को आउट करने की जोरदार अपील करते हुए जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

### भारत पहली पारी

**471/10** (113 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 |
| करूण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 |
| शार्दुल ठाकुर का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 |
| जसप्रीत बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 |

अतिरिक्त : 31 रन, गेंदबाजी : वोक्स 24-4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

### इंग्लैंड पहली पारी

**209/3** (49 ओवर)

| | |
|---|---|
| जाक क्राउली का नायर बो बुमराह | 04 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 62 |
| ओली पोप नाबाद | 100 |
| जो रूट का नायर बो बुमराह | 28 |
| हैरी ब्रूक नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 15 रन

गेंदबाजी : बुमराह 13-2-48-3, सिराज 14-0-50-0, कृष्णा 10-0-56-0, जडेजा 9-2-25-0, ठाकुर 3-0-23-0

## एक नजर

### स्टोक्स के फैसले पर पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने जताई हैरानी



**लीड्स :** पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए। वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। वॉन ने कहा इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा।

### टिम साउथी ने बेन स्टोक्स के फैसले का किया बचाव

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया। पांच मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

### श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच वर्षा बाधित मैच रहा ड्रा

**गॉल :** श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच वर्षा बाधित पहला टेस्ट मैच शनिवार को हार जीत के फैसले के बिना खत्म हो गया। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 495 रन बनाये थे जिसके जवाब में श्रीलंका की पहली पारी 485 रन पर सिमट गयी थी। दूसरी पारी में बांग्लादेश ने छह विकेट पर 285 रन बनाये और पारी समाप्ति की घोषणा की।

# गिल के फुटवर्क से प्रभावित हुए गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

● कहा- अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो खूब रन बनाएंगे विदेश में शुभमन



इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि यदि लीड्स में मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रही तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।

कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने शतकीय पारी खेली। जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया। साथ ही कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा में विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं। विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी क्योंकि अगर वह इंग्लैंड और विदेशी परिस्थितियों में इसी तरह बल्लेबाजी करते रहे तो वह बहुत रन बनाएंगे। गांगुली ने कहा अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो उनका औसत भी 40-45 तक बढ़ जाएगा।

### भारत को पहला टेस्ट जीतना चाहिए ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलेगा

**कोलकाता, एजेंसी :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार शुरुआत के बाद जीत दर्ज करनी चाहिए क्योंकि ऐसे मौके उन्हें हर रोज नहीं मिलेंगे। भारत ने यशस्वी जायसवाल, कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों की मदद से पहली पारी में 471 रन बनाए। गांगुली को लगता है कि पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बनाने के बाद भारत 600 रन का आंकड़ा छूने की स्थिति में था। उन्होंने कहा किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हेडिंग्ले इतना सूखा रहेगा। लेकिन अगर वे (भारत) 600 रन बना लेते हैं तो गेंद को थोड़ा असमान उछाल मिलेगा। भारत को यह मैच जरूर जीतना चाहिए। उन्हें यह मौका फिर नहीं मिलेगा। लेग स्पिनर कुलदीप यादव और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। गांगुली ने कहा कि वह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप को तरजीह देते। गांगुली ने कहा, ''कुलदीप धीरे-धीरे खेलेंगे। यह एक लंबी श्रृंखला है। मैं अर्श को खिलाता क्योंकि उनका कोण अलग है (बाएं हाथ का गेंदबाज होने के कारण)।

# सर्वाधिक टेस्ट शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बने पंत, धोनी को पछाड़ा

लीड्स, एजेंसी

● ऋषभ पंत के सात टेस्ट शतक हो गए, जबकि धोनी ने लगाए हैं छह शतक

ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कैरियर का सातवां टेस्ट शतक लगाकर महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इस उपलब्धि के लिए महान बल्लेबाजों सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर ने पंत की सराहना की।

पंत ने भारतीय पारी के सौवें ओवर की पहली गेंद पर शोएब बशीर को छक्का लगाकर इस आंकड़े को छुआ। यह सितंबर 2024 के बाद उनका पहला शतक है जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाये थे। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाए, जिसमें छह शतक और 33 अर्धशतक शामिल हैं। पंत ने इस पारी के साथ ही 3000 टेस्ट रन भी पूरे किए। वह 44 टेस्ट में करीब 44 की औसत से 15 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। इस सूची में तीसरा नाम रिधिमान साहा का है जिन्होंने दो शतक लगाये हैं। सैयद किरमानी और फारूख इंजीनियर ने भी दो दो टेस्ट शतक लगाये हैं। जबकि नयन मोंगिया के नाम एक टेस्ट शतक है। पंत के प्रयास की तेंदुलकर ने सराहना की और उनके पैडल स्वीप खेलने को समझदारी भरा कदम बताया।

तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा ऋषभ अचानक पैडल स्वीप नहीं खेलने लगा। उसने यह जानबूझकर किया और काफी चतुराई भरा कदम था। इससे वह गेंद के नीचे आया गया और इसे नियंत्रण के साथ लेग स्लिप के ऊपर से स्कूप कर पाया।

तेंदुलकर ने चौथे विकेट की 209 रन की साझेदारी के दौरान पंत और गिल द्वारा बशीर के खिलाफ अपनाई गई मनोवैज्ञानिक रणनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बशीर के स्पेल के दौरान एक और दिलचस्प बात देखने को मिली। शुभमन और ऋषभ गेंदों के बीच में जोर-जोर से हिंदी बोल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा यह सिर्फ सामान्य बातचीत नहीं थी। वे गेंदबाज के साथ दिमागी खेल खेल रहे थे। ये छोटी-छोटी बातें स्कोरबोर्ड पर नहीं दिख सकती लेकिन इनका खेल पर काफी असर हो सकता है।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

**बर्लिन, एजेंसी :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया।



सबालेंका अंतिम सेट के टाइब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंड्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।

# महिला पहलवानों ने अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में खिताब जीता

**वुंग ताऊ (वियतनाम) :** भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

## जीत की जंग



ग्रेट ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल (बीच में) और केन्या की नेली चेपचिरचिर (दूसरी बाईं ओर) पेरिस के स्टेड चार्लेटी में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

# नीरज ने जीता पेरिस डायमंड लीग का खिताब

पेरिस, एजेंसी

● 88.16 मीटर का थ्रो कर जूलियन वेबर को पछाड़ा

● नीरज चेक वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर के साथ ले रहे हैं प्रशिक्षण

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की कोशिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए।




उन्होंने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा, हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी है मकसद : चोपड़ा

नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

# पुरुष हॉकी टीम की लगातार सातवीं हार

**एंटवर्प :** भारतीय टीम का एफआईएच पुरुष प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी है और अब बेल्जियम ने उसे 6-3 से हराया। ये उसकी लगातार सातवीं हार है।

आर्थर वान डोरेन ने पहले ही मिनट में गोल करके दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम को बढ़त दिला दी। इसके बाद 28वें मिनट में अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने एक और गोल करके यह बढ़त 2-0 की कर दी। दिलप्रीत सिंह ने 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिए पहला गोल किया और 38वें मिनट में मनदीप सिंह के फील्ड गोल पर भारत ने बराबरी की। भारत का डिफेंस लेकिन चौथे और आखिरी क्वार्टर में चरमरा गया जब बेल्जियम के लिये रोमन डुवेकोट (49वां), थिब्यू स्टोकब्रोएक्स (53वां) और वान डोरेन (54वां) ने फील्ड गोल करके स्कोर 5-2 कर दिया। अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर भारत के लिए तीसरा गोल किया पर इसके तीन मिनट बाद टॉम बून ने छठवां गोल दाग दिया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी



एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।

# पूरी दुनिया ने उत्साह से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## संरा मुख्यालय में आयोजित समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, अधिकारियों ने की शिरकत

न्यूयॉर्क/बीजिंग, एजेंसी

न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक टाइम्स स्क्वायर से लेकर कैनबरा के पुराने संसद भवन तक और प्रसिद्ध मॉस्को मेट्रो से लेकर रियाद के प्रिंस फैसल बिन फहद स्टेडियम तक, दुनिया भर में हजारों लोगों ने उत्साह के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ योग दिवस मनाया गया।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम की मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने की। संयुक्त राष्ट्र में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पी हरीश ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रस्तुत किए गए 'वसुधैव कुटुंबकम' के दृष्टिकोण पर आधारित है।

इससे पूर्व न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। योग के प्रति अपनी रुचि के लिए प्रसिद्ध 76 वर्षीय चार्ल्स ने अपने संदेश में कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।



लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित योग सत्र में हिस्सा लेते लोग।

चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है। बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## एक नजर

### नोट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में जाली भारतीय मुद्रा बनाने वाले एक गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ करके सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक (गोहलपुर) सुनील नेमा ने संवाददाताओं को बताया कि अधारताल इलाके में एक मकान पर छापेमारी के बाद 18 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए।

### ट्रंप प्रशासन को फलस्तीन समर्थक के रिहाई के आदेश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था।

### नाइजीरिया के रेस्तरां में आत्मघाती हमला, 10 की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो स्थित रेस्तरां में हुए एक आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता नहूम दासो ने समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि कोनडुगा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात यह विस्फोट हुआ था। कोनडुगा निवासी इस्माइल अहमद ने बताया कि भारी बारिश के कारण आत्मघाती हमलावर किसी की नजर में नहीं आया। कोनडुगा बोर्नो राज्य की राजधानी माइदुगुरी से लगभग 30 किमी दूर है।

### ईरान के बारे में गबार्ड की राय गलत थी: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की पूर्व में व्यक्त की गई इस राय को गलत बताया है कि अमेरिका के विचार में ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। शुक्रवार को अपनी सुपर पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के लिए धन जुटाने के वास्ते न्यूजर्सी पहुंचने पर ट्रंप से मार्च में कांग्रेस को दिए गए गबार्ड के बयान के बारे में पूछा गया। दरअसल गबार्ड ने तब कहा था कि अमेरिकी जासूसी एजेंसियों का मानना है कि ईरान परमाणु हथियारों पर काम नहीं कर रहा है।

# ईरान के परमाणु अनुसंधान केंद्र पर हमला

## तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत, ईरानी और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने बीती रात ईरान की परमाणु अनुसंधान सुविधा पर हमला किया और निशाना बनाकर किए गए हमलों में तीन वरिष्ठ ईरानी कमांडरों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। शनिवार सुबह इस्फहान में एक पर्वत के निकट इलाके से धुआं उठता दिखाई दिया, जहां एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने दो बार परमाणु अनुसंधन सुविधा पर हमला किया।

इजराइली सेना के एक अधिकारी के अनुसार निशाने पर दो सेंट्रिफ्यूज उत्पादन स्थल थे। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को तहस-नहस करने के इजराइल के लक्ष्य के तहत 24 घंटे में इस्फहान में हुआ यह दूसरा हमला था। इस्फहान प्रांत के सुरक्षा मामलों के डिप्टी गवर्नर अकबर सालेही ने पुष्टि की कि इजराइली हमलों में सुविधा को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ। ईरान ने एक बार फिर इजराइल पर ड्रोन और मिसाइल दागे, लेकिन तत्काल कोई महत्वपूर्ण नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। इजराइल की डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि उत्तरी इजराइल में दो मंजिला इमारत पर एक ईरान ड्रोन गिरा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इस बीच दोनों देशों के दरमियान तनाव कम करने के उद्देश्य से स्विटजरलैंड के जेनेवा में घंटों चली कूटनीतिक वार्ता बेनतीजा रही।

यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यदि हमले बंद हो जाएं और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए तो ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है। वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष में अमेरिकी सेना की सक्रिय भागीदारी पर विचार कर रहे हैं, जिसके बारे में अरागची ने शनिवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अरागची ने कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए बहुत खतरनाक होगा। इजराइल ने 13 जून को ईरान परमाणु और सैन्य ठिकानों, शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान की ओर से हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ गया था।



इजराइली हमले में ईरान की न्यूक्लियर साइंटिस्ट पर विस्फाट के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका युद्ध में उतरा तो सभी के लिए खतरनाक होगा: ईरान

**तेल अवीव।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर अमेरिका इजराइल के साथ युद्ध में सक्रिय रूप से शामिल होता है तो यह सभी के लिए बेहद खतरनाक होगा। ट्रंप अमेरिकी सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने इसी संदर्भ में कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा। अराघची ने यह बात जिनेवा से वार्ता के बाद लौटते समय इस्तांबुल में पत्रकारों से बातचीत में कही। अराघची ने कहा कि वह आगे की बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इजराइल की ओर से हमले जारी रहने के बीच तेहरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

### इजराइली हवाई हमले में नसरल्लाह के अंगरक्षक की मौत: हिजबुल्ला

**दुबई।** ईरान पर हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला के दिवंगत नेता हसन नसरल्लाह की सुरक्षा के प्रमुख रहे अबू अली खलील भी मारा गया। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने बताया कि अबू अली खलील, जिसे अबू अली जवाद के नाम से जाना जाता है, की हत्या पड़ोसी इराक से ईरान जाने के बाद की गई। कई सालों तक अबू अली को नसरल्लाह के अधिकतर सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनके पीछे देखा जाता था। सितंबर में बेरूत के एक उपनगर में इजराइली हवाई हमले में नसरल्लाह के मारे जाने के बाद, उनके अंगरक्षक को बेरूत में उनकी कब्र की देखभाल का जिम्मा सौंपा गया। हिजबुल्ला अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि अबू अली की मौत शनिवार सुबह हुई।

### बंकर में छिप कर गुजारा कर रहे खामनेई तीन उत्तराधिकारियों को किया नामित



**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई बंकर में छिपकर समय काट रहे हैं। उन्होंने अपनी हत्या की स्थिति में तीन वरिष्ठ मौलवियों को नामित किया है जो उत्तराधिकारियों बन सकते है। इनमें अलीरेजा अराफी अली असगर हेजाजी, हासिम हुसैनी बुशहरी, अली अकबर वेलायती के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई इस समय एक गहरे बंकर में छिपे हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने आसपास के सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी उनकी लोकेशन को ट्रैक न कर सके।

# ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 517 भारतीय नागरिकों को लाया गया स्वदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की।

इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को स्वदेश ले आया है। भारत ने विशेष विमान से छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत 290 भारतीय नागरिकों को ईरान से निकाला है। यह विमान 20 जून को रात साढ़े 11 बजे नई दिल्ली पहुंचा और सचिव (सीपीवी और ओआईए) अरुण चटर्जी ने वापस लौटे लोगों का स्वागत किया। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने तुर्कमेनिस्तान से आए एक निकासी विमान के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंधु जारी है। ईरान से भारतीयों को लेकर रवाना हुआ विशेष निकासी विमान बीती रात तीन बजे तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से नयी दिल्ली पहुंचा। इसके साथ ही, ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं।



भारत लौटने के बाद परिजन के साथ छात्रा।

### ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है भारत

**तेहरान।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच, भारत ईरान से अपने सभी नागरिकों को निकाल रहा है। यहां स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आपातकालीन संपर्क नंबर और एक टेलीग्राम चैनल का लिंक प्रदान किया। पोस्ट में कहा गया है कि भारतीय दूतावास ईरान से सभी भारतीय नागरिकों को निकाल रहा है।

# भारत में जब्त दोहरे उपयोग वाले उपकरण का संबंध पाकिस्तानी रक्षा एजेंसी से : एफएटीएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय जांचकर्ताओं ने 2020 में जब्त जहाज पर लदी वस्तुओं को ऑटोक्लेव के रूप में प्रमाणित किया

भारत द्वारा 2020 में पाकिस्तान जाने वाले एक व्यापारिक जहाज से जब्त किया गया दोहरे उपयोग वाला उपकरण इस्लामाबाद के मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित राष्ट्रीय विकास परिसर से जुड़ा है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की एक नयी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

बहुपक्षीय वित्तीय निगरानी संस्था की एक रिपोर्ट में मिसाइल विकसित करने में इस्तेमाल होने वाले दोहरे उपयोग वाले उपकरण को भारत द्वारा जब्त किए जाने का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट में इस मामले को समुद्री और नौवहन क्षेत्रों के दुरुपयोग से संबंधित एक धारा के तहत सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें दोहरे उपयोग वाले उपकरणों सहित कई प्रकार की वस्तुओं का परिवहन शामिल है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है, वर्ष 2020 में, भारतीय सीमा शुल्क अधिकारियों ने पाकिस्तान जाने वाले एक जहाज को जब्त कर लिया। जांच के दौरान, भारतीय अधिकारियों ने पुष्टि की कि दस्तावेजों में जहाज पर लदे दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं के संबंध में गलत घोषणा की गई थी।



रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय जांचकर्ताओं ने जहाज पर लदी वस्तुओं को 'ऑटोक्लेव' के रूप में प्रमाणित किया है, जिसका उपयोग संवेदनशील उच्च ऊर्जा सामग्री और मिसाइल की मोटर में रासायनिक कोटिंग के लिए किया जाता है। एफएटीएफ ने कहा कि विभिन्न प्राधिकरणों से औपचारिक अनुमोदन के बिना 'आटोक्लेव' जैसे उपकरणों का निर्यात मौजूदा कानून का उल्लंघन है।

### ब्राजील में हॉट एयर बैलून में आग लगने से 8 की मौत, 13 घायल

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य सांता कैटरीना में शनिवार को एक हॉट एयर बैलून में आग लगने से यह नीचे गिर गया, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय समाचार आउटलेट जी1 द्वारा साझा की गई वीडियो में 'हॉट एयर बैलून' आग की लपटों से घिरा हुआ और जमीन की ओर गिरता हुआ नजर आ रहा है तथा इससे धुएं का गुबार भी उठ रहा है। सांता कैटरीना के सैन्य अग्निशमन दल ने बताया कि इस हादसे में 13 लोग बच गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। 'हॉट एयर बैलून' में चालक सहित 21 लोग सवार थे।

# भारत-पाकिस्तान युद्ध रोकने के लिए मुझे नोबेल पुरस्कार नहीं मिलेगा : ट्रंप

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने या रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान संघर्षों में उनके प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, मैं चाहे कुछ भी करूं, लेकिन मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। राष्ट्रपति ने अपने पोस्ट की शुरुआत इस बात से की कि उन्हें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि वह विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष रोकने के वास्ते एक अद्भुत संधि करा रहे हैं। इस संघर्ष को अन्य युद्धों की तुलना में कहीं अधिक हिंसक रक्तपात और मौतों के लिए जाना जाता है और दशकों तक यह जारी रहा। ट्रंप ने इस बात का उल्लेख किया कि रवांडा और कांगो के प्रतिनिधि इस संबंध में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को वाशिंगटन में होंगे। उन्होंने इसे अफ्रीका के लिए और पूरी दुनिया के लिए एक महान दिन बताया। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उन्हें उनके किसी भी प्रयास के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।



- ट्रंप का झलका दर्द, कहा- मैं चाहे कुछ भी करूं, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा

### ट्रंप को नोबेल के लिए नामांकित करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने हाल में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान अपने निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की औपचारिक रूप से सिफारिश करने का फैसला किया है।

# 16 अरब लॉगइन लीक, एपल-गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों को खतरा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- साइबर सुरक्षा संस्थान साइबर न्यूज के शोधकर्ताओं ने दी जानकारी

साइबर सुरक्षा संस्थान साइबरन्यूज के शोधकर्ताओं का कहना है कि अरबों की संख्या में लॉग-इन क्रेडेंशियल लीक होने के बाद ऑनलाइन डेटासेट में संकलित हो गए हैं, जिससे अपराधियों को हर दिन उपयोग किए जाने वाले उपयोगकर्ताओं के खातों तक अभूतपूर्व पहुंच मिल गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने हाल ही में 30 डेटासेट का पता लगा है, जिनमें से प्रत्येक में बड़ी संख्या में लॉग-इन जानकारी दी गई है। कुल मिलाकर 16 अरब से अधिक लॉग-इन जानकारियां लीक हुई हैं, जिनमें गूगल, फेसबुक और एप्पल समेत कई लोकप्रिय प्लेटफॉर्म के उपयोगकर्ताओं के पासवर्ड शामिल हैं। यह संख्या दुनिया की आबादी की तुलना में लगभग दोगुनी है, जिससे संकेत मिलता है कि प्रभावित उपभोक्ताओं के एक से अधिक खातों की जानकारी ली गई होगी। लीक होने की सूचना किसी एक स्रोत से नहीं आई है। यानी ऐसा नहीं है कि किसी एक कंपनी को निशाना बनाकर जानकारी लीक गई हो। अलग-अलग समय पर डेटा चुराया गया और फिर संकलित करके सार्वजनिक रूप से लीक किया गया। साइबरन्यूज ने कहा कि कई तरह के इन्फोस्टीलर्स इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं।




तैयारी — ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग का आह्वान किया

# ग्लोबल साउथ को मुख्यधारा में लाना प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

रियो डी जेनेरियो में अगले महीने होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले, समूह के प्रमुख सदस्य देशों के राजनयिकों ने आतंकवाद से निपटने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया और ग्लोबल साउथ के हितों और आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की आक्रामक शुल्क नीति के बीच राजदूतों ने अंतर-ब्रिक्स व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के विस्तार का भी समर्थन किया और आर्थिक मुद्दों पर गहन सहयोग की वकालत की। वित्तीय समावेशन के तहत भारत ने ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों की समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने में समूह के अहम महत्व पर जोर दिया और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्रा के अधिक उपयोग की वकालत की। प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के इस शहर की यात्रा कर सकते हैं। भारत के ब्रिक्स शेरपा और विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कहा, ब्रिक्स को एकजुट होकर काम करना होगा और ग्लोबल साउथ के लिए समाधान खोजना होगा।

इसके लिए प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और भविष्य में उन मुद्दों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता है। रवि ने ब्रिक्स' को विकास मंच और भू-राजनीतिक शक्ति दोनों के रूप में आकार देने में भारत की बढ़ती हिस्सेदारी पर प्रकाश डाला।



### रियो में ब्रिक्स, विश्व व्यवस्था सम्मेलन का आयोजन

रियो में ब्रिक्स : एक समावेशी और टिकाऊ विश्व व्यवस्था को आकार देना' नामक सम्मेलन को भरतीय विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) रवि ने संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन भारत में ब्राजील दूतावास और वैश्विक मामलों पर केंद्रित एक प्रमुख थिंक टैंक सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। ब्राजील के राजदूत, रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव, इंडोनेशिया की राजदूत इना और मिस्र के राजदूत कामेल ने सम्मेलन में भाग लिया।

# हमें हर समय सुगमता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी



- पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री ने की टिप्पणी

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि भारत को पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों के मामले में हर समय सुगमता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बिना अधिक विवरण साझा किए जयशंकर ने कहा, आखिरकार, हमारे प्रत्येक पड़ोसी को यह समझना चाहिए कि भारत के साथ काम करने से आपको लाभ होगा और भारत के साथ काम न करने की एक कीमत चुकानी पड़ेगी।

विदेश मंत्री ने एक संवाद सत्र में कहा, कुछ लोगों को इसे समझने में अधिक समय लगता है, जबकि कुछ लोग इसे बेहतर समझते हैं। बेशक इसका एक अपवाद पाकिस्तान है, क्योंकि उसने अपनी पहचान सेना के तहत परिभाषित की है और उसमें शत्रुता का भाव है। इसलिए यदि आप पाकिस्तान को एक तरफ रख दें, तो यह तर्क हर जगह लागू होगा। जयशंकर ने शनिवार रात अपने 'एक्स' हैंडल पर लगभग एक घंटे की बातचीत का लिंक साझा किया। पिछले 11 वर्षों में अमेरिका और चीन के रुख पर जयशंकर ने कहा, जहां तक अमेरिका का सवाल है, हां, उसके बारे में अंदाजा लगाना मुश्किल है। यदि आपको चीन के सामने खड़ा होना है, तो हम काफी कठिन दौर से गुजर चुके हैं, इसलिए क्षमताओं को बेहतर बनाना महत्वपूर्ण है। पिछले 11 वर्षों में पड़ोसी देशों से प्रगाढ़ता आई है।